

■ वित्त मंत्री सीतारमण बोलीं-संकट से प्रभावितों को समर्थन देने के लिए वित्तीय गुंजाइश -12




■ इंडियन ऑयल ने कहा- 4.88 करोड़ उपभोक्ताओं तक पहुंच रही एलपीजी -12



■ भारतीय उच्चायुक्त ने कहा-बांग्लादेश के साथ अपने संबंधों को फिर मजबूत करेगा भारत -13



■ आईपीएल में राजस्थान की आक्रामकता से सतर्क रहना होगा मुंबई को -14


आज का मौसम
33.0° अधिकतम तापमान
17.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.55
सूर्यास्त 06.28

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| अयोध्या |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर
■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

बैशाख कृष्ण पक्ष पंचमी 04:34 उपरांत षष्ठी विक्रम संवत 2083

मंगलवार, 7 अप्रैल 2026, वर्ष 4, अंक 230, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


## यूसीसी, एक राष्ट्र-एक चुनाव अगला लक्ष्य

### भाजपा के 47वें स्थापना दिवस पर प्रधानमंत्री मोदी बोले- पार्टी के इन दो प्रमुख एजेंडों में सकारात्मक प्रगति हुई

नई दिल्ली, एजेंसी



- कार्यक्रम को डिजिटल तरीके से मोदी ने किया संबोधित, कहा- हमने 1994 में उठाया था महिला आरक्षण का मुद्दा
- बोले- भाजपा कार्यकर्ताओं ने आपातकाल जैसी कई कठिनाइयों को सहा और कांग्रेस शासन में उत्पीड़न को झेला

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को समान नागरिक संहिता और एक राष्ट्र, एक चुनाव को भाजपा के दो अधूरे एजेंडे बताते हुए कहा कि इन पर गंभीर विचार-विमर्श हो रहा है तथा सकारात्मक दिशा में प्रगति हुई है। भाजपा के 47वें स्थापना दिवस पर एक कार्यक्रम को डिजिटल तरीके से संबोधित करते हुए, मोदी ने कहा कि पहली बार भाजपा ने 1994 में महिला आरक्षण का मुद्दा उठाया था, जबकि मौजूदा भाजपा नीत केंद्र सरकार महिला आरक्षण अधिनियम को 2029 के आम चुनाव में लागू करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है, जिसके तहत लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण होगा।

प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर भी निशाना साधा और कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने आपातकाल जैसी कई कठिनाइयों को सहा और कांग्रेस के शासन में उत्पीड़न का सामना किया है। उन्होंने कहा कि कई भाजपा कार्यकर्ताओं ने तो अपनी जान भी कुर्बान कर दी, जैसा कि बंगाल और केरल जैसे राज्यों में देखा गया, जहां हिंसा को एक राजनीतिक संस्कृति बना दिया गया है। कहा कि हमारा मिशन अभी जारी है। समान नागरिक संहिता, एक राष्ट्र, एक चुनाव और अन्य मुद्दों पर देश में गंभीर चर्चाएं चल रही हैं और हम इन पर सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। भाजपा देश को विकसित और आत्मनिर्भर बनाना चाहती है और इस दिशा में बढ़ती रहेगी। एक राष्ट्र, एक चुनाव प्रणाली में विधानसभा व लोकसभा के चुनाव एक साथ कराने का प्रस्ताव है। यूसीसी का उद्देश्य पूरे देश में विवाह, गोद लेने आदि के संबंध में सभी के लिए एक समान कानून बनाना है। मोदी ने कहा कि देश जानता है कि भाजपा हर चुनौती का सामना करने के लिए पूरी ईमानदारी से प्रयास कर रही है और ऐसा करती रहेगी, पहले भी सकारात्मक परिणाम मिले हैं, और भविष्य में भी मिलेंगे। ब्रिटिश काल के सैकड़ों काले कानूनों को खत्म करना, लोकतंत्र के लिए एक नए संसद भवन का निर्माण, सामान्य वर्ग के गरीबों के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण, तीन तलाक पर प्रतिबंध लगाने वाला कानून, नागरिकता संशोधन अधिनियम, अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण ऐसे अनगिनत काम हैं जो भाजपा के ईमानदार प्रयासों का परिणाम हैं।

### भाजपा ही एकमात्र ऐसी राजनीतिक पार्टी जिसे कार्यकर्ता मानते हैं अपनी मां : प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी राजनीतिक पार्टी है, जहां कार्यकर्ता पार्टी को अपनी मां मानते हैं। मोदी ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा और आतंकवाद जैसे मुद्दों पर भाजपा का सतत रुख रहा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विशाल और पवित्र वटवृक्ष की छाया में भाजपा सद्भाव और ईमानदारी के साथ राजनीति करने के लिए प्रेरित हुई। उन्होंने कहा कि पार्टी 1984 को नहीं भूल सकती, जब कांग्रेस बड़ी संख्या में सीट जीती थीं, लेकिन देश ने यह भी देखा कि उन्होंने लोगों को कैसे धोखा दिया। भाजपा की स्थापना छह अप्रैल, 1980 को हुई थी।

## देश-समाज के लिए जीता है भाजपा कार्यकर्ताः मुख्यमंत्री



गोरखपुर में पार्टी के झंडा और कार्यकर्ताओं के साथ सेल्फी लेते मुख्यमंत्री योगी।

- स्थापना दिवस पर गोरखपुर में गरजे सीएम, राष्ट्र प्रथम को बताया मूल मंत्र
- संस्थापकों के आदर्शों और कार्यकर्ताओं के समर्पण से बनी विश्व की बड़ी पार्टी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/गोरखपुर

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता अपने लिए नहीं, बल्कि राष्ट्र और समाज के लिए जीता है। जनसंघ काल से चली आ रही राष्ट्र प्रथम की भावना ही भाजपा की असली ताकत है, जिसने उसे आज दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनाया है।

मुख्यमंत्री गोरखपुर के मानसरोवर रामलीला मैदान में भाजपा के 47वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा की यात्रा सत्ता की नहीं, बल्कि सेवा, संस्कार और समर्पण की यात्रा है। यही कारण है कि पार्टी आज देश की विकास यात्रा का नेतृत्व कर रही है और हर राष्ट्रभक्त को इस अभियान से जुड़ना चाहिए। योगी ने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जनसंघ की स्थापना कर देश की एकता और अखंडता के लिए आवाज उठाई। वहीं दीनदयाल उपाध्याय ने 'अंत्योदय' का दर्शन देकर राजनीति को अंतिम पायदान तक पहुंचाने का मार्ग प्रशस्त किया। अटल बिहारी वाजपेयी ने कठिन परिस्थितियों में भी पार्टी को स्थिरता दी और विकास की राजनीति को नई दिशा दी। सीएम ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने निर्णायक बदलाव देखा है। धारा 370 की समाप्ति, गरीब कल्याण योजनाओं का विस्तार और वैश्विक स्तर पर भारत की साख मजबूत होना इसी नेतृत्व का परिणाम है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने जो कहा, वह करके दिखाया है,यही उसकी विश्वसनीयता है। योगी ने राम मंदिर निर्माण को ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए कहा कि यह राष्ट्र की आस्था और संकल्प का प्रतीक है।

## प. बंगाल के मुख्य सचिव को सुप्रीम कोर्ट ने फटकारा

- कहा- हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की कॉल न उठाने के लिए माफी मांगें
- न्यायालय ने मालदा घटना की जांच की जिम्मेदारी एनआईए को सौंपी

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को अपनी पूर्ण एवं असीमित शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए प. बंगाल के मालदा जिले में एसआईआर कार्य में जुटे सात न्यायिक अधिकारियों को बंधक बनाने का मामला एनआईए को स्थानांतरित कर दिया। वहीं, मुख्य सचिव दुश्यंत नरियाला को फटकार लगाई कि उन्होंने एक अप्रैल को कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की कॉल उस वक्त नहीं उठाई, जब न्यायिक अधिकारियों का घेराव किया गया था। पीठ ने कहा कि उन्हें मुख्य न्यायाधीश से कॉल न उठाने के लिए माफी मांगनी चाहिए।

सीजेआई सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने कहा कि बंगाल में नौकरशाही की विश्वसनीयता कम की जा रही है और सचिवालय एवं सरकारी कार्यालयों में राजनीति घुसाई जा रही है। पीठ ने आदेश दिया कि राज्य पुलिस द्वारा मालदा घटना से जुड़े 26 गिरफ्तार व्यक्तियों से एनआईए द्वारा पूछताछ की जाए, भले ही वे न्यायिक हिरासत में क्यों न हों। शीर्ष अदालत ने कहा कि मालदा में एसआईआर कार्य में जुटे न्यायिक अधिकारियों को घंटों तक घेर लिए जाने की घटना वास्तव में पूर्व-नियोजित और किसी विशेष उद्देश्य से प्रेरित थी।



### एसआईआर मामले में हाईकोर्ट से 3 जजों का पैनल बनाने को कहा

**नई दिल्ली।** शीर्ष कोर्ट ने कहा कि चुनावी राज्य प. बंगाल में मतदाता सूचियों के एसआईआर के दौरान मतदाता सूची से बाहर किए गए करीब 60 लाख लोगों के दावों और आपत्तियों का सोमवार 6 अप्रैल को ही निस्तारण किया जाएगा। यह भी कहा कि राज्य में केंद्रीय बल तैनात रहेंगे। शीर्ष अदालत ने एक महिला न्यायिक अधिकारी का अपने परिजनों की सुरक्षा को लेकर चिंता व्यक्त करने वाला वीडियो देखने के बाद कहा कि हाल के दिनों में जिस तरह की घटनाएं हुई हैं, उन्हें देखते हुए केंद्रीय बलों को वापस नहीं बुलाया जाएगा। पीठ ने कहा, यदि सरकारी तंत्र विफल होता है, तो हम सोचेंगे कि क्या किया जा सकता है। पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान द्वारा प्रतिनिधित्व की जा रही मुख्यमंत्री ममता की इस दलील पर गौर किया कि गलत तरीके से हटाए गए या जोड़े गए नामों के खिलाफ याचिकाओं की सुनवाई के लिए स्थापित 19 अपीलीय अधिकरण अभी क्रियान्वित नहीं हो सके हैं। सीजेआई ने हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से इन अधिकरणों के लिए समान प्रक्रियाएं तैयार करने के वास्ते पूर्व वरिष्ठ न्यायाधीशों की तीन सदस्यीय समिति गठित करने को कहा।

## न्यूज ब्रीफ

### आईएसआई समर्थित आतंकवादी मॉड्यूल का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई (इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस) द्वारा समर्थित एक आतंकवादी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से दो हथगोले एवं एक 'ग्लॉक' पिस्तौल बरामद की है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि हथगोलों पर पीओएफ (पाकिस्तान आयुध कारखाना) के चिह्न हैं जो सीमा पार संबंधों का संकेत देते हैं।

### आरबीआई ने बैंक प्रतिनिधियों की श्रेणियां बनाने के दिए निर्देश

**मुंबई।** आरबीआई ने सोमवार को बैंक प्रतिनिधियों को उनके काम के आधार पर दो श्रेणियों में रखने और उनके वेतन में समानता लाने का सुझाव दिया। केंद्रीय बैंक ने सोमवार को जारी शाखा मंजूरी संबंधी मसौदा मानदंडों में तीन प्रकार के वितरण बिंदुओं को परिभाषित करने का प्रस्ताव दिया है जिसमें बैंक शाखाएं, बैंक प्रतिनिधि-बैंक आउटलेट्स (बैंक शाखा, एटीएम, एक्सटेंशन काउंटर) और बैंक प्रतिनिधि-बैंकिंग टचपॉइंट (बीसी-बीटी) शामिल हैं। बैंक प्रतिनिधि को दूर-दराज के इलाकों में बैंकिंग सेवाएं देने के लिए नियुक्त किया जाता है।

## हमले में ईरानी सेना के खुफिया प्रमुख मारे गए, नया युद्धविराम प्रस्ताव भेजा

दुबई, एजेंसी



ईरान के मिसाइल हमले से इजराइल में क्षतिग्रस्त हुईं कारें और अपार्टमेंट।

- तेहरान में ताबड़तोड़ बमबारी में 25 से अधिक की गई जान
- ईरान ने इजराइल और पड़ोसी खाड़ी देशों पर मिसाइलें दागीं

इजराइल और अमेरिका ने सोमवार को ईरान पर बड़े पैमाने पर हमले किए, जिनमें 25 से अधिक लोगों की मौत हो गई। इसके जवाब में ईरान ने इजराइल और पड़ोसी खाड़ी देशों पर मिसाइलें दागीं। होर्मुज खोलने के लिए ईरान को अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा दी गई समयसीमा नजदीक आने के बीच मध्यस्थों ने युद्धविराम का नया प्रस्ताव पेश किया है।

सोमवार सुबह हुए हवाई हमलों में तेहरान में स्थित शरीफ प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय को निशाना बनाया गया। ईरानी मीडिया के अनुसार, इस हमले में विश्वविद्यालय की इमारतों के साथ-साथ परिसर के पास स्थित प्राकृतिक गैस वितरण केंद्र को भी नुकसान पहुंचा। ईरानी सरकारी मीडिया के अनुसार, तेहरान पर हुए एक हमले में अर्धसैनिक बल रिवोल्यूशनरी गार्ड के खुफिया प्रमुख मेजर जनरल माजिद खादेमी की भी मौत हो गई। वहीं, ईरानी मिसाइलों ने उत्तरी इजराइल के शहर हाइफा को निशाना बनाया, जहां एक रिहायशी इमारत के मलबे से चार लोगों के शव बरामद किए गए। अधिकारियों के मुताबिक, तेहरान के दक्षिण-पश्चिम में इस्लामशहर के पास हुए हमले में कम से कम 15 लोगों की मौत हुई। वहीं, कोम के एक रिहायशी इलाके पर हमले में पांच लोगों की जान गई, जबकि अन्य शहरों में हुए हमलों में छह और लोगों की मौत हुई। इसके अलावा, तेहरान में एक घर पर हुए हवाई हमले में तीन और लोगों की मौत हो गई।

### तेहरान ने नवीनतम युद्धविराम प्रस्ताव खारिज किया, कहा- युद्ध का स्थायी अंत चाहिए

**तेहरान।** ईरान ने नवीनतम युद्धविराम प्रस्ताव को खारिज कर दिया है और कहा कि वह युद्ध का स्थायी अंत चाहता है। यह खबर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा तेहरान को होर्मुज खोलने के लिए ईरान को दी गई समयसीमा नजदीक आने से ठीक पहले आयी है। ईरान ने पाकिस्तान के माध्यम से अमेरिका को अपना जवाब दे दिया है। काहिरा स्थित ईरानी राजनयिक मिशन के प्रमुख मोजतबा फरदौसी पोर ने सोमवार को बताया, हम केवल युद्धविराम स्वीकार नहीं करेंगे। हम युद्ध की समाप्ति तभी स्वीकार करेंगे जब हमें यह गारंटी दी जाए कि हम पर दोबारा हमला नहीं किया जाएगा।

## मेट्रो स्टेशन पर महिला के बैग से मिले 63 कारतूस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मेट्रो स्टेशन के सुरक्षाकर्मियों ने स्कैनिंग के दौरान रोका, महानगर थाने में एफआईआर
- बैग में मिला .303 बोर के 35 और 9एमएम के 18 कारतूस

**अमृत विचार।** बादशाहनगर मेट्रो स्टेशन पर रविवार को चेकिंग के दौरान महिला के बैग से भारी मात्रा में कारतूस बरामद हुआ। सूचना पर पहुंची महानगर थाने की पुलिस ने महिला को गिरफ्तार कर लिया है। उसके खिलाफ एसआई अनुराग कुमार सिंह की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक महिला के बैग में कुल 63 कारतूस मिले हैं। जिसमें .303 बोर के 35 ओर 9एमएम के 18 कारतूस शामिल है। वहीं 10 खोखे बरामद हुए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

इंस्पेक्टर महानगर अखिलेश मिश्रा के मुताबिक रविवार दोपहर करीब 12 बजे मेट्रो स्टेशन पर स्कैनिंग के दौरान सुरक्षाकर्मियों को एक बैग में संदिग्ध वस्तु दिखाई दी। जांच करने में सामने आया कि बैग में 35 अदद .303 बोर के जिंदा कारतूस और 18 अदद 9 एमएम के जिंदा कारतूस रखे हुए हैं। इसके अलावा 9 एमएम के 9 खोखा कारतूस और .303 बोर का एक खोखा भी मिला। कुल मिलाकर 63 कारतूस मिले हैं। महिला कानपुर नगर के साढ़ थाना स्थित तिवारीपुर की रहने वाली प्रतिभा पाल है। उससे कारतूस रखने के का लाइसेंस मांगा गया तो कोई दस्तावेज नहीं दिखा सकी। इसके बाद मेट्रो प्रशासन ने महिला को हिरासत में ले लिया। पूछताछ में प्रतिभा ने बताया कि उसके पति यशवंत हेड कांस्टेबल थे। वह अपने बेटे से मिलने लखनऊ आई थी। जांच में सामने आया कि महिला का मायका बांदा में है। उसका बेटा अयोध्या हाइवे स्थित निजी इंजीनियरिंग कालेज से बीटेक कर रहा है। चार दिन पहले वह बेटे से मिलने लखनऊ आई थी। बेटे से मिलकर वह कानपुर अपनी ससुराल जा रही थी। इंस्पेक्टर ने बताया कि मेट्रो सुरक्षा में तैनात टीम के अधिकारी से जांच करने वाली टीम के बारे में जानकारी और इस दौरान बनाये गये वीडियो की डिटेल मांगी गई है।

## मुजफ्फरनगर : अधिवक्ता की हत्या मामले में 3 दोषियों को मौत की सजा

मुजफ्फरनगर, एजेंसी

- यहां की एक अदालत ने सुनाया फैसला, एक अन्य को सात वर्ष कारावास की सजा
- अधिवक्ता मोहम्मद समीर (28) का अपहरण कर की गई थी हत्या

यहां की एक अदालत ने अधिवक्ता का अपहरण कर उसकी हत्या के मामले में सोमवार को चार आरोपियों को दोषी करार दिया। एक शासकीय अधिवक्ता ने यह जानकारी दी। अदालत ने चार में से तीन दोषियों को मौत की सजा जबकि एक को सात वर्ष कारावास की सजा सुनाई।

शासकीय अधिवक्ता कुलदीप कुमार ने बताया कि मुजफ्फरनगर की एक त्वरित अदालत ने अधिवक्ता मोहम्मद समीर (28) के अपहरण और हत्या मामले में सोमवार को रिजवान अहमद, सिंगोल अल्वी और शालू उर्फ अरबाज को मौत की सजा सुनाई। उन्होंने बताया कि अदालत ने तीनों दोषियों पर एक-एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। कुमार ने बताया कि अदालत ने मामले में सह-आरोपी दिनेश को सात साल कारावास की सजा सुनाई है और उस पर 10,000 रुपये का जुर्माना लगाया है।

## बिरला ने ज्ञानेश कुमार के खिलाफ विपक्ष के नोटिस को अस्वीकार किया

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाने के लिए प्रस्ताव लाने संबंधी विपक्ष के नोटिस को सोमवार को अस्वीकार कर दिया। विपक्षी दलों के सदस्यों ने 12 मार्च को यह नोटिस सौंपा था। लोकसभा सचिवालय ने कहा कि अनुच्छेद 324(5), मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्त (नियुक्ति, सेवा की शर्तें और कार्यालय की अवधि) अधिनियम, 2023 की धारा 11(2) और न्यायाधीश (जांच) अधिनियम, 1968 के तहत लोकसभा के 130 सदस्यों द्वारा हस्ताक्षरित 12 मार्च, 2026 के एक प्रस्ताव संबंधी नोटिस लोकसभा अध्यक्ष को सौंपा गया था जिसमें मुख्य निर्वाचन आयुक्त को हटाने की मांग की गई थी।

## दिल्ली विधानसभा का गेट तोड़ जबरन अंदर घुसी यूपी नंबर की कार, 3 पकड़े

नई दिल्ली, एजेंसी



- सोमवार दोपहर सुरक्षा में बड़ी सेंध, वाहन जब्त, कार्यालय के बाहर एक गुलदस्ता रखकर भागा

दिल्ली विधानसभा की सुरक्षा में सोमवार दोपहर उस वक्त बड़ी सेंध लग गई, जब एक नकाबपोश व्यक्ति एसयूवी लेकर जबरन लोहे के गेट को तोड़कर परिसर को अंदर घुस गया और विधानसभा अध्यक्ष के कार्यालय के बाहर एक गुलदस्ता रखकर उसी रास्ते से निकल भी गया। इसके बाद हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया।

पुलिस ने बाद में उत्तर दिल्ली से कार चालक समेत तीन लोगों को हिरासत में लिया और वाहन को जब्त कर लिया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि बम निरोधक दस्ते समेत कई पुलिस दल मौके पर पहुंचे और किसी भी खतरे की आशंका को समाप्त करने के लिए इलाके की गहन छानबीन की। उन्होंने कहा कि राजधानी में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। उत्तर प्रदेश के नंबर वाला यह वाहन अपराह्न करीब दो बजे द्वार संख्या दो से विधानसभा परिसर में दाखिल हुआ। सूत्रों के अनुसार चूंकि यह मुख्य द्वार नहीं है, इसलिए विधानसभा सत्र नहीं होने की स्थिति में इसके आसपास सुरक्षा अपेक्षाकृत कम थी। दिल्ली सचिवालय के एक अधिकारी ने बताया, कार चालक विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता के कार्यालय की ओर गया और वहां ड्योढ़ी (पोर्च) के पास गुलदस्ता रखकर वापस चला गया। कहा कि इस घटना से सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा हो गई हैं और अधिकारी इसे सुरक्षा चूक मान रहे हैं।

**उपलब्धि** | लखनऊ के युवाओं का दिव्यास्त्र बना डिफेंस टेक्नोलॉजी की मिसाल

## बदल रही यूपी की छवि... अब बना रहे आधुनिक ड्रोन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



### एक नहीं, पूरा ड्रोन इकोसिस्टम तैयार

कंपनी केवल एक ड्रोन तक सीमित नहीं है, बल्कि निगरानी, सप्लाई और स्ट्राइक के लिए अलग-अलग यूएवी विकसित कर रही है। इसमें ''आंख'' सर्विलांस ड्रोन, ''बाज'' पेलोड ड्रोन, बम गिराने वाले ड्रोन, विटीओएल यूएवी और डिकॉय ड्रोन शामिल हैं, जो दुश्मन को भ्रमित करने में सक्षम हैं।

- 500 किमी रेंज, एआई टारगेटिंग व कम लागत से सेना को मिलेगी बढ़त

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में प्रदेश अब पुरानी छवि को पीछे छोड़ते हुए डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग और स्टार्टअप इनोवेशन का नया केंद्र बनता जा रहा है। कभी अवैध हथियारों के लिए बदनाम रहा प्रदेश अब 'ड्रोन शक्ति' के रूप में नई पहचान गढ़ रहा है। राजधानी लखनऊ में तीन युवा उद्यमियों पवन, रविंद्र पाल सिंह और सौरभ सिंह द्वारा स्थापित स्टार्टअप कंपनी हॉवरिट ने 'दिव्यास्त्र एमके-1' नाम का एडवांस यूएवी तैयार किया है।

यह ड्रोन आधुनिक युद्ध की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए विकसित किया गया है, जो निगरानी के साथ-साथ सटीक हमले करने में सक्षम है। इस ड्रोन की सबसे बड़ी खासियत इसकी 500 किलोमीटर तक की रेंज, करीब पांच घंटे की उड़ान क्षमता और एआई आधारित टारगेटिंग सिस्टम है। यह 10 हजार फीट की ऊंचाई तक उड़ान भर सकता है और लगभग 15 किलोग्राम पेलोड के साथ लक्ष्य को भेद सकता है। कम लागत में तैयार यह ड्रोन विदेशी विकल्पों के मुकाबले ज्यादा किफायती बताया जा रहा है।

स्टार्टअप के संस्थापकों के अनुसार, प्रदेश सरकार की डिफेंस कॉरिडोर o स्टार्टअप नीति ने उन्हें तेजी से आगे बढ़ने का अवसर दिया है। कंपनी भारतीय सेना के लिए ड्रोन सप्लाई की दिशा में काम कर रही है और शुरुआती ऑर्डर भी प्राप्त कर चुकी है। आने वाले समय में 'दिव्यास्त्र एमके-2' पर काम चल रहा है, जिसकी रेंज 2000 किलोमीटर और पेलोड क्षमता 80 किलोग्राम तक होने की संभावना है।

### रोजगार और टेक्नोलॉजी का नया केंद्र बन रहा यूपी

डिफेंस कॉरिडोर और स्टार्टअप नीति के चलते प्रदेश में युवाओं को हाई-टेक सेक्टर में अवसर मिल रहे हैं। नई मैन्युफैक्चरिंग यूनिट से स्थानीय स्तर पर रोजगार बढ़ेगा और यूपी देश के डिफेंस उत्पादन में अहम भूमिका निभाने की दिशा में आगे बढ़ेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### रक्षामंत्री से मिला इप्सेफ का प्रतिनिधिमंडल

**अमृत विचार, लखनऊ :** इण्डियन पब्लिक सर्विस इम्प्लाईज फेडरेशन (इप्सेफ) का 6 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने भारत सरकार के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से उनके आवास पर मुलाकात की। इप्सेफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीपी मिश्र के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने देशभर के कर्मचारियों व शिक्षकों की समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा और मांगों पर शीघ्र निर्णय की अपील की। रक्षामंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि कर्मचारियों और शिक्षकों की समस्याओं का समाधान जल्द किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वह स्वयं शिक्षक रह चुके हैं, इसलिए उनकी पीड़ा को भली-भांति समझते हैं। प्रतिनिधिमंडल ने 8वें वेतन आयोग की संस्तुतियां 1 जनवरी 2026 से लागू करने, पुरानी पेंशन बहाली, आउटसोर्स कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन व सुरक्षा, शिक्षकों को टीईटी से छूट तथा रिक्त पदों पर समयबद्ध भर्ती जैसी प्रमुख मांगें उठाईं। इस दौरान कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

### विंडो खुली, 15 तक अपलोड करें क्यूपीआर

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र भू-सम्पदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा) ने त्रैमासिक प्रगति रिपोर्ट (क्यूपीआर) अपलोड करने के लिए पोर्टल की विंडो खोल दी है। सभी पंजीकृत रियल एस्टेट परियोजनाओं के प्रमोटरों को 31 मार्च 2026 को समाप्ति हुई क्यूपीआर 15 अप्रैल तक अपलोड करना होगा। अन्यथा की स्थिति में प्राधिकरण कार्रवाई करेगा। रेरा ने स्पष्ट किया है कि क्यूपीआर अपलोड करने से खरीदारों को परियोजना की वास्तविक प्रगति, निर्माण की स्थिति, विभिन्न अनुमोदनों की उपलब्धता तथा अन्य महत्वपूर्ण जानकारी सार्वजनिक की जाती हैं। इससे गृह-खरीदारों को सही और अद्यतन जानकारी मिलती है और वे सोच-समझकर निर्णय ले सकते हैं। भू-सम्पदा (विनियमन एवं विकास) अधिनियम, 2016 की धारा 11(1) के तहत प्रत्येक प्रमोटर को हर तिमाही समाप्त होने के बाद अपनी परियोजना से जुड़ी आवश्यक जानकारी प्राधिकरण की वेबसाइट पर अपडेट करना है। उल्लंघन करने पर रेरा अधिनियम की धारा 61 के अनुसार परियोजना लागत का पांच प्रतिशत तक का जुर्माना लगाया जा सकता है।

### राज्य कर्मियों को एआई दक्षता कार्यक्रमों का प्रशिक्षण जरूरी

**अमृत विचार, लखनऊ :** मिशन कर्मयोगी साधना सप्ताह के तहत सूचना एवं जनसंपर्क विभाग में कार्मिकों के प्रशिक्षण की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। अपर निदेशक सूचना अरविन्द कुमार मिश्र ने बताया कि 2 से 8 अप्रैल तक आयोजित इस अभियान के तहत सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को कम से कम चार घंटे का प्रशिक्षण अनिवार्य रूप से प्राप्त करना है। इसमें एआई दक्ष कार्यक्रम के तीन कोर्स सहित आईगोट मार्केटप्लेस से एक पाठ्यक्रम शामिल होगा। अपर निदेशक सूचना सोमवार को जूम मीटिंग के माध्यम से जिला सूचना कार्यालयों के कर्मचारियों को आईगोट (आईजीओटी) पोर्टल पर उपलब्ध पाठ्यक्रमों की जानकारी दे रहे थे।

### गोरखपुर का कुसम्ही जंगल बनेगा इको-टूरिज्म हब

**अमृत विचार, लखनऊ/गोरखपुर :** प्रदेश में धार्मिक पर्यटन के साथ अब इको-टूरिज्म को भी तेजी से बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट के तहत गोरखपुर के कुसम्ही जंगल को आधुनिक इको-टूरिज्म हब के रूप में विकसित किया जा रहा है। करीब 4.84 करोड़ रुपये की इस परियोजना के लिए पहली किस्त के रूप में 50 लाख रुपये जारी कर दिए गए हैं, जिससे निर्माण कार्य ने गति पकड़ ली है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि प्रदेश सरकार गोरखपुर को पूर्वांचल के प्रमुख पर्यटन केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि कुसम्ही जंगल में विकसित होने वाला इको पार्क न केवल पर्यटकों को आकर्षित करेगा, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी सृजित करेगा। प्रस्तावित इको पार्क में पर्यटकों के लिए कई आधुनिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इनमें स्विस कॉटेज, ट्री हाउस, योग केंद्र, इंटरप्रिटेशन सेंटर और आधुनिक कैफेटेरिया शामिल हैं। इसके अलावा बायो टॉयलेट, सोलर सबमर्सिबल, पार्किंग, सुरक्षा फेंसिंग और बैठने की व्यवस्था जैसी सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी।

# 10,228 करोड़ रुपये बढ़ा प्रदेश का राजस्व संग्रह

## वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने जारी किया आंकड़ा, जीएसटी, स्टाम्प, परिवहन और खनन से प्रदेश की आय में आया बड़ा उछाल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मार्च में 26,193 करोड़ की वसूली, पूरे वर्ष में 2.23 लाख रुपये करोड़ पार



**अमृत विचारः** प्रदेश की अर्थव्यवस्था लगातार मजबूती की नई ऊंचाइयों को छू रही है, जिसका स्पष्ट असर प्रदेश के राजस्व आंकड़ों में दिखाई दे रहा है। वित्तीय अनुशासन, प्रभावी नीतियों और सुदृढ़ प्रशासनिक प्रबंधन के चलते न सिर्फ मार्च 2026 में राजस्व संग्रह में 1020 करोड़ रुपये से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई, बल्कि पूरे वित्तीय वर्ष 2025-26 में 10,228 करोड़ का रिकॉर्ड इजाफा हुआ है।

वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने सोमवार को प्रदेश की वित्तीय स्थिति पर ताजा आंकड़े जारी करते हुए बताया कि कर एवं करेत्तर राजस्व में लगातार वृद्धि हो रही है, जो न केवल आर्थिक मजबूती का संकेत है बल्कि विकास कार्यों को गति देने के लिए भी सरकार को अतिरिक्त संसाधन उपलब्ध करा रही है। ताजा आंकड़े इस बात की पुष्टि करते हैं कि राज्य अब 35,000 करोड़ से अधिक के रेवेन्यू सरप्लस के साथ देश के अग्रणी वित्तीय रूप से सुदृढ़ राज्यों में शामिल हो चुका है।

वित्त मंत्री ने बताया कि मार्च 2025 के मुकाबले मार्च 2026 में प्रदेश के मुख्य कर एवं करेत्तर राजस्व में 1020.53 करोड़ की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। आंकड़ों के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2025-26 के मार्च माह में कु 26,193.56 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ, जबकि पिछले वर्ष मार्च 2025 में यह 25,173.03 करोड़ था। वहीं दूसरी तरफ, पूरे वित्तीय वर्ष 2025-26 की बात करें तो मार्च तक प्रदेश को कुल 2,23,060.18 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ, जो पिछले वर्ष की समान अवधि के 2,12,832.08 करोड़ के मुकाबले 10,228.10 करोड़ अधिक है।

वित्त मंत्री ने बताया कि प्रदेश "रेवेन्यू सरप्लस स्टेट" की स्थिति में है और राज्य के पास 35,000 करोड़ से अधिक का अधिशेष उपलब्ध है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में मूल बजट का लगभग 81% व्यय किया जा चुका है, जो बेहतर वित्तीय प्रबंधन का संकेत है। उन्होंने आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए सभी विभागों को निर्देशित किया कि वे अपनी कार्य योजना को शीघ्र अंतिम रूप दें, ताकि विकास कार्यों को गति मिल सके और प्रदेश की आर्थिक प्रगति को और तेज किया जा सके।

### मार्च में जीएसटी, स्टाम्प और परिवहन से बढ़ी आय

- माह मार्च 2026 के राजस्व मदों पर नजर डालें तो जीएसटी से 7,347.31 करोड़ की प्राप्ति हुई, जो पिछले वर्ष 6,785.34 करोड़ थी। वैट के तहत 4,438.82 करोड़ की आय हुई, जबकि पिछले वर्ष यह 4,472.70 करोड़ थी। आबकारी से 9,269.44 करोड़ प्राप्त हुए, जो पिछले वर्ष के 9,744.50 करोड़ से कुछ कम है। स्टाम्प एवं निबंधन के क्षेत्र में वृद्धि दर्ज करते हुए 2,728.74 करोड़ की आय हुई, जबकि पिछले वर्ष 2,617.56 करोड़ प्राप्त हुए थे। परिवहन क्षेत्र में उल्लेखनीय उछाल के साथ 1,624.84 करोड़ की आय हुई, जो पिछले वर्ष 951.98 करोड़ थी। वहीं भू-तत्व एवं खनिकर्म से 784.41 करोड़ की प्राप्ति हुई, जो पिछले वर्ष 600.95 करोड़ थी।

### पूरे वित्तीय वर्ष में सभी प्रमुख मदों में मजबूत प्रदर्शन

- वित्तीय वर्ष 2025-26 में विभिन्न मदों में प्राप्ति की बात करें तो जीएसटी से 82,547.40 करोड़ (पिछले वर्ष 82,535.14 करोड़), वैट से 33,006.35 करोड़ (पिछले वर्ष 32,096.54 करोड़), आबकारी से 57,722.29 करोड़ (पिछले वर्ष 52,574.52 करोड़), स्टाम्प एवं निबंधन से 32,598.49 करोड़ (पिछले वर्ष 30,205.97 करोड़), परिवहन से 12,764.61 करोड़ (पिछले वर्ष 11,043.15 करोड़) तथा भू-तत्व एवं खनिकर्म से 4,421.04 करोड़ (पिछले वर्ष 4,376.76 करोड़) की राजस्व प्राप्ति हुई, जो प्रदेश की मजबूत वित्तीय प्रगति को दर्शाती है।

## परिवहन विभाग में छह एआरटीओ के तबादले

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य सरकार ने परिवहन विभाग में छह सहायक संभागीय परिवहन अधिकारियों (एआरटीओ) को विभिन्न जिलों में नई जिम्मेदारियां सौंपी हैं। इस संबंध में सोमवार को विशेष सचिव खेमपाल सिंह द्वारा आदेश जारी किया गया है। परिवहन विभाग के अनुभाग-तीन से जारी आदेश के अनुसार, अजीत सिंह को जौनपुर में एआरटीओ (प्रशासन) बनाया गया है। वहीं अकांक्षा सिंह पटेल को गाजियाबाद में एआरटीओ प्रशासन तृतीय दल की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा संजय कुमार सिंह को सिद्धार्थनगर, सुशील कुमार को बहराइच और वीरेन्द्र प्रताप यादव को चित्रकूट में एआरटीओ नियुक्त किया गया है। मुख्यालय में तैनात प्रेम सिंह को फिरोजाबाद में अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

# आंबेडकर की प्रतिमाओं पर लगेगा छत्र, बनेगी बाउंड्रीवॉल

## गोरखपुर में भाजपा के स्थापना दिवस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया एलान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा के स्थापना दिवस पर आंबेडकर जयंती से पहले बड़ा एलान करते हुए कहा है कि प्रदेश भर में जहां-जहां डॉ भीमराव आंबेडकर की प्रतिमाएं स्थापित हैं, वहां सरकार की ओर से छत्र (कैनोपी) लगाया जाएगा। साथ ही इन स्थलों का सौंदर्यीकरण करते हुए पार्क विकसित किए जाएंगे और बाउंड्री वॉल का निर्माण भी कराया जाएगा।

गोरखपुर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहेब का योगदान भारतीय समाज और संविधान के निर्माण में अतुलनीय है। ऐसे में उनके सम्मान में स्थापित प्रतिमाओं का संरक्षण और व्यवस्थित विकास सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रदेश सरकार इस कार्य को मिशन मोड में पूरा करेगी। सीएम योगी ने बताया कि जहां भी डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा होगी, वहां आसपास के क्षेत्र को विकसित कर एक व्यवस्थित पार्क का स्वरूप दिया जाएगा, जिससे यह स्थल सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का केंद्र बन सके। बाउंड्री वॉल के निर्माण से इन स्थलों की सुरक्षा भी सुनिश्चित की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहल केवल सौंदर्यीकरण तक सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक सम्मान और समरसता का संदेश भी देती है। सरकार का उद्देश्य है कि समाज के महापुरुषों के योगदान को नई पीढ़ी तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जाए। उन्होंने बताया कि 14 अप्रैल तक प्रदेश में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसके तहत प्रतिमाओं के आसपास स्वच्छता अभियान, पुष्पांजलि कार्यक्रम और जनजागरूकता गतिविधियां भी संचालित की जाएंगी। सीएम योगी ने कहा कि सरकार बाबा साहेब के विचारों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है और सामाजिक न्याय की स्थापना के लिए लगातार कार्य कर रही है। यह पहल उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।



गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों की शिकायतें सुनते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### बेटी की पढ़ाई नहीं रुकेगी, फीस जमा कराने के निर्देश

- **अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को जनता दर्शन के दौरान एक जरूरतमंद छात्रा की समस्या पर तत्काल संज्ञान लेते हुए उसकी स्कूल फीस जमा कराने का निर्देश दिया। आर्थिक तंगी के कारण पढ़ाई रुकने की आशंका जताने पर मुख्यमंत्री ने साफ कहा कि किसी भी बेटी की शिक्षा पैसे के अभाव में नहीं रुकेगी। योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री ने करीब 200 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इसी दौरान एक बेटी ने मुख्यमंत्री को बताया कि वह पढ़ना चाहती है, लेकिन परिवार की कमजोर आर्थिक स्थिति की वजह से फीस जमा करने में बाधा आ रही है। इस पर त्वरित संवेदनशीलता दिखाते हुए सीएम योगी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अविलंब बिटिया की स्कूल फीस की व्यवस्था की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आर्थिक दिक्कत की वजह से किसी बेटी की पढ़ाई नहीं रुकनी चाहिए। हर बेटी को सुरक्षा के साथ-साथ उसका सर्वांगीण विकास राज्य सरकार की शीर्ष प्राथमिकताओं में शामिल है। जब एक बेटी शिक्षित होती है तो पूरे समाज पर सकारात्मक असर पड़ता है। उन्होंने सभी फरियादियों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का समयबद्ध और संतोषजनक निस्तारण किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को प्रार्थना पत्र सौंपते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि हर मामले में संवेदनशीलता बरती जाए और किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो।योगी ने गंभीर बीमारियों से जूझ रहे लोगों को भी राहत का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि उच्चीकृत अस्पताल से इलाज का एस्टीमेट मंगवाया जाए, सरकार पूरा खर्च उठाने में मदद करेगी। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि ऐसे मामलों में प्रक्रिया तेजी से पूरी कर शासन को प्रस्ताव भेजा जाए। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि पात्र लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ तत्काल दिया जाए और कोई भी जरूरतमंद इससे वंचित न रहे। उन्होंने दोहराया कि सरकार हर नागरिक के साथ खड़ी है और हर समस्या का प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। सीएम योगी ने कहा कि आर्थिक कारणों से किसी भी छात्रा की पढ़ाई नहीं रुकने दी जाएगी। जरूरत पड़ने पर तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि गंभीर मरीजों के मामलों में इस्टीमेट मिलते ही सहायता स्वीकृत की जाए, ताकि समय पर इलाज संभव हो सके।

### 'बच्चा बाबू' की स्मृति में आधुनिक लैब, भावुक हुए योगी

- **अमृत विचार, लखनऊ/गोरखपुर :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को गोरखपुर के दिग्विजयनाथ पीजी कॉलेज में पूर्व शिक्षक डॉ. तेज प्रताप शाही की स्मृति में स्थापित आधुनिक कंप्यूटर प्रयोगशाला का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि यह लैब इमर्जिंग टेक्नोलॉजी, शोध-अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में विद्यार्थियों के लिए नई संभावनाएं खोलेगी।मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. शाही ने जीवन भर संस्थान और समाज के प्रति समर्पण भाव से कार्य किया। राजनीतिक मतभेदों के बावजूद उनकी गोरक्षपीठ के प्रति आस्था और निष्ठा उनके व्यक्तित्व को विशिष्ट बनाती है। मुख्यमंत्री ने इस पहल के लिए डॉ. शाही के परिजनों अनन्य प्रताप शाही और अतिरेक शाही की सराहना करते हुए कहा कि यह केवल एक लैब नहीं, बल्कि शिक्षा और समाज के प्रति समर्पण की जीवंत मिसाल है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास छात्रों को आधुनिक तकनीकी ज्ञान से जोड़कर भविष्य के लिए तैयार करते हैं। कार्यक्रम के दौरान 'बच्चा बाबू' के नाम से प्रसिद्ध डॉ. तेज प्रताप शाही को याद करते हुए मुख्यमंत्री भावुक हो उठे। उन्होंने कहा कि व्यक्ति के जीवन का वास्तविक मूल्य उसके जाने के बाद समझ में आता है। डॉ. शाही ने अपने जीवन में संबंधों को निभाने और समन्वय बनाने की जो मिसाल पेश की, वह आज भी प्रेरणा देती है। योगी ने बताया कि डॉ. शाही राजनीतिक रूप से कांग्रेस से जुड़े होने के बावजूद गोरक्षपीठ के प्रति गहरी निष्ठा रखते थे और पूज्य महंत अवेद्यनाथ जी के साथ हर परिस्थिति में खड़े रहे। यह उनके व्यक्तित्व की विशेषता थी कि उन्होंने विचारधाराओं से ऊपर उठकर संबंधों और मूल्यों को प्राथमिकता दी। नई कंप्यूटर लैब में आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे छात्र डिजिटल स्किल, रिसर्च और इनोवेशन के क्षेत्र में आगे बढ़ सकेंगे। यह पहल उच्च शिक्षा में गुणवत्ता सुधार की दिशा में अहम कदम है।

### योगी आज देंगे ग्रेटर आगरा की सौगात

- **अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को आगरा को 5142 करोड़ रुपये की महत्वाकांक्षी 'ग्रेटर आगरा' योजना की सौगात देंगे। इस दौरान वह रायपुर और रहन कलां में प्रस्तावित टाउनशिप का भूमिपूजन व शिलान्यास करेंगे और परियोजना के मॉडल का अवलोकन भी करेंगे।करीब 449.65 हेक्टेयर क्षेत्र में विकसित होने वाली इस टाउनशिप में विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। योजना के तहत आधुनिक आवासीय सेक्टर, चौड़ी सड़कें, हरित क्षेत्र, बेहतर जल-बिजली आपूर्ति और सार्वजनिक सुविधाओं का समावेश किया जाएगा, जिससे आगरा के शहरी विस्तार को नई दिशा मिलेगी। कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री अन्य विकास परियोजनाओं का भी लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे और जनसभा को संबोधित करेंगे। तय कार्यक्रम के अनुसार वे शाम करीब 4:25 बजे कार्यक्रम स्थल पहुंचेंगे। इसके अलावा मुख्यमंत्री वृंदावन में श्रीमद् जगतगुरु द्वाराचार्य श्री मलूकनाथ जी महाराज की 452वीं जयंती महोत्सव में भी शामिल होंगे। अधिकारियों को कार्यक्रम की सभी तैयारियां समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।

# पत्रकारों को मान्यता के साथ कैशलेस इलाजः योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सभी पत्रकारों को एक समान व्यवस्था से जोड़ना सरकार का प्रयास

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पत्रकारों के लिए बड़ी घोषणा करते हुए कहा है कि मान्यता प्राप्त पत्रकारों और उनके आश्रितों को कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा से जोड़ा जाएगा। इसके लिए उन्हें प्रमाणित मान्यता पत्र और पहचान पत्र भी उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे उनकी पहचान सुनिश्चित हो सके। उन्होंने साफ किया कि सरकार मूल्यों व आदर्शों पर आधारित पत्रकारिता के साथ है।

मुख्यमंत्री योगी सोमवार को गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब की नई कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कई बार पत्रकार अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए दूसरों की आवाज उठाते हैं, लेकिन जब वे स्वयं बीमार पड़ते हैं तो उनकी मदद के लिए कोई सामने नहीं आता। ऐसे में सरकार उनकी सुरक्षा और स्वास्थ्य के लिए ठोस व्यवस्था विकसित कर रही है। सीएम योगी ने स्पष्ट किया कि मान्यता प्राप्त पत्रकारों और उनके आश्रितों को एक व्यवस्थित तंत्र के तहत कैशलेस चिकित्सा सुविधा का लाभ दिया जाएगा, जिससे उन्हें इलाज के दौरान आर्थिक बोझ का सामना न करना पड़े। इसके लिए गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब के माध्यम से एक मॉडल भी विकसित किया गया है, जिसे आगे विस्तार दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि बड़े मीडिया संस्थानों से जुड़े पत्रकारों को अपेक्षाकृत कम दिक्कत होती है, लेकिन स्वतंत्र या छोटे समूहों से जुड़े पत्रकारों का एक बड़ा वर्ग है, जिन्हें ऐसी सुविधाओं की अधिक आवश्यकता है। सरकार का प्रयास है कि सभी पत्रकारों को एक समान व्यवस्था से जोड़ा जाए।

मुख्यमंत्री ने पत्रकारिता के मूल्यों पर जोर देते हुए कहा कि मीडिया को आत्म-नियंत्रण के साथ काम करना चाहिए और समाज को भ्रमित करने वाली प्रवृत्तियों से बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक ही खबर के अलग-अलग रूपों में प्रस्तुत होने से जनमानस में भ्रम की स्थिति बनती है, जो लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है। योगी ने यह भी कहा कि सरकार मूल्य आधारित और जिम्मेदार पत्रकारिता के साथ खड़ी है और पत्रकारों के कल्याण के लिए आगे भी ऐसी योजनाएं लागू करती रहेगी।

### पत्रकारिता में समन्वय और एकरूपता जरूरी

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज के दौर में प्रिंट, डिजिटल, टीवी और सोशल मीडिया जैसे विभिन्न माध्यमों के बीच समन्वय बेहद आवश्यक है। एक ही खबर को अलग-अलग तरीके से प्रस्तुत करने से जनमानस में भ्रम पैदा होता है और मीडिया की विश्वसनीयता प्रभावित होती है। उन्होंने जोर दिया कि पत्रकारिता के सभी स्वरूप समान मानकों, मूल्यों और आचार संहिता के अनुरूप काम करें। सोशल मीडिया को भी जिम्मेदार पत्रकारिता की मुख्यधारा से जोड़ने की जरूरत है, ताकि सूचना का प्रवाह सटीक और संतुलित रहे।

### आलोचना हो, लेकिन जिम्मेदारी के साथ

- सीएम योगी ने कहा कि लोकतंत्र में संवाद और आलोचना स्वाभाविक है, लेकिन इसे व्यक्तिगत रंजिश नहीं बनाना चाहिए। पत्रकारिता का दायित्व है कि वह सही तथ्यों को सामने रखकर जन-विश्वास को मजबूत करे। उन्होंने हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूरे होने का उल्लेख करते हुए कहा कि इसकी मूल भावना राष्ट्र सेवा और जनजागरण रही है। चेताया कि समाज को गुमराह करने वाली प्रवृत्तियों से बचना होगा, क्योंकि ऐसी गतिविधियां जनविश्वास को कमजोर करती हैं।

## फार्मर रजिस्ट्री के लिए 15 तक विशेष अभियान

**अमृत विचार, लखनऊः** प्रदेश में किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शी और सुगम तरीके से उपलब्ध कराने के लिए योगी आदित्यनाथ सरकार ने फार्मर रजिस्ट्री तैयार कराने हेतु विशेष अभियान शुरू करने का निर्णय लिया है। यह अभियान 15 अप्रैल तक पूरे प्रदेश में संचालित होगा, जिसके तहत प्रत्येक ग्राम सचिवालय में कैंप लगाकर किसानों का पंजीकरण कराया जाएगा।

सरकार ने निर्देश दिए हैं कि शिविरों के माध्यम से न केवल नए किसानों का पंजीकरण किया जाए, बल्कि नाम या अन्य विवरणों में त्रुटियों का भी मौके पर ही निस्तारण किया जाए। इस कार्य में ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव और लेखपालों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। लेखपालों को अपने क्षेत्र की प्रत्येक ग्राम पंचायत के कम से कम एक शिविर में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

**रूबरू** — फिक्की फ्लो के कार्यक्रम में लखनऊ आईं देश की पहली महिला आईपीएस किरण बेदी ने अमृत विचार से की विशेष बातचीत

# लक्ष्य प्राप्ति के लिए जुनूनी बनना जरूरी : किरण बेदी

शबाहत हुसैन विजेता, लखनऊ

**अमृत विचारः** देश की पहली महिला आईपीएस अधिकारी किरण बेदी की पहचान उनके कई रूपों से है। वो प्रसिद्ध टेनिस खिलाड़ी रही हैं। सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में उन्होंने भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ी। आम आदमी पार्टी के साथ उन्होंने राजनीतिक सफ़र शुरू किया। भाजपा ने उन्हें दिल्ली में मुख्यमंत्री के चेहरे के रूप में पेश किया। वो पुडुचेरी की उप राज्यपाल रहीं। सोमवार को एक होटल में फिक्की फ्लो के कार्यक्रम में शामिल होने वह लखनऊ आईं तो 'अमृत विचार' से भी मुखातिब हुईं।

अपनी पढ़ाई के दौर से आज के दौर की तुलना करते हुए वो कहती हैं कि प्रगति ने बहुत लंबी दूरी तय कर ली है। अब अवसरों की कमी नहीं है, सुविधाएं बढ़ गई हैं। लड़कियों को चाहिए कि मां-बाप की परवरिश, शिक्षक से मिल रही शिक्षा और तकनीक का प्रयोग शिक्षा में करते हुए वह अगर अपने चरित्र निर्माण पर ध्यान दें तो वह अपने आप आगे बढ़ती चली जाएंगी। किरण बेदी से यह पूछने पर कि उन्हें अपना कौन सा रूप पसंद है, पुलिस अधिकारी वाला, भ्रष्टाचार के खिलाफ संघर्ष करने वाला, विधानसभा चुनाव लड़ने वाला या फिर उप राज्यपाल वाला? सवाल सुनकर वो मुस्कुराईं। बोलीं हर रूप पर ईश्वर का धन्यवाद। मैंने कोई रूप नहीं बदला। जब जिस रूप में चुनौती महसूस हुई उसे अपनाया। मेरा लक्ष्य सेवा भाव रहा और कुर्बानी के स्तर तक जाकर अपने लक्ष्य को हासिल किया। एक सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि लक्ष्य प्राप्ति के लिए जुनूनी बनना जरूरी। वह जुनून ही था जिसके कारण मैं समाज की बेहतर सेवा कुछ हद तक कर पाई।



फिक्की फ्लो के कार्यक्रम में महिलाओं के साथ पूर्व आईपीएस किरण बेदी। अमृत विचार

### बुलडोजर का डर अच्छा है...

- किरण बेदी ने कहा कि भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए और कानून व्यवस्था को सुधारने के लिए दोनों मामलों में सामने वाले पर डर हावी होना चाहिए। डर हावी करने वाले को ईमानदार होना चाहिए, फिर सब कुछ ठीक हो जाएगा। उनसे पूछा कि कैसा डर... बुलडोजर जैसा? वो बोलीं कि हां बुलडोजर जैसा। उत्तर प्रदेश में बुलडोजर के डर ने न जाने कितने अपराधियों पर लगाम लगा दी। इसे न चलाया जाता तो हम न जाने क्या-क्या खो चुके होते।

### धुरंधर ने दिखाया कैसे काम करते गैंगस्टर

- किरण बेदी ने संवाददाता से ही पूछ लिया कि क्या धुरंधर मूवी देखी? उसे देखिए, पता चलेगा कि गैंगस्टर कैसे काम करते हैं। जब उनसे पूछा कि आप फ़िल्में देखती हैं? तो वो बोलीं कि धुरंधर जैसी फ़िल्में आती हैं तो जरूर देखती हूं।

### बगैर मां-बाप के लड़कियों के घूमने का समय अब आ गया

- किरन बेदी से पूछा कि आपको डर लगता है? उन्होंने कहा कि अपराधियों से नहीं भगवान से डर लगता है। मैंने माहौल बदलते हुए देखा है। बगैर मां-बाप के लड़कियों के घूमने का समय आ गया है। काफी चीजें ठीक हुई हैं। अपराधियों को सजाएं मिलने लगी हैं। सजा समय से मिलने लग जाए तो सब कुछ ठीक हो जाए, फिर किसी को भी डर नहीं लगेगा। किरण बेदी की उल्लेखनीय सेवाओं के लिए उन्हें राष्ट्रपति पुलिस पदक, रेमन मैग्सेसे पुरस्कार और नेहरू फेलोशिप हासिल हुई। दिल्ली में सहायक पुलिस अधीक्षक से अपनी सेवाएं शुरू करने वाली किरण बेदी ने दिल्ली की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त किया। तिहाड़ जेल में महानिदेशक रहते हुए जेल की दशा सुधारी। वो संयुक्त राष्ट्र पुलिस की प्रमुख रहीं। किरण बेदी चुनौतियों से लड़ने की शौक़ीन रही हैं। नौकरी के दौरान उन्होंने कार्रवाई करते समय यह नहीं देखा कि सामने वाला धीरेन्द्र ब्रह्मचारी है या फिर अपना ही कोई अफसर। कानून का डंडा उन्होंने समान रूप से चलाया। इसका नुकसान भी उठाया, लेकिन कदम कभी डगमगाए नहीं।

न्यूज ब्रीफ

### जनगणना को लेकर बैठक आज

**अयोध्या, अमृत विचार :** जनगणना कार्य की समयबद्ध पूरा करने के लिए जिलाधिकारी/प्रमुख जनगणना अधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे आज सात अप्रैल को दोपहर साढ़े 12बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक करेंगे। यह जानकारी अपर जिलाधिकारी( वि./रा.)/जिला जनगणना अधिकारी ने दी।

### अग्निकांड में 10 परिवार बेघर



**शुजागंज, अयोध्या। अमृत विचार :** रुदौली विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सरोहा (ग्राम पंचायत रसूलपुर) में सोमवार को भीषण आग लगने से लगभग 10 परिवारों के घर जलकर राख हो गए। इस दर्दनाक हादसे में सभी प्रभावित परिवार बेघर हो गए, जिससे क्षेत्र में शोक और चिंता का माहौल है। वरिष्ठ समाजसेवी राजन पांडेय के सुपुत्र व जिला पंचायत सदस्य अंकित पांडेय प्रभावितों के बीच पहुंचे और पीड़ित परिवारों को दरी, अंगवस्त्र व आर्थिक सहायता प्रदान करते हुए हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।

### घायल महिला ने तोड़ा दम

**मवई, अयोध्या, अमृत विचार।** सांड के हमले में 29 मार्च को घायल थाना मवई क्षेत्र के ग्राम कोटवा सिपहिया निवासी मालती देवी (47) पत्नी स्व जगदेव प्रसाद यादव ने ट्रॉमा सेंटर लखनऊ में इलाज के दौरान रविवार को दम तोड़ दिया। परिवार में एक अविवाहित पुत्र व पुत्री हैं। मां की मृत्यु के बाद दोनों बच्चों के सिर से माता-पिता दोनों का साया उठ गया ।समाजसेवी आलोक चंद्र यादव सोमवार को पीड़ित परिवार से मिले और परिजनों को शासकीय आपदा राहत राशि दिलाए जाने का आश्वासन दिया।

### फंदे से लटका मिला अधेड़ का शव


**मवई, अयोध्या। अमृत विचार :** पटरंगा थाना क्षेत्र के पूरे कथिक मजरे सरैठा गांव में सोमवार सुबह गांव निवासी राम नरेश यादव उर्फ मलऊ (58) का शव उनके छप्परनुमा मकान के अंदर बांस से रस्सी के सहारे फंदे से लटका मिला। थाना प्रभारी शशिकांत यादव व फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए। गांव में इस घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। थाना प्रभारी शशिकांत यादव ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा।

### शिथिल कार्रवाई पर आरटीओ ने जताई नाराजगी

**अयोध्या, अमृत विचार :** संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन ऋतु सिंह ने अयोध्या के एआरटीओ, संभागीय निरीक्षक, कार्मिकों के साथ स्कूली वाहनों के फिटनेस एवं ऑनबोर्डिंग की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई। निर्देश दिया कि युद्ध स्तर पर सभी स्कूल वाहनों को निगरानी पोर्टल पर ऑनबोर्ड किया जाए। उनका निरीक्षण कर यह देखा जाए कि वाहन निर्धारित मानकों के अनुरूप ही संचालित हो रहे हैं। उल्लंघन की स्थिति में संबंधित आख्या पोर्टल पर अनिवार्य रूप से दर्ज की जाए। स्पष्ट किया कि स्कूल मालिक एवं प्रबंधन यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक स्थिति में केवल फिटनेस युक्त वाहनों का ही संचालन किया जाए। बैठक में विभागीय अफसरों और अभिभावकों से भी इस पर ध्यान देने की अपील की गई।

### पूर्व विधायक की जयंती पर लगा स्वास्थ्य शिविर

**रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार :** भाजपा के पूर्व विधायक स्वर्गीय आचार्य रामदेव वैश्य की 79वी जयंती पर सोमवार को चंद्रदेव विद्या मंदिर भैरव धाम में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। पूर्व विधायक के पुत्र जिला सहायक शासकीय अधिवक्ता अभय वैश्य, दंत चिकित्सक डॉ. आनंद वैश्य



एवं पौरुष वैश्य ने विद्यालय प्रांगण में वैदिक यज्ञ कर उनको श्रद्धांजलि अर्पित कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रुदौली में मरीजों को फल ,बिस्किट ,दूध का पैकेट वितरित किया। वहीं चंद्र देव विद्या मंदिर में लायंस क्लब रुदौली की ओर से आयोजित निशुल्क नेत्र शिविर में डिस्ट्रिक चैयरमैन डॉ. निहाल रजा के नेतृत्व में डॉ. सिराज अहमद एवं ओमप्रकाश शर्मा द्वारा 65 निशुल्क चश्मे का वितरण किया गया। मोतियाबिंद के मरीजों को दवा भी बांटी गई।

# उप डाकपाल, उनकी पत्नी और आरक्षी पर केस दर्ज

अयोध्या कार्यालय।

- महबूबगंज उपडाकघर में 30 लाख के गबन का मामला
- प्रवर डाक अधीक्षक अयोध्या मंडल ने एसएसपी से की थी शिकायत
- एसएसपी ने थाना प्रभारी व एक आरक्षी को किया था निलंबित

अमृत विचार : महबूबगंज उपडाकघर में 30 लाख रुपये के गबन के मामले प्रवर डाक अधीक्षक अयोध्या मंडल हरे कृष्ण यादव ने थाना गोसाईगंज में उप डाकपाल शिवांशु श्रीवास्तव, उनकी पत्नी आयुषी श्रीवास्तव व चौकी महबूबगंज के आरक्षी अजय यादव के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। इसी मामले में उप डाकपाल एक वर्ष पहले ही निलंबित किया जा चुका है। मामले में लापरवाही बरतने पर एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने थाना प्रभारी शारतेंदु दुबे व एक आरक्षी को निलंबित कर दिया था।

प्रवर डाक अधीक्षक अयोध्या मंडल हरे कृष्ण यादव ने एसएसपी को दी तहरीर में बताया कि शिवांशु श्रीवास्तव, महबूबगंज उपडाकघर अयोध्या में उपडाकपाल के पद पर कार्यरत थे। जो 16 मई 2025 से निलंबित हैं। खाता धारक मोहम्मद सगीर खां, उनकी पत्नी कैसर जहां व शमशेर खां निवासी ग्राम व पोस्ट समदा, गोसाईगंज अयोध्या ने उपडाकघर महबूबगंज से 11 जनवरी 2025 को किसान विकास पत्र पर 30 लाख रुपये क्रय किया था। उपडाकपाल के पद पर कार्यरत रहने के दौरान शिवांशु श्रीवास्तव ने 10 मई 2025 को खाता धारक मोहम्मद सगीर खां, शमशेर खां व कैसर जहां तीनों को मृतक दर्शाकर किसान विकास पत्र खाता संख्या को नामिनी मुमताज जहां पत्नी शमशेर खां के बचत खाता संख्या में जमा दर्शाया।

इसके बाद मुमताज जहां की बिना जानकारी के उक्त बचत खाते से 10 मई 2025 को 15 लाख व 13 मई 2025 को 15 लाख की निकासी की। विभागीय जांच के दौरान यह भी प्रकाश में आया कि उन रुपयों में से 15 लाख रुपये बचत खाता धारक अजय यादव (आरक्षी, महबूबगंज चौकी) के खाते में जमा किया गया है। जांच के दौरान यह भी प्रकाश में आया है कि उक्त अजय यादव से शिवांशु श्रीवास्तव की अच्छी जान पहचान है। अजय ने उक्त रुपयों को 15 से 16 मई 2025 की अवधि में इंडियन बैंक के आलमबाग लखनऊ शाखा के बचत खाता में ट्रांसफर करा लिया। यह खाता आयुषी श्रीवास्तव पत्नी शिवांशु श्रीवास्तव के नाम है।

प्रवर डाक अधीक्षक ने बताया कि मुख्य आरोपी शिवांशु श्रीवास्तव के विरुद्ध केस दर्ज कराने के लिए हरि मोहन सिंह उपमण्डलीय निरीक्षक डाकघर, उत्तरी उपमण्डल अम्बेडकरनगर द्वारा कई बार थाना प्रभारी गोसाईगंज से कई बार अनुरोध किया गया। लेकिन उन्होंने कार्रवाई नहीं की। गोसाईगंज थाने के कार्यवाहक प्रभारी वीरेंद्र राय ने बताया कि एसएसपी के निर्देश पर शिवांशु श्रीवास्तव, आयुषी श्रीवास्तव व अजय यादव के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया है। मामले की विवेचना की जा रही है।

# पिता और पुत्र के ऊपर एसयूवी चढ़ाकर हत्या करने का प्रयास

अयोध्या कार्यालय।

- बाल-बाल बचा पिता, पुत्र गंभीर, भाइयों पर केस दर्ज

**अमृत विचार।** अपने रिश्तेदार के विवाद में दखल देने पर सगे भाइयों ने पिता-पुत्र पर एसयूवी चढ़ाकर हत्या करने का प्रयास किया। हालांकि पिता बाल-बाल बच गया जबकि पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। थाना गोसाईगंज पुलिस ने दो सगे भाइयों पर हत्या का प्रयास समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है।

पीड़ित हीराराम राजभर निवासी शेखपुरा रामापुर नु पुलिस को दी तहरीर में बताया कि रविवार को मैं व मेरा पुत्र रवि राजभर अपने रिश्तेदार आशाराम के घर गए थे। वहां पर आशाराम के परिवार से गांव के ही विकास वर्मा से कहासुनी हो रही थी। हम लोगों को देखकर उसने फोन करके अपने भाई संदीप वर्मा को बुलाते हुए कहा कि अपनी एसयूवी लेकर आओ व जातिसूचक गाली देते हुए कहा कि इनके ऊपर चढ़ा दो ताकि एक-दो मर जाए। इसके थोड़ी देर बाद संदीप वर्मा अपनी एसयूवी लेकर आया व जान से मारने की नियत से हमारे ऊपर चढ़ाने की कोशिश की। इस पर मैं तो बच गया लेकिन मेरा लड़का रवि एसयूवी की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगो की मदद से उसे सीएचसी गोसाईगंज ले गए। जहां से डॉक्टर ने उसे गंभीर हालत में दर्शननगर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। सीओ सदर योगेंद्र कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

# आखिर कहां से आ रहा चाइनीज मांझा, पुलिस के पास जवाब नहीं

## दो छात्रों व व्यापारी के घाव भरे ही नहीं कि रीडगंज ओवरब्रिज पर एक महिला भी हुई घायल

### छात्र के होंठ से कान के बीच हो गया गहरा घाव

केस-1

जयपुरिया स्कूल का कक्षा-9 का छात्र समर जायसवाल पुत्र ब्रिजेंद्र जायसवाल दो माह पूर्व नियावां इलाके में चाइनीज मांझे की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया था। वह कोचिंग पढ़ने जा रहे था। इससे उसके होंठ से कान के बीच गहरा घाव हो गया था, उसे करीब 15 टांके लगे, एक माह ऑपरेशन भी करना पड़ा। अब उसकी हालतब में सुधार है।

- रामनगरी में एक के बाद एक घटनाएं आ रहीं सामने



### राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी के गले में गंभीर चोट

केस-2

जिला रायफल क्लब से देवकाली स्थित अपने घर वापस जाते समय 19 मार्च को शूटिंग का राष्ट्रीय स्तर का खिलाड़ी सिद्धार्थ जीआईसी-वजीरगंज जप्ती ओवरब्रिज पर चाइनीज मांझे की चपेट में आ गया। इससे उसके गले में गंभीर चोटें आई। जिला अस्पताल में उसका इलाज हुआ था।

### महिला को पहुंचाया अस्पताल

केस-3

रीडगंज फ्लाईओवर पर रविवार शाम करीब छह बजे चाइनीज मांझे की चपेट में आने से विजय लक्ष्मी नामक महिला की गले में गंभीर चोट आई। लोगों ने उसे आनन-फानन एक निजी चिकित्सालय में पहुंचाया।

### व्यापारी के गले में लगे 24 टांके

केस-4

एक मार्च को शहर के गुदड़ी बाजार निवासी व्यापारी हिमांशु जायसवाल ख्वासपुरा इलाके में चाइनीज मांझे की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उनके गले में करीब 24 टांके लगे। अभी भी वह कार्य करने में असमर्थ हैं। उनका कहना है कि अभी दो दिन पहले दो लोग उनके सामने ही चाइनीज मांझे के शिकार होकर घायल हो गए। कहा कि उन्होंने इस रास्ते से आना जाना ही छोड़ दिया है।

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** उपरोक्त चार केस तो महज बानगी भर है। रामनगरी में मार्च से लेकर अब तक ऐसी कई घटनाएं हो चुकी है, जिसमें लोग चाइनीज मांझे की चपेट में आकर घायल हो चुके हैं। हाल ही में जयपुरिया स्कूल के दो छात्र और एक व्यापारी चाइनीज मांझे से घायल हुए थे। उनके घाव अभी ठीक भी नहीं हुए थे कि रविवार शाम को रीडगंज ओवरब्रिज के पास एक और महिला इसका शिकार हो गई।

यह घटनाएं ज्यादातर ओवरब्रिज पर हो रही है। रीडगंज ओवरब्रिज में एक साल में 12 से ज्यादा घटनाएं हो चुकी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि गुलबबाड़ी के खाली मैदान पर बच्चों के साथ युवा भी पतंगबाजी करते हैं। वहीं ख्वासपुरा में कई घटनाएं सामने आई हैं, बताया जाता है कि राठ हवेली इलाके की कई घरों की छतों पर की जा रही पतंगबाजी में प्रतिबंधित मांझे का प्रयोग किया जा रहा है। पुलिस का दावा है कि शहर में सख्ती से चाइनीज मांझे की बिक्री पर रोक लगाई गई। इसके बाद भी इससे घटनाएं हो रही हैं। अब ऐसे में प्रश्न उठता है कि यह प्रतिबंधित मांझा आखिर कहां से आ रहा है। इसका जवाब पुलिस के पास भी नहीं है।

### क्या है चाइनीज मांझा



चाइनीज मांझा कांच या सिंथेटिक कोटिंग वाला होता है। जो बेहद तेज और धारदार होता है। यह हवा में उड़ते हुए लोगों की गर्दन, चेहरे या हाथों को आसानी से काट सकता है। पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचाता है और पक्षियों की जान लेता है। उत्तर प्रदेश सरकार ने चाइनीज मांझे पर पूर्ण प्रतिबंध लगा रखा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसे हत्या की श्रेणी में रखने के निर्देश दिए हैं। इलाहाबाद हाईकोर्ट भी कई बार सरकार से सख्त कार्रवाई और जवाब मांग चुका है। पुलिस और प्रशासन छापा मारकर अवैध मांझा जब्त भी कर रहे हैं, लेकिन बाजारों में यह धड़ल्ले से उपलब्ध है। पुलिस के पास अभी तक स्पष्ट जवाब नहीं है कि यह मांझा कहां से आ रहा है। अवैध आयात, स्थानीय निर्माण या छुपकर बिक्री के रास्ते अभी भी खुले दिख रहे हैं।

> चाइनीज मांझे की बिक्री को लेकर प्रशासन संवेदनशील है। इसे गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई भी की जाती है। लोगों से अनुरोध है कि अगर कही चाइनीज मांझे की बिक्री हो रही तो उसकी सूचना पुलिस को दें, कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पीड़ित अगर पुलिस को शिकायत देंगे तो केस दर्ज किया जाएगा। - श्रीयश त्रिपाठी, सीओ सिटी।

# अनित सिंह मेमोरियल सीबीपीएल ट्रॉफी का अनावरण

अयोध्या कार्यालय।




टी-10 बीपीसीएल-4 ट्रॉफी का अनावरण करते हेमंत कालरा व अन्य वरिष्ठ खिलाड़ी।

- स्काई स्टेडियम में टी-10 रूल आउट प्रतियोगिता 12 से

**अमृत विचार:** रिकाबगंज स्थित स्काई स्टेडियम में टी-10 रूल आउट सीबीपीएल-4 क्रिकेट प्रतियोगिता 12 अप्रैल से आयोजित होगी। प्रतियोगिता ट्रॉफी का रविवार देर शाम मुख्य अतिथि हेमंत कालरा, विशिष्ट अतिथि दानिश अंसारी व रवि मेहरोत्रा ने अनावरण किया।

आयोजन अध्यक्ष दीपेन्द्र श्रीवास्तव ने बताया कि कैनवस बॉल प्रीमियर लीग में 10 ओवरों का मैच होगा। रात में फ्लड लाइट में होने वाली प्रतियोगिता में पांच टीमें लीग मुकाबले खेल कर आगे बढ़ेंगी और शेष 16 टीमें नॉक आउट दौर से अगले चक्र में पहुंचेगी। अगले चक्र में दोनों ग्रुप की दो बेस्ट टीमों के बीच सेमीफाइनल मुकाबला होगा। आयोजन निदेशक सैय्यद सुबहानी ने बताया कि विजेता व उपविजेता टीमों को टॉफी व नकद पुरस्कार दिया जाएगा। प्लेयर ऑफ द टूर्नामेन्ट स्व. रितेश आहूजा की याद में, बेस्ट बल्लेबाज स्व. राजीव श्रीवास्तव, बेस्ट बॉलर महेश लखमानी व बेस्ट फील्डर खालिद अंसारी की याद में दिया जाएगा। ताहिर सिद्दीकी ने बताया की विशेष पुरस्कार दिवंगत खिलाडियों की याद में दिया जायेगा। इस मौके पर डॉ. रजनीश, खाकी वाले गुरुजी रणजीत यादव, सहसचिव आसिफ, राहुल, शुभम आदि मौजूद रहे।

### डीएम ने की उर्वरक की उपलब्धता की समीक्षा

**अयोध्या, अमृत विचार:** जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने सोमवार को जिले में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता और वितरण को लेकर समीक्षा बैठक की। कहा कि किसानों को समय पर एवं पर्याप्त मात्रा में उर्वरक जैसे यूरिया, डीएपी आदि उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। निर्देश दिये कि किसी भी स्तर पर उर्वरकों की कालाबाजारी, जमाखोरी अथवा अनियमितता पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। कृषि विभाग के अधिकारियों से कही कि जिले के सभी उर्वरक विक्रेताओं के स्टॉक की नियमित निगरानी की जाए। उपलब्धता की स्थिति की सतत समीक्षा करते हुए आवश्यकता अनुसार आपूर्ति कराई जाए। किसानों को निर्धारित दरों पर ही उर्वरक उपलब्ध कराया जाए, किसी प्रकार की अतिरिक्त वसूली न होने पाए।बैठक में सीडीओ कृष्ण कुमार, डीडी एग्रीकल्चर, कृषि अधिकारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# डीएम ने विभागों को दिया काम तेज करने का निर्देश

- टूरिस्ट फैसिलिटी सेंटर और प्रवेश द्वार की प्रगति समीक्षा

**अयोध्या।** जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने टूरिस्ट फैसिलिटी सेंटर (टीएफसी) और प्रवेश द्वार निर्माण के लिए भूमि की उपलब्धता को लेकर सोमवार को समीक्षा बैठक की। इसमें डीडी पर्यटन ने बताया कि ग्राम समाज की भूमि का अधिग्रहण कराया जाना प्रस्तावित है। भरत द्वार और श्रीराम द्वार के लिए भूमि क्रय की प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है तथा निर्माण कार्य में कोई विशेष बाधा नहीं है। गरुड़ द्वार के संबंध में कुरावा, सोहावल की भूमि का अधिग्रहण प्रस्तावित है। जटायु द्वार के लिए ग्राम राजेपुर उपरहार के लिए भूमि स्वामी से भूमि विक्रय से असहमति व्यक्त की गई है। न्यायालय में वाद योजित है। प्रकरण विचाराधीन है। शेष भूमि का क्रय पूर्ण किया जा चुका है।

डीएम ने निर्देश दिया कि विभाग आपसी समन्वय से सभी प्रस्तावों को शीघ्र अंतिम रूप दें। जिन प्रवेश द्वारों और टूरिस्ट फैसिलिटी सेंटर के लिए अतिरिक्त भूमि की आवश्यकता है, उनके प्रस्ताव तत्काल तैयार कर प्रेषित किए जाएं, ताकि परियोजनाओं को समयबद्ध रूप से पूर्ण कराया जा सके। बैठक में अपर जिलाधिकारी कौशल कुमार (भू/आ), अपर जिलाधिकारी (वि/रा) अमित कुमार भट्ट, डीडी पर्यटन सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# 84 कोसी परिक्रमा पथ पर निकले साधु-संतो के दो जत्थे

गोसाईगंज/तारुन, अयोध्या।



तेलियागढ़ चौराहे पर जय श्री राम का उद्घोष करते 84 कोसी परिक्रमा में शामिल साधु- संत।

- जगह-जगह स्वागत, राम नाम में मगन परिक्रमार्थी

**अमृत विचार :** 84 कोसी परिक्रमा करने वाले श्रद्धालुओं के दोनों जत्थे अयोध्या की सीमा में पहुंच गए हैं। पहला जत्था मखौड़ा धाम बस्ती से चलकर सोमवार को पांचवें दिन 84 कोसी परिक्रमा विहिप की ओर से अवध धाम हनुमान मंडल का दल सुरेंद्र सिंह के नेतृत्व में महादेवा घाट गोसाईगंज से तारुन के टिकरी गांव पहुंचा। जलपान विश्राम कर शाम को तारुन बाजार में पहुंचने पर अजय सिंह, अनुपम सिंह, नलिनेश प्रताप सिंह, महंत मौर्या समेत बाजार के लोगों ने साधु-संतों और श्रद्धालुओं के ऊपर पुष्पवर्षा कर फूलमालाओं से अभिनंदन किया। यात्रा में राजस्थान, बिहार, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों से सैकड़ो साधु-संत और श्रद्धालु शामिल हैं। यात्रा का पड़ाव विश्राम सराय शेख में स्थित एक विद्यालय में होगा। यात्रा में महिलाएं भी शामिल है। इसके पूर्व महादेव घाट पर ठहरे इस दल के लोगों ने तमसा में स्नान कर साथ लाए ठाकुर जी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। संत-महंतों के लिए भजन-कीर्तन और भोजन की व्यवस्थाएं कीं गई।

परिक्रमा करने वालों का दूसरा जत्था श्रृंगी ऋषि आश्रम से महादेवा घाट पहुंचा। राम नाम संकीर्तन और जय श्रीराम के साथ महंत गया दास की अगुवाई में आए संत-महंत और श्रद्धालुओं का नगर सीमा में प्रवेश पर श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों ने पुष्प वर्षा, माल्यार्पण और जलपान के साथ स्वागत किया। महंत गया दास ने बताया कि इस परिक्रमा में राजस्थान, गोण्डा, आगरा, नेपाल, मध्य प्रदेश और उत्तराखंड सहित कई स्थानों से श्रद्धालु शामिल हुए हैं। बच्चे, युवा, महिलाएं और बुजुर्ग भी बड़ी संख्या में हैं। गोसाईगंज सीएचसी के चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों ने जरूरी दवाएं उपलब्ध कराई। अधीक्षक डॉ. राणा रवि प्रकाश, फार्मासिस्ट वीरेंद्र शुक्ला,वार्ड बॉय-भोला तिवारी, डॉ. राम सजीवन ,राधेश शास्त्री,रामेश्वर कसौधन आदि मौजूद रहे।

# 30 लाख के फोन बरामद, लोगों को सौंपे

अयोध्या कार्यालय।



पीड़ित को मोबाइल वापस करते एसपी सिटी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ अयोध्या आशुतोष तिवारी।

**अमृत विचार :** सर्विलांस सेल व जिले की थाना स्तर की संयुक्त पुलिस टीमों ने गुम हुए 203 मोबाइल को सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से बरामद कर पीड़ितों को सौंप दिये। इन मोबाइल फोन की कीमत 30.45 लाख रुपये आंकी गई है।

एसपी सिटी चक्रपाणि त्रिपाठी ने अपने कार्यालय में सोमवार को बताया कि बीते वर्षों में अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि व हनुमानगढ़ी मंदिर में दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में अत्यधिक वृद्धि हुई है। इस दौरान उनके मोबाइल फोन खोने या चोरी होने की घटनाओं में भी इजाफा हुआ हुई है। एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर के निर्देश पर मोबाइल बरामदगी के लिए क्षेत्राधिकारी अयोध्या आशुतोष तिवारी के नेतृत्व में सर्विलांस व स्वॉट टीम के प्रभारी अमरेश कुमार त्रिपाठी व जिले के समस्त थानों के सीईआईआर पोर्टल पर नामित पुलिसकर्मियों की संयुक्त टीम बनाई गई थी। इस टीम ने अब तक 30.45 लाख की कीमत के 203 मोबाइल फोन बरामद किये। जिन्हें सोमवार को पुलिस लाइंस में पीड़ितों को सौंपा गया। मोबाइल स्वामियों द्वारा अयोध्या पुलिस का आभार जताया गया। उन्होंने लोगों से अपील की कि वह अपने खोए या चोरी हुए मोबाइल फोन की शिकायत तुरंत अपने निकटतम पुलिस स्टेशन में दर्ज कराएं या सीधे सीईआईआर पोर्टल पर ऑनलाइन रिपोर्ट दर्ज कराएं।

# बयान के लिए आने से कन्नी काट रहे चिकित्सक

## नोटिस भेजे तीन दिन बीते, सिर्फ स्टाफ ने ही दर्ज कराए बयान

अयोध्या कार्यालय।

- जच्चा-बच्चा मौत मामले में दर्ज हो चुकी है एफआईआर

**अमृत विचार :** रिकाबगंज के बल्ला हाता स्थित मां परमेश्वरी देवी मेमोरियल हॉस्पिटल में जच्चा-बच्चा की मौत के मामले में बयान दर्ज कराने से इंपैनल चिकित्सक बच रहे हैं। वे सीएमओ ऑफिस आने से कन्नी काट रहे हैं। नोटिस दिए जाने के तीन दिन बाद भी अभी तक कोई चिकित्सक बयान देने नहीं पहुंचा है।

प्रसव के दौरान सोनी यादव व उसके नवजात की मौत के बाद मां परमेश्वरी देवी अस्पताल को सील कर दिया गया है। इसके साथ ही अस्पताल के इंपैनल सभी चिकित्सक व स्टाफ को बयान दर्ज कराने के बुलाया गया है। इसके लिए सभी को नोटिस भी भेजी गई हैं। स्टाफ में अब तक जीएनएम, फार्मासिस्ट मिलाकर चार लोग अपना बयान दर्ज करा चुके हैं, लेकिन चिकित्सक अभी तक सीएमओ ऑफिस नहीं पहुंचे हैं। इंपैनल चिकित्सकों में बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. रविकांत वर्मा, डॉ. आशीष द्विवेदी, एनेस्थेटिस्ट अभिषेक सिंह व संचालिका डॉ. अंजली श्रीवास्तव शामिल हैं।

इसके अलावा पर्सन इंचार्ज के रूप में डॉ. फिजाउर्रहमान का नाम सामने आ रहा है। चिकित्सकों के न पहुंचने से स्वास्थ्य विभाग की जांच अब लटकने लगी है। एसीएमओ व जांच अधिकारी डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव ने बताया कि मंगलवार को भी चिकित्सक बयान दर्ज कराने नहीं पहुंचे। अगर शाम तक नहीं आए तो दोबारा नोटिस जारी की जाएगी। उसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बीएचएमएस की डिग्री, बोर्ड लगा रखा था एमडी का

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** जच्चा-बच्चा की मौत के बाद से मां परमेश्वरी देवी मेमोरियल हॉस्पिटल सील है। मामले में एफआईआर भी दर्ज हो चुकी है, लेकिन परत दर परत खुलासे होना अब भी जारी हैं। पता चला है कि हॉस्पिटल की संचालिका डॉ. अंजली श्रीवास्तव वर्षों से मरीजों को गुमराह करते आ रही हैं। सूत्रों की मानें तो डॉ. अंजली ने स्वास्थ्य विभाग में सिर्फ बीएचएमएस की डिग्री लगाई थी। जबकि अस्पताल के बाहर उन्होंने एमडी, महिला रोग विशेषज्ञ का बोर्ड लगा रखा है, ताकि मरीजों को डिग्री पर किसी तरह का शक न हो। बीएचएमएस में भी एमडी होता है, लेकिन अंजली ने एमडी की डिग्री नहीं लगाई थी। अस्पताल में लगा बोर्ड सिर्फ मरीजों को गुमराह करने के लिए लगाया गया था। एक और बड़ी बात सामने आई है कि अंजली ने अस्पताल को चलाने के लिए एक एमबीबीएस डॉक्टर की डिग्री लगाई थी। स्वास्थ्य विभाग की सीलिंग की कार्रवाई वाले दिन ही तीन मरीज मिले थे, जिन्होंने अपना ऑपरेशन किए जाने की जानकारी दी थी। जांच अधिकारी एसीएमओ डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग भी अपनी जांच कर रहा है। डॉ.अंजली ने एमडी की डिग्री नहीं लगाई थी। स्टाफ के बयान में यह बात आई है कि उस दिन डिलीवरी अस्पताल की दाई ने कराई थी।

### जच्चा-बच्चा मौत मामला: वर्षों से मरीजों को गुमराह करती रही महिला चिकित्सक




बोर्ड में डॉ. अंजली श्रीवास्तव के साथ लिखा एमडी, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ।

### पुलिस ने सीएमओ ऑफिस से मांगा डाटा

नगर कोतवाल अश्विनी पांडेय ने बताया कि सीएमओ कार्यालय को पत्र लिखा जा रहा है कि अस्पताल के पंजीकरण समेत अन्य डाटा व सीसीटीवी हमें उपलब्ध कराया जाए। इसके अलावा वादी, उसके परिवार व चश्मदीद गवाहों के बयान आदि की प्रक्रिया की जाएगी।

### महिला उपभोक्ताओं को पढ़ाया मिशन शक्ति का पाठ

**पूराबाजार, अमृत विचार:** पूराकलंदर की महिला पुलिस टीम ने सोमवार को क्षेत्र के बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के शाखा शांतिपुर में उपभोक्ताओं को मिशन शक्ति का पाठ पढ़ाया। टीम के साथ बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक की शाखा शांतिपुर में पहुंची उपनिरीक्षक खुशबू यादव ने बैंक में मौजूद गांव से आई महिलाओं को 1090 और 112 की जानकारी दी। कहा कि कभी भी विषम परिस्थितियों में घबराएं नहीं बल्कि साहस के साथ डटकर मुकाबला करें। सहायता के लिए पुलिस साथ है। उप निरीक्षक बीना पांडेय ने गुड टच और बैड टच के बारे में जानकारी लेते हुए महिलाओं को जागरूक किया। मौके पर आरक्षी यमुना सहित बैंक शाखा प्रबंधक अनुज तिवारी, सुनीता, उर्मिला, ललिता, काजल, हर्षित पांडेय आदि मौजूद रहे।

न्यूज ब्रीफ

### कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान की समीक्षा आठ को

**अयोध्या।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव सत्यनारायण पटेल आठ अप्रैल को दो बजे कांग्रेस कार्यालय कमला नेहरू भवन पर संगठन सृजन अभियान की समीक्षा बैठक करेंगे। यह जानकारी जिला कांग्रेस प्रवक्ता शीतला पाठक ने दी।

### स्थापना दिवस पर वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान

**अयोध्या, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर पार्टी के वरिष्ठ नेता, पूर्व सभासद राजेंद्र यादव (मल्हू) का लक्ष्मी सागर सरोवर पर भाजपा पूर्व नगर अध्यक्ष दिनेश जायसवाल, पूर्व नगर उपाध्यक्ष राजीव शुक्ल ने राम नामी एवं माला पहनाकर सम्मानित किया। भाजपा नेताओं ने कहा की राजेंद्र जी की प्रबल हिंदुत्व की विचारधारा और भाजपा के प्रति समर्पण की भावना के साथ उनका आज भी सक्रिय योगदान पार्टी को प्राप्त हो रहा है। ऐसे कार्यकर्ताओं को सम्मानित करना जरूरत है। कार्यक्रम में लालजी पांडे, अरविंद त्रिवेदी, अजय ओझा, मथुरा दुबे, कृष्ण चंद्र श्रीवास्तव, रामदेव यादव आदि मौजूद रहे।

### नहीं रहे रानीबाजार के भाजपा मंडल अध्यक्ष



शिव प्रकाश शर्मा (फाइल फोटो)

**रानीबाजार, अमृत विचार :** बीकापुर विधानसभा क्षेत्र में मंडल अध्यक्ष रानी बाजार शिव प्रकाश शर्मा (45) निवासी सथरी का असामायिक निधन हो गया। वह काफी दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। दो दिन पहले तबीयत खराब होने पर मंडलीय चिकित्सालय में भर्ती कराए गए। जहां सोमवार दोपहर बाद उन्होंने अंतिम सांस ली। जानकारी पर पार्टी कार्यकर्ताओं, शुभचिंतकों व ग्रामीणों में शोक की लहर दौड़ गई। लोग शोक संवेदना व्यक्त करने उनके आवास पहुंचने शुरू हो गए।

### संपत्ति के विवाद में दो पट्टीदारों में चले ईट पत्थर, पांच घायल

**मसौधा, अयोध्या। अमृत विचार।** पूराकलंदर थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत अबनपुर सरोहा मजरे तिवारी का पुरवा में रविवार रात करीब 11 बजे संपत्ति के विवाद में दो पट्टीदारों अबनपुर सरोहा मजरे तिवारी का पुरवा निवासी सुरेंद्र यादव और रविंद्र यादव के बीच जमकर ईंट-पत्थर चले। घटना में पीड़ित समेत पांच घायल हो गये।

एक पक्ष की सूचना पर पहुंची पीआरवी पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो दूसरा पक्ष आग बबूला हो गया। आरोप है कि रविंद्र यादव व अन्य ने पुलिस के साथ धक्का मुक्की की। स्थिति को बिगड़ते देख पीआरवी के बुलावे पर थाने के क्षेत्रीय दरोगा अमरेश यादव हमराही सिपाहियों के साथ पहुंचे तो आरोपी रवींद्र मौके से फरार हो गया। घटना में सुरेंद्र यादव, उनकी भतीजी चांदनी यादव, माता इंद्रावती सहित चार लोगों को पुलिस ने घायलावस्था में जिला अस्पताल भिजवाया। प्रभारी निरीक्षक पूराकलंदर मनोज शर्मा ने बताया कि सुरेंद्र यादव की तहरीर पर रविंद्र यादव के विरुद्ध हत्या के प्रयास समेत अन्य धाराओं केस दर्ज किया गया है। दो लोगों को हिरासत में लिया गया है। पीआरवी के साथ भी झड़प को लेकर कहा कि सिर्फ धक्का मुक्की हुई है।

# सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी टीकाकरण शुरू

## महिला अस्पताल से हुई शुरूआत, आज से सभी सीएचसी पर भी होगा वैक्सीनेशन ▪ पहले दिन टीका लगवाने वाली किशोरियों को प्रमाण पत्र किया वितरित

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** जिले की किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए सोमवार को महिला अस्पताल से एचपीवी टीकाकरण अभियान की शुरुआत हो गई है। पहले दिन पहुंचीं किशोरियों को टीका लगाने के बाद उन्हें प्रमाण पत्र दिया गया। महिला अस्पताल में यह टीका रोज लगेगा। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग ने मंगलवार से ही जिले की सभी सीएचसी पर टीकाकरण शुरूकरने का ऐलान किया है।



महिला अस्पताल में एचपीवी टीकाकरण के दौरान मौजूद जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे, सीडीओ केके सिंह, सीएमओ देवेंद्र भिटौरिया, महिला अस्पताल की सीएमएस डॉ .विभा कुमारी व जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ .पीसी भारती।

महिला अस्पताल में इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम की शुरुआत जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे, मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह व सीएमओ डॉ. देवेंद्र कुमार भिटौरिया ने संयुक्त रूप से की। जिला अधिकारी ने कहा कि यह वैक्सीन किशोरियों को गंभीर बीमारियों से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। समाज में एचपीवी संक्रमण और इससे होने वाले गर्भाशय ग्रीवा कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा टीकाकरण को बढ़ावा देना इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है।

सीएमओ ने एचपीवी संक्रमण, संभावित दुष्प्रभावों और टीकाकरण के लाभों पर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि समय पर टीका लगवाने से गर्भाशय ग्रीवा कैंसर का जोखिम काफी हद तक कम किया जा सकता है। उपस्थित छात्राओं, अभिभावकों और स्थानीय नागरिकों को वैक्सीन के फायदों के बारे में जागरूक किया गया। जिला महिला चिकित्सालय की अधीक्षिका डॉ. विभा कुमारी, डॉ. आशा राम, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. पीसी भारती, डॉ. सद्दाम खान समेत विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### क्या है सर्वाइकल कैंसर

जब गर्भाशय ग्रीवा की कोशिकाएं असामान्य रूप से बढ़ने लगती हैं और शरीर उन्हें कंट्रोल नहीं कर पाता तो यही स्थिति सर्वाइकल कैंसर बन जाती है। ह्यूमन पेपिलोमा वायरस (एचपीवी) संक्रमण इसका मुख्य कारण होता है। यह एक आम यौन संक्रमण है जो ज्यादातर मामलों में खुद-ब-खुद ठीक हो जाता है, लेकिन कभी-कभी यह कैंसर में बदल सकता है। आम बोलचाल की भाषा में इस कैंसर को बच्चेदानी के मुंह का कैंसर भी कहा जाता है।

### 15वें जन्मदिन से पहले लगवा सकेंगी टीका

एचपीवी का टीका सर्वसुलभ बनाया जा रहा है। प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. पीसी भारती ने बताया कि जिले में अब तक 7500 टीके की खुराक मंगाई जा चुकी है। यह टीका निशुल्क लगेगा। उन्होंने अभिभावकों से टीकाकरण को लेकर जागरूक होने की अपील की है।

### डीआईओएस व बीएसए से मांगी छात्राओं की सूची

सीएमओ डॉ. देवेंद्र कुमार भिटौरिया ने बताया कि टीकाकरण अभियान को सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम जुट गई है। यह एक बड़ा अभियान है। जनपद के कोने-कोने तक टीकाकरण कराने के लिए डीआईओएस व बीएसए से छात्राओं की सूची मांगी गई है।

### शुरुआती लक्षण

- अनियमित पीरियड्स आना।
- बेवजह थकान लगना।
- यूरिन पास करने में परेशानी होना।
- पेल्विक एरिया में दर्द या असहजता।
- भूख में कमी।

# विद्युत कर्मियों के निष्कासन पर विरोध सभा की

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** आउट सोर्सिंग संविदा विद्युत कर्मियों के निष्कासन के बाद पुनः वापसी न किए जाने के विरोध में सोमवार को मुख्य अभियन्ता वितरण कार्यालय के सामने उप्र विद्युत मजदूर पंचायत के तत्वावधान में विरोध सभा का आयोजन हुआ। अध्यक्षता कर रहे उप्र विद्युत मजदूर पंचायत के जोनल अध्यक्ष केएन सिंह ने बताया कि पूर्व में निष्कासित आउट सोर्सिंग संविदा कार्मिकों को कार्य पर वापसी के संबंध में मुख्य अभियन्ता वितरण अयोध्या से हुए समझौते का पालन न किए जाने और 31 मार्च को जिले में कार्यरत 52 अदद परिचालकीय संविदा कार्मिकों को उनकी सेवा समाप्ति का नोटिस जारी कर दिया गया। इन दोनों बिंदुओं को लेकर सोमवार को विरोध सभा हुई और मंगलवार को भी जारी रहेगी। विरोध सभा संचालन सुशील मौर्या ने किया। इसमें बड़ी संख्या में बिजली कर्मियों ने शिरकत की।




विरोध सभा में मौजूद विद्युत मजदूर पंचायत के सदस्य।



डिप्टी जेलर बनकर गांव पहुंचे अनुपम का माला पहनाकर स्वागत करते ग्रामीण।

### डिप्टी जेलर बन गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने किया स्वागत

**अमानीगंज, अमृत विचार :** खंडासा थाना क्षेत्र के कटैया भादी (धरौली) गांव के होनहार अनुपम तिवारी ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग परीक्षा में सफलता हासिल की। डिप्टी जेलर पद पर चयन पाकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। गांव पहुंचने पर उनका फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। परिजन, मित्र और ग्रामीणों ने मिठाइयां बांटकर खुशी जाहिर की। बड़े पिता राजनारायण तिवारी, पिता श्याम नारायण तिवारी और चाचा विश्वनाथ तिवारी ने इसे अनुपम की कड़ी मेहनत और लगन का परिणाम बताया। ग्रामीणों ने कहा कि अनुपम तिवारी की सफलता क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणादायक है। अनुपम ने सफलता का श्रेय अपने बाबा स्व. रण बहादुर तिवारी को दिया। कहा कि निरंतर अध्ययन और मेहनत से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। छात्रों को सलाह दी कि सोशल मीडिया का सकारात्मक उपयोग करते हुए ऑनलाइन पढ़ाई पर ध्यान देना चाहिए।

# मानदेय न मिलने से आशा बहुओं ने किया प्रदर्शन

तारुन, अयोध्या

**अमृत विचार:** सीएचसी तारुन की आशा बहुओं ने सोमवार को अधीक्षक की चल रही साप्ताहिक मीटिंग के कमरे में बाहर से दरवाजे पर ताला बंद कर दिया। आशा बहू तारुन अध्यक्ष साधना पांडे की अगुवाई में धरना-प्रदर्शन कर अधीक्षक डॉ. अंशुमान गुप्ता पर गंभीर आरोप लगाकर नारेबाजी की।

मानदेय मार्च 2025 से अब तक, जननी सुरक्षा का पैसा, सीएचओ से आशाओं को मिलने वाला नसबंदी का पैसा, डॉटस का पैसा, सी बैंक का पैसा और आभा आईडी का पैसा, फाइलेरिया, कुष्ठ रोग पोलियो का पैसा, टीवी सर्वे का पैसा, आयुष्मान का पैसा न मिलने से नाराज थी। सीएमओ डॉ.देवेंद्र कुमार भिटौरिया ने कहा कि मुझे जानकारी नहीं थी, जल्द ही समस्या का समाधान हो जाएगा। धरना-प्रदर्शन में गीता देवी, साधना, कविता, माया, शर्मिला वर्मा, संतोष यादव, शशिकला सिंह सहित सैकड़ो आशा शामिल रही। इनका कहना है कि समस्या का समाधान न होने पर सरकार की योजनाओं के कार्यों का बहिष्कार किया जाएगा। सीएमओ के आश्वासन पर आशा बहुओं ने तालाबंदी समाप्त की।



तारुन के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर पर धरना प्रदर्शन करतीं आशा बहुएं।

- तालाबंद कर किया नारेबाजी

# छह दशक बाद वीर चक्र विजेता शहीद को अपनी जन्मभूमि पर मिला सम्मान

अशोक मिश्रा, सोहावल, अयोध्या।

- दूधिया रोशनी में स्मृति गेट और स्मृति स्थल दिलाएगा शहीद की याद

**अमृत विचार:** देश की सीमा पर लड़ते हुए शहीद वीर चक्र विजेता देवी बक्श सिंह को अपनी जन्मभूमि क्षेत्र में सम्मान मिलने में छह दशक लग गए। लिखा पढ़ी हुई। दौड़भाग, नापजोख के बाद अब हाई मास्क की जगमगाती दूधिया रोशनी स्मृति गेट, मनोहारी शहीद हवलदार का स्मृति स्थल लगभग 61 वर्ष बाद चमकता-दमकता स्थान याद दिलाता रहेगा।

सोहावल तहसील क्षेत्र बदौली में जन्में हवलदार देवी बख्स सिंह सन 1965 में युद्ध के दौरान शहीद हुए। शहीद के बलिदान की याद में राष्ट्रीय राजमार्ग बसहा चौराहा पर सेना से और बडागांव रेलवे स्टेशन पर स्मृति स्तंभ भी लगा,लेकिन एक स्तंभ बनकर रह गया। यहां ध्वजारोहण होता रहा। स्मृति द्वार की बात छोड़िए एक शेड नहीं बन पाया। भाजपा नेता कृष्ण कुमार पांडेय, धर्मपाल व विनोद गौड़ प्रदेश से केंद्र तक स्मारक स्थल और स्मृति द्वार बनाने के लिए पत्राचार और पैरवी करते रहे। कुछ साल पहले स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और शहीदों के सम्मान और गांव विकास की योजना बनी लेकिन वह नहीं हो सका जिसकी लोगों को अपेक्षा थी। इसकी जानकारी पर पूर्व सिचाई मंत्री स्मृति शेष मुन्ना सिंह चौहान की पत्नी तत्कालीन विधायक शोभा सिंह चौहान और वर्तमान विधायक उनके पुत्र डॉ. अमित सिंह चौहान ने अपनी निधि से स्मृति गेट और स्थल का सौंदर्यीकरण की घोषणा की। स्मृति गेट बनकर तैयार है। शहीद को अब सम्मान मिलने की उम्मीद पूरी होने वाली है।

# वार्षिक रिपोर्ट-डे पर आयोजित हुआ सम्मान समारोह

मसौधा अयोध्या

**अमृत विचार:** देवा पब्लिक स्कूल व देवा इंटर कॉलेज में प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। वार्षिक पुरस्कार वितरण के साथ सत्र समापन समारोह में छात्र छात्राओं ने नाटक मंचन कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मेधावियों को पुरस्कृत किया गया।

मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष पेट्रोलियम एसोसिएशन राजेश कुमार सिंह, समाजसेवी महेश नारायण पांडे, एडवोकेट त्रिलोकी नाथ द्विवेदी, दुर्गा प्रसाद तिवारी, अजय कुमार पांडे, प्रबंधक देवास पब्लिक स्कूल रेवतीगंज अमन उपाध्याय, विद्यालय निदेशक सहदेव उपाध्याय उपाध्याय प्रधानाचार्या नमिता मिश्रा नें मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।



देवा पब्लिक स्कूल में छात्र को पुरस्कृत करते मुख्य अतिथि पेट्रोलियम एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह व अन्य। अमृत विचार

छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना, गीत व नृत्य प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध किया। प्रधानाचार्या ने बीते सत्र का रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत किया। मेधावी छात्र-छात्राओं को माला पहना, प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। सर्वाधिक उपस्थिति के लिए प्री प्राइमरी वर्ग में यूकेजी ए के छात्र ऋषभ, प्राइमरी वर्ग में कक्षा पांच बी के छात्र देवांश रावत, जूनियर वर्ग में कक्षा सात ए के छात्र आदित्य तिवारी और सीनियर वर्ग में कक्षा नौ ए की छात्रा शगुन सिंह ने अपना परचम लहराया। वहीं सभी कक्षाओं में सर्वाधिक अंक पाने वाले प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं में आश्वी मौर्या, अंशुमन यादव, अथर्व पटेल, देवांग उपाध्याय, अबान अहमद, ऋषभ, अन्वी यादव, देवांशी उपाध्याय, आर्यन प्रकाश, प्राची शुक्ला, शिवांश पांडेय, अखिल उपाध्याय, जुनैरा रहमान, शिवांश तिवारी, असद अहमद, शिवम चौरसिया, सौरभ पांडेय, अर्पिता पांडेय, मान्या वर्मा, आदित्य तिवारी, जयभान मौर्या, शताक्षी मिश्रा, दीपक चौरसिया, प्रज्ञा पांडेय, प्रतिष्ठा, अंकुश वर्मा, आदर्श पांडेय व पूर्णिमा को शिक्षण सामग्री देकर सम्मानित किया गया। समापन पर विद्यालय निदेशक ने कहा कि संस्था व छात्र छात्राओं का पूर्ण दायित्व शिक्षकों पर होता है। शिक्षक ही विद्यार्थी जीवन के सारथी होते हैं।

- बच्चों ने किया नाटक का मंचन, पुरस्कृत हुए मेधावी

# रुदौली में नामित सभासदों को दिलाई गई शपथ

डाक बंगले में हुआ आयोजन विधायक रामचंद्र और एसडीएम रहे मौजूद

रुदौली, अयोध्या।

**अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद रुदौली एवं मां कामाख्या धाम के नामित सभासदों का शपथ ग्रहण समारोह सोमवार को डाक बंगले में आयोजित हुआ। विधायक रामचंद्र यादव और एसडीएम संतोष कुमार की मौजूदगी में नगर पालिका रुदौली में नामित सदस्य प्रमोद द्विवेदी, राज किशोर सिंह, शिव कुमारी रावत, पूनम गुप्ता, श्री कृष्ण लोधी, मां कामख्या धाम के नामित सदस्य कुसुमावती सोनकर, उमा शंकर सिंह मुकेश पाल को शपथ दिलाई गई।

विधायक ने कहा कि जब-जब प्रदेश और देश में भाजपा की सरकार बनी शहरी विकास के लिए योजनाओं और कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाया गया है। पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह और नगर विकास मंत्री लाल जी टंडन के समय में शहरी विकास के लिए पर्याप्त धन आवंटित किया गया था, जिससे निकायों में कार्यों की गति बढ़ी। उन्होंने प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना का भी उल्लेख करते हुए कहा कि इससे शहर के गरीबों को आवासीय सुविधाएं मिली हैं।

उप जिलाधिकारी संतोष कुमार ने कहा कि नामित सभासदों के रचनात्मक और विकासात्मक कार्यों से नगर का समग्र विकास होगा। नगर पालिका अध्यक्ष जब्बार अली ने कहा कि शहर के विकास और नागरिकों की भागीदारी सामाजिक छवि को मजबूत करेगी। मां कामाख्या धाम के अध्यक्ष शीतला प्रसाद शुक्ल ने कहा कि नगर पंचायत के गठन के बाद क्षेत्र में हुए विकास कार्यों ने नवगठित वार्डों की तस्वीर बदल दी है। समारोह में भाजपा नगर अध्यक्ष रामराज लोधी, बाबा बाजार मंडल अध्यक्ष राकेश तिवारी, सभासद गुलाम अंसारी, मोहम्मद शाहिद, श्याम बाबू गुप्ता, सचिन कसौधन, डॉ. विनोद मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### शिक्षा से ही समाज का विकास संभव: भगवान बक्स



कंपोजिट विद्यालय सोनेडांड में छात्र को पुरस्कार देकर सम्मानित करते मुख्य अतिथि भगवान बक्स सिंह।

**पूराबाजार, अमृत विचार :** क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय सोनेडांड में बड़े धूमधाम से वार्षिकोत्सव मनाया गया। बच्चों से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जिसे देखकर उपस्थित लोग मंत्र मुग्ध हो गए। शुभारंभ मुख्य अतिथि गोसाईगंज विधायक अभय सिंह के पिता भगवान बक्स सिंह ने मां सरस्वती के प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलित व माल्यार्पण कर किया। कहा कि शिक्षा के बिना समाज का विकास संभव नहीं है। सभी बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में उत्कृष्ट भूमिका निभाने वाले छात्र छात्राएं अनमोल, पूजा और सलोनी को पुरस्कृत किया गया। अध्यक्षता रामफूल निषाद व संचालन कौशलेंद्र प्रताप सिंह ने किया। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक राजेश कुमार वर्मा, गिरिजा शंकर सिंह, धर्मेंद्र प्रताप सिंह, अंकुर सिंह सहित अध्यापक, अभिभावक व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# दिल्ली के मंच पर महंत मिथिलेश नंदनी शरण ने बताया अयोध्या का दर्द

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र दिल्ली में आयोजित अयोध्या पर्व के समापन सत्र के दौरान भविष्य की अयोध्या, शासन और समाज विषय पर आयोजित संगोष्ठी में हनुमत सदन मंदिर के महंत मिथिलेश नंदनी शरण ने अयोध्या का दर्द बयां किया। अपने बयान में कहा कि धार्मिक नगरी से आधुनिक पर्यटन नगरी के रूप में बदल रही अयोध्या में रहने वाले लोग परेशान है, लेकिन अपना दर्द किसी से कह नहीं सकते हैं। उनके बयान का वीडियो सोशल मीडिया वायरल हो रहा है। हालांकि अमृत विचार इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

जारी वीडियो में महंत डॉ. मिथिलेश नंदनी शरण ने कहा कि अयोध्या का जो विकास मॉडल प्रस्तुत किया जा रहा है, उसमें उसकी मूल आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पहचान पीछे छूटती जा रही है। अयोध्या केवल पर्यटन या आधुनिकता का केंद्र नहीं, बल्कि उसकी आत्मा उसकी सनातन परंपरा में निहित है। उन्होंने अयोध्या की तुलना कश्मीर से करते हुए कहा कि सुरक्षा व्यवस्था इतनी कठोर हो गई है कि बिना पुलिस के जी हजूरी किए आप अयोध्या में घुस नहीं सकते है। बीमार मर जाएगा, लेकिन बैरियर नहीं खोला जाएगा। वह अस्पताल तक नहीं जा पाएगा। हम लोग सुनते रहे है कि कश्मीर को लोगों को सुरक्षा के नाम पर कितना दुख होता है, अब अयोध्या को लेकर यह समझते है। वहीं राम मंदिर में दर्शन व्यवस्था पर भी चर्चा कर देश के विभिन्न क्षेत्र से आने वाले संत धर्माचार्य के लिए अलग मार्ग बनाए जाने की मांग उठाई है।

भाजपा का 46वां स्थापना दिवस | कार्यालय पर वरिष्ठ नेताओं का हुआ सम्मान

# सुशासन की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** सेवा, समर्पण के साथ सुशासन की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के संकल्प के साथ भाजपा का 46वां स्थापना दिवस पार्टी कार्यालय सहादतगंज में सोमवार को मनाया गया। कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया। विश्व कल्याण की भावना के साथ हवन-पूजन संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में 51 बटुक ब्राह्मणों द्वारा स्वास्ति वाचन किए जाने से वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। कार्यालय पर पार्टी का ध्वज फहराया गया। पार्टी के वरिष्ठजनों का सम्मान किया गया और संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें पार्टी की विचारधारा, इतिहास और विकास यात्रा पर चर्चा की गई।



सहादतगंज स्थित भाजपा कार्यालय में स्थापना दिवस पर हवन-पूजन करते जिलाध्यक्ष राधेश्याम त्यागी, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव।

संगोष्ठी को संबोधित करते हुए मध्य प्रदेश से राज्यसभा सांसद बालयोगी उमेश नाथ ने कहा कि भाजपा सुशासन और राष्ट्रहित के सिद्धांतों पर आधारित एक सशक्त संगठन है। जिसने अपने कार्यकर्ताओं के समर्पण और सेवा भावना के बल पर देश की राजनीति में विशिष्ट स्थान बनाया है। पूर्व जिलाध्यक्ष बांके बिहारी मणि त्रिपाठी ने कहा कि जनसंघ से लेकर भाजपा तक का सफर संघर्ष, त्याग और कार्यकर्ताओं की निष्ठा का परिणाम है। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन चुकी है। उन्होंने पार्टी की नीतियों और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का निर्देश कार्यकर्ताओं को दिया।

इससे पूर्व नगर निगम परिसर स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय, बस स्टेशन स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी व जिला पंचायत कार्यालय स्थित अटल बिहारी बाजपेई की प्रतिमा पर माल्यापर्ण किया गया।

कार्यक्रम में प्रकाश गुप्ता, गोकरन द्विवेदी, शकुंतला त्रिपाठी, महंत राम कुमार दास, इंद्र देव जायसवाल, आदित्य नारायण मिश्र, ज्ञानेश्वर भटनागर, प्रेम सागर मौर्या, राजकुमार पाण्डेय सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। संगोष्ठी में पूर्व महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्र, सहकारी बैंक के सभापति धमेन्द्र प्रताप सिंह टिल्लू, राम प्रीत वर्मा, परमानंद मिश्र, शैलेन्द्र कोरी, शिवेन्द्र सिंह, तिलकराम मौर्या, सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।




अंतर विश्वविद्यालयीय कराटे चैम्पियनशिप के लिए क्वालीफाई करने वाली अवध विवि टीम। अमृत विचार

### अवध विवि कराटे टीम ने चैंपियनशिप के लिए किया क्वालीफाई

**अयोध्या, अमृत विचार :** अवध विश्वविद्यालय की कराटे टीम ने नॉर्थ ईस्ट जोन कराटे चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ऑल इंडिया अंतर विश्वविद्यालयीय कराटे चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया है। टीम असम में आयोजित होने वाली अंतर विश्वविद्यालयीय चैम्पियनशिप में प्रतिभाग करेगी। अवध विवि टीम के कोच रवि शंकर व कीर्ति द्विवेदी ने बताया कि व्यक्तिगत स्पर्धा में आदित्य रावत (50 किलो), चंदन कुमार (55 किलो), विपुल शर्मा (67 किलो) नित्यानंद पासवान (84 किलो) व कमलेश (काता) ने शानदार प्रदर्शन कर स्थान बनाया है। वहीं चंदन कुमार, आशीष कुमार, विपुल शर्मा, विवेक, अभय सिंह व मो. अयान खान ने की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए क्वालीफाई किया। विवि क्रीड़ा सचिव आशीष प्रताप सिंह व जिला कराटे संघ के सचिव हरिओम शर्मा ने सभी क्वालीफाई खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।

अवध विश्वविद्यालय के इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्त्व विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. संजय ने कहा -

# 'इलाहाबाद स्तंभ' का भारतीय इतिहास में महत्वपूर्ण स्थान

अयोध्या कार्यालय।



प्रयागराज के ऐतिहासिक स्थलों का शैक्षणिक भ्रमण पर अवध विवि के छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

**अमृत विचार :** 'इलाहाबाद स्तंभ' का भारतीय इतिहास में महत्वपूर्ण स्थान है। इस पर ईशा पूर्व की चौथी सदी के मौर्य शासक अशोक के अतिरिक्त रानी का लेख, संघभेद लेख, समुद्रगुप्त की प्रशस्ति व सत्रहवीं सदी के मुगल शासक जहाँगीर के लेख मिलते हैं। ख्यातिलब्ध गुप्त शासक समुद्रगुप्त की प्रशस्ति के कारण इस स्तंभ को 'प्रयाग प्रशस्ति' के तौर पर अधिक ख्याति प्राप्त है। ये बातें सोमवार को डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्त्व विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. संजय चौधरी ने कहीं। वह कुलपति कर्नल डॉ. बिजेन्द्र सिंह के निर्देशन में प्रयागराज के ऐतिहासिक स्थलों के शैक्षणिक भ्रमण पर निकले इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्त्व विभाग के छात्र-छात्राओं को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि महत्वपूर्ण ऐतिहासिक स्थलों में पुराना 'इलाहाबाद स्तंभ' जो अकबर द्वारा बनवाया गया किला है। जिस पर बहुचर्चित 'प्रयाग प्रशस्ति' उत्कीर्ण हैं। कहा कि स्तंभ तो चौथी सदी ईशापूर्व में स्थापित किया गया किन्तु इसके ऐतिहासिक महत्व के बारे में 1801 ई. में पता चला जब एक अंग्रेज अधिकारी कैप्टन जेम्स होरे ने इसको देखकर इसके ऐतिहासिक महत्व को पहचाना था। वर्तमान में यह किला, सेना का 'गोला-बारूद' एवं हथियारों का डिपो है। सुरक्षा की दृष्टि से यह बहुत ही संवेदनशील स्थल है। जिसमें बिना अनुमति के जनसामान्य का प्रवेश वर्जित है। विधिक प्रक्रिया पूरी होने के बाद छात्र-छात्राओं को छावनी के अधिकारियों द्वारा ऐतिहासिक स्थल के भ्रमण की अनुमति प्रदान की गई। उल्लेखनीय यह है कि

**• छात्र-छात्राओं ने प्रयागराज के ऐतिहासिक स्थलों का किया शैक्षणिक भ्रमण**

छात्र-छात्राओं में स्तंभ को लेकर होने वाली जिज्ञासाओं का समाधान डॉ. नेहा श्रीवास्तव शोध छात्र ज्ञानप्रकाश तिवारी, ऊषा वर्मा और देवेन्द्र कुमार ने किया। इलाहाबाद किले को अब प्रयागराज का किला पुकारा जाता है। छात्र-छात्राओं ने किले में ही स्थित पौराणिक स्थलों 'अक्षयवट वाटिका' एवं 'सरस्वती कूप' के बारे में जानकारी प्राप्त की।

इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्त्व विभाग के छात्र-छात्राओं ने आजाद पार्क, इलाहाबाद संग्रहालय एवं ऐतिहासिक आनन्द भवन का भी भ्रमण किया। इलाहाबाद संग्रहालय में रखी महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. चंद्रशेखर आजाद की 'पिस्टल' की प्रतिकृति को देख कर छात्र-छात्राओं ने स्वतंत्रता संग्राम के संघर्ष के लिए किए गए बलिदान को समझा।



पीसीएस में चयनित छात्र आदित्य प्रकाश का स्वागत करते अवध विवि के शिक्षकगण।

## सरदार पटेल केंद्र में हुआ आदित्य का स्वागत

**अयोध्या, अमृत विचार :** अवध विश्वविद्यालय के सरदार पटेल राष्ट्रीय एकात्मकता केंद्र परिसर में सोमवार को राज्य लोक सेवा आयोग पीसीएस में चयनित छात्र आदित्य प्रकाश का स्वागत अभिनंदन व संवाद कार्यक्रम का आयोजन हुआ। आदित्य ने अपने गुरुजनों के प्रति आभार प्रकट करते हुए छात्रों को लोक सेवा आयोग जैसी परीक्षाओं के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि दृढ़ता लगन और आत्मविश्वास से किया गया परिश्रम सफल होता है। उन्होंने अपने परास्नातक विषय अंतरराष्ट्रीय संबंध के बारे में बताते हुए कहा कि यह एक ऐसा विषय है जिसने साक्षात्कार में बहुत सहायता मिली। इस अवसर पर सरदार पटेल राष्ट्रीय एकात्मकता केंद्र के शिक्षक डॉ. शिवांश कुमार, डॉ. अंकित मिश्र, प्रो. सुरेंद्र मिश्र, डॉ. संदीप कुमार, डॉ. प्रतिभा सिंह, अवंतिका पाठक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की मौजूदगी रही।

# थानाध्यक्ष ने ग्राम प्रधानों और समिति के सदस्यों के साथ किया बैठक, दिए निर्देश

बड़ेपुर, अंबेडकरनगर।



थाना परिसर में प्रधानों और समिति के सदस्यों के साथ बैठक करते थानाध्यक्ष दिनेश कुमार।

**अमृत विचार।** आगामी डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती के आयोजन को लेकर सोमवार को थाना सम्मनपुर परिसर में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता थाना अध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह ने किया। बैठक में क्षेत्र के ग्राम प्रधानों, समिति के सदस्यों तथा गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया।

बैठक में दाऊदपुर के प्रधान राकेश जायसवाल, लखनिया के प्रधान पंकज कुमार, बैग्राम के प्रधान अजीत कुमार, बड़ेपुर के प्रधान विनोद कुमार गुप्ता, प्रधान प्रतिनिधि बबलू, पूर्व प्रधान शादाब, कचपुर के प्रधान शादाब तथा कटघर के प्रधान मो. आलम सहित कई लोग उपस्थित रहे। इस दौरान महिला उप निरीक्षक अल्का श्रीवास्तव, हेड कांस्टेबल अभिषेक यादव तथा अतुल यादव भी मौजूद रहे। बैठक में 14 अप्रैल को मनाई जाने वाली डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। आयोजन समिति की ओर से बताया गया कि जयंती पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम, सामाजिक जागरूकता गतिविधियां तथा अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बैठक में उपस्थित लोगों ने कार्यक्रम को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए आपसी समन्वय बनाए रखने पर जोर दिया। इस अवसर पर समिति के सदस्य, आयोजनकर्ता तथा क्षेत्र के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# सोमनाथ ज्योतिर्लिंग अवशेष के दर्शन कर धन्य हो गए श्रद्धालु

संवाददाता, बरेली



बरेली के बाबा श्री त्रिवटीनाथ मंदिर में श्री सोमनाथ मूल ज्योतिर्लिंग दर्शन अवशेष सहस्त्रों का अभिषेक करते स्वामी भव्य तेज।



स्वामी भव्य तेज के स्वागत के दौरान लहराती धर्मध्वजाएं।

**अमृत विचार :** प्राचीन त्रिवटी नाथ मंदिर के श्री सत्संग भवन में सोमनाथ को आध्यात्मिक कार्यक्रम में सोमनाथ ज्योतिर्लिंग अवशेषों के दर्शन कर शहरवासी आध्यात्मिक ऊर्जा और भक्ति भाव से सराबोर हो गए। श्रद्धालुओं ने ज्योतिर्लिंग अवशेषों के दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया।

आर्ट ऑफ लिविंग परिवार बरेली की ओर से त्रिवटी नाथ मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में बेंगलुरु स्थित आर्ट ऑफ लिविंग आश्रम के स्वामी भव्य तेज सोमवार सुबह करीब 9.45 बजे सोमनाथ ज्योतिर्लिंग अवशेष लेकर पहुंचे। इस दौरान मंदिर परिसर हर-हर महादेव, सोमनाथ महादेव की जय-जय कार से गुंजायमान हो उठा।

**• आर्ट ऑफ लिविंग परिवार द्वारा त्रिवटी नाथ मंदिर में कार्यक्रम का आयोजन**

नाथ नगरी जलाभिषेक समिति, बाबा महाकाल समिति और बाबा गिरीराज सेवा समिति के पदाधिकारियों ने ढोल नगाड़ों से स्वामी भव्य तेज का स्वागत किया। इसके बाद आर्ट ऑफ लिविंग परिवार के पार्थो कुमार, श्वेता कुमार, सौरभ मेहरोत्रा आदि स्वामी भव्य तेज को लेकर शिवालय पहुंचे और त्रिवटीनाथ मंदिर के दर्शन कराए। रामालय में सीताराम, राधा कृष्ण के दर्शन करने के बाद स्वामी भव्य तेज कार्यक्रम स्थल पहुंचे। उन्होंने मंत्रोच्चार के बीच सोमनाथ ज्योतिर्लिंग अवशेषों को पूजा थाल में रखा। मंत्रोच्चारण कर पूजा अर्चना संपन्न की। सोमनाथ ज्योतिर्लिंग अवशेष के दर्शन करने के यह ऐसे पल थे, जिसे देखने के लिए हर कोई लालायित नजर आया।

आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक श्री श्री रवि शंकर के मार्गदर्शन में सोमनाथ ज्योतिर्लिंग अवशेषों को देशभर में दर्शन के लिए ले जाया जा रहा है। वीडीएस कोआर्डिनेटर श्वेता कुमार ने बताया कि यह ऐतिहासिक आयोजन 1000 वर्षों की तपस्या, भक्ति और राष्ट्रीय स्वाभिमान का प्रतीक है। यह केवल धार्मिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि भारतीय सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना के पुनर्जागरण का प्रतीक है।

# भाजपा सरकार की योजनाएं और उपलब्धियां गिनाई

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।



भाजपा जिला कार्यालय अटल भवन में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद एमएलसी डॉ. हरिओम पांडेय, जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा व अन्य।

**अमृत विचार।** भाजपा के 47वें स्थापना दिवस पर जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी के नेतृत्व में भाजपा जिला कार्यालय अटल भवन पर भाजपा का ध्वज फहराया गया। वहीं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पण्डित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण किया गया।

ध्वजारोहण के उपरांत सैकड़ों कार्यकर्ताओं से भरे मीटिंग हाल में गोष्ठी का आयोजन किया गया। नगर पालिका और नगर पंचायतों में शासन द्वारा नामित सभासदों का अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत किया है। भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी ने स्थापना दिवस पर भाजपा कार्यकर्ताओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की राष्ट्रवादी सोच और पण्डित दीनदयाल उपाध्याय की एकात्म मानव वाद की नीति के पथ पर आगे बढ़ते हुए भाजपा आज विश्व की सबसे राजनीतिक पार्टी बन गई है।

### कार्यक्रम को इन्होंने भी किया संबोधित

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पण्डित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण के साथ जिला कार्यालय में भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी की अध्यक्षता एवम् जिला महामंत्री दिलीप पटेल देव के संचालन में सम्पन्न हुई बैठक को एमएलसी डॉ. हरिओम पाण्डेय, विधायक धर्मराज निषाद, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. मिथिलेश त्रिपाठी, कपिल देव वर्मा, राम प्रकाश यादव, यमुना प्रसाद चतुर्वेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा, प्रतिनिधि आनंद वर्मा, पूर्व विधायक त्रिवेणी राम, जय राम विमल, अनीता कमल, चेयर मैन ओमकार गुप्ता, बाबा राम शब्द यादव, बाल्मीकि उपाध्याय, डॉ. धीरेंद्र, सतपाल आदि ने सम्बोधित किया।

## स्थापना दिवस समर्पण और सेवा का है संकल्प : राम प्रकाश



**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** भाजपा का स्थापना दिवस नगर कार्यालय पर अत्यंत हर्षोल्लास और राष्ट्रीय गौरव के वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष संदीप अग्रहरि ने किया। यह आयोजन पार्टी के प्रति बढ़ते जनसमर्थन और कार्यकर्ताओं के अटूट विश्वास का प्रतीक रहा। कार्यक्रम की शुरुआत भाजपा के प्रणेताओं को विनम्र श्रद्धांजलि के साथ हुई। मुख्य अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष रामप्रकाश यादव और वरिष्ठ नेता संजीव मिश्र ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण किया और उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। संदीप अग्रहरि ने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो संगठन के साथ-साथ राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानती है। इस अवसर पर नगर के वरिष्ठ नेता सुरेश गुप्ता, नगर महामंत्री कृष्ण गोपाल गुप्ता, आनंद मिश्र, विनय मिश्र, अरुण मिश्र, आशाराम मौर्या, रामवृक्ष भार्गव, विकास सोनकर, जितेन्द्र शिल्पी, गिरीश जायसवाल सहित समर्थक मौजूद थे।

## ऑपरेशन क्लीन के तहत पुराने हथियारों का किया गया निस्तारण

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** जनपद में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से चलाए जा रहे "ऑपरेशन क्लीन" अभियान के तहत मालीपुर थाना परिसर में वर्षों पुराने आपराधिक मामलों से संबंधित बरामद हथियारों को नियमानुसार नष्ट किया गया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) एवं क्षेत्राधिकारी जलालपुर के पर्यवेक्षण में संपन्न हुई। जानकारी के अनुसार, वर्ष 1990, 1991, 1993 एवं 1995 में आर्म्स एक्ट के तहत पंजीकृत अभियोगों में बरामद कुल सात तमंचा, कारतूस एवं चाकू को माननीय न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट फैजाबाद के आदेश के क्रम में नष्ट किया गया। जिलाधिकारी अंबेडकरनगर एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा गठित टीम की मौजूदगी में यह प्रक्रिया पूरी की गई। टीम में उप जिलाधिकारी मजिस्ट्रेट राहुल गुप्ता, क्षेत्राधिकारी अनूप कुमार सिंह तथा मालीपुर थाना अध्यक्ष स्वतंत्र कुमार मौर्य प्रमुख रूप से शामिल रहे।

## सीएनजी वाहन में रिसाव, हादसा टला



**बसखारी, अंबेडकरनगर।** जनपद मुख्यालय की तरफ सीएनजी को लाद कर जा रही सीएनजी वाहन में जोरदार धमाके के साथ सीएनजी पाइप टूट जाने से गैस का रिसाव शुरू हो गया। चालक, बसखारी पुलिस और स्थानीय लोगों की सूझबूझ से कोई बड़ा हादसा तो नहीं हुआ, लेकिन काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने सुरक्षा घेरा बनाकर आवागमन रोक दिया। उपनिरीक्षक ओंकार पटेल, हेड कांस्टेबल दीपचंद यादव, सुरजीत वर्मा और अजय यादव ने मोर्चा संभाला। मौके पर पहुंची पुलिस, वाहन चालक, फायर ब्रिगेड वाहन कर्मी व स्थानीय लोगों की सूझबूझ से गैस का रिसाव कम होने पर स्थिति पर नियंत्रण पाया गया। गैस का रिसाव बंद होने पर लोगों ने राहत की सांस ली।

## पहले ही प्रयास में समीक्षा अधिकारी बनीं त्रिलोकपुर की बेटी जया, क्षेत्र में खुशी की लहर



**टांडा, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** विकास खंड टांडा के त्रिलोकपुर गांव की प्रतिभाशाली बेटी जया श्रीवास्तव ने यूपीपीएससी आरओ/एआरओ 2023 परीक्षा में शानदार सफलता हासिल कर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। उन्होंने अपने पहले ही प्रयास में परीक्षा उत्तीर्ण करते हुए 178वीं रैंक प्राप्त कर समीक्षा अधिकारी (RO) पद पर चयनित होकर एक मिसाल पेश की है। जैसे ही यूपीपीएससी आरओ/एआरओ 2023 का परिणाम घोषित हुआ, पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। जया श्रीवास्तव, जो सामाजिक कार्यकर्ता राकेश श्रीवास्तव की पुत्री हैं, ने सीमित संसाधनों के बावजूद कड़ी मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया। जया की प्रारंभिक शिक्षा सरस्वती विद्या मंदिर कश्मीरिया टांडा से हुई। परिवार की बात करें तो जया एक भाई और दो बहनों में दूसरे स्थान पर हैं। उनकी माता रेखा देवी गृहिणी हैं, जबकि पिता राकेश श्रीवास्तव त्रिलोकपुर ग्रामोद्योग विकास सेवा समिति के अध्यक्ष हैं। जया ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों को दिया है। उनकी इस उपलब्धि पर क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। चाचा संतोष श्रीवास्तव, सांसद लालजी वर्मा, पूर्व विधायक संजू देवी, पूर्व विधायक प्रतिनिधि श्याम बाबू, भाजपा नगर अध्यक्ष तेजस्वी जायसवाल, डॉ. आदिल और पूर्व प्रधानाचार्य लीलावती वर्मा सहित अनेक लोगों ने उन्हें बधाई दी है।

## दो अलग-अलग स्थानों पर आग लगने से भारी नुकसान

**जलालपुर अंबेडकरनगर :** अंबेडकरनगर जनपद के जलालपुर क्षेत्र में आग लगने की दो अलग-अलग घटनाओं से किसानों और पशुपालकों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ा। पहली घटना उसरहा डिहवा गांव निवासी दर्शन चौहान की निजी गौशाला में हुई, जहां अचानक आग लगने से वहां रखा गेहूं और भूसा जलकर पूरी तरह राख हो गया। आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है, लेकिन स्थानीय लोगों ने काफी प्रयास कर आग पर काबू पाया। वहीं दूसरी घटना जिंदासपुर गांव में हुई, जहां कपिल देव की लगभग 14 बीघा गेहूं की फसल में आग लग गई। उस समय खेत में दौनी (मड़ाई) का कार्य चल रहा था। बताया जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी, जिससे खेत में काटकर रखी गई करीब 25 बिस्वा गेहूं की फसल जलकर नष्ट हो गई। घटनाओं की सूचना मिलने पर प्रशासन हरकत में आया। उपजिलाधिकारी जलालपुर, राहुल गुप्ता ने बताया कि संबंधित लेखपाल को मौके पर भेजकर नुकसान का आकलन कराया जा रहा है, ताकि प्रभावित लोगों को शासन की ओर से उचित सहायता प्रदान की जा सके।

## निषाद बस्ती में लगी पीडीए की चौपाल

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** जलालपुर विधानसभा क्षेत्र के उसरहा गांव स्थित निषाद बस्ती में निषाद राज जयंती पर पीडीए चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव व जलालपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी भीम निषाद मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम के आयोजक चंद्रभान निषाद ने मुख्य अतिथि का भव्य स्वागत किया। वहीं कार्यक्रम का कुशल संचालन सपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष यासिर हयात ने किया। मुख्य अतिथि भीम निषाद ने कहा कि पीडीए समाज के अंतर्गत आने वाले कहार, कोहार, निषाद, मांझी, विश्वकर्मा, मौर्य, प्रजापति सहित अति पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक वर्गों का हित केवल समाजवादी पार्टी में सुरक्षित है। उन्होंने दावा किया कि इस बार पीडीए समाज तेजी से सपा के पक्ष में लामबंद हो रहा है, जिससे जलालपुर विधानसभा सीट पर पार्टी भारी मतों से जीत दर्ज करेगी और विरोधियों की जमानत जब्त हो जाएगी। उन्होंने कहा कि पीडीए समाज के सहयोग से उत्तर प्रदेश में सपा की प्रचंड बहुमत की सरकार बनने जा रही है। वर्तमान सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने महंगाई, किसान और नौजवानों की समस्याओं को प्रमुख मुद्दा बताया और कहा कि जनता इनसे पूरी तरह परेशान है। इस मौके पर डॉ. तेज प्रताप, रविंद्र निषाद, गुड्डू, राममिलन निषाद, परशुराम निषाद, संजय राजभर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।





अक्षत पर लेखन करते हुए नवांगतुक छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

## सेंट पीटर्स इंटर कॉलेज में विद्या आरम्भ संस्कार के साथ नए सत्र का शुभारंभ

**अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** सेंट पीटर्स इंटर कॉलेज में नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ विद्या आरम्भ संस्कार के साथ हर्षोल्लासपूर्वक किया गया। इस अवसर पर नर्सरी एवं एलकेजी के नन्हे-मुन्ने बच्चों के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसकी शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई। कार्यक्रम का संचालन डियोन अभिलाष, अफ्फान शेख, तान्या मिश्रा और तराशा सेठ ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य फादर बैप्टिस्ट डिसूजा, सिस्टर रोजलिन, दीपा श्रीवास्तव, रूथ दीदी तथा अभिभावकों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने प्रार्थना नृत्य प्रस्तुत कर ईश वंदना कीए वहीं क्वायर ग्रुप ने स्वागत गीत गाकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। एलकेजी एवं यूकेजी के टिनी टाट्स ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। सिस्टर हीरामनी, रेजी सेबेस्टियन, लविशा, रूबी विलियम और नीलम के मार्गदर्शन में नवप्रवेशी बच्चों द्वाराचावल पर अक्षर लेखन की परंपरा विशेष आकर्षण का केंद्र रही, जिसमें बच्चों ने अक्षत चावल पर पहला अक्षर लिखकर अपने शैक्षणिक जीवन की शुरुआत की।

## आरओ-एआरओ परीक्षा में अनिल पांडे ने प्रदेश में किया टॉप

**जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर।** आलापुर तहसील क्षेत्र के तुलसीपुर गांव निवासी अनिल पांडे ने समीक्षा अधिकारी आरओ में पूरे उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल कर इतिहास रच दिया है। उनकी इस अभूतपूर्व सफलता से जनपद में खुशी का माहौल है। अनिल पांडे की प्राथमिक की शिक्षा प्राथमिक विद्यालय मालपुर माधोपुर तथा जूनियर हाईस्कूल की शिक्षा पंडित दीनदयाल उपाध्याय विद्यालय तरौना बांसगांव एवं माध्यमिक की शिक्षा राज इंटर कॉलेज मल्लूपुर इंटर की शिक्षा चितबहाल आदर्श बालिका का इंटर कॉलेज पूरनपुर से किया था। इसके बाद इन्होंने बीएससी की शिक्षा इलाहाबाद विश्वविद्यालय से लिया। दिल्ली के मुखर्जी नगर में 2019 से रहकर तैयारी शुरू की और दूसरे प्रयास में यह सफलता हासिल हुई। पिता हरिप्रसाद पान्डेय जहां कृषक हैं, वहीं माता उषा पान्डेय गृहणी है। अनिल पाण्डेय चार भाइयों में दूसरे नंबर पर हैं, बड़े भाई अमित पान्डेय बीएसएफ में हैं, वही अनिल पाण्डेय से छोटे अतुल पान्डेय इनकम टैक्स विभाग में इंस्पेक्टर और सबसे छोटा भाई अंकुर पान्डेय दिल्ली में ही रहकर तैयारी कर रहा है। चित बहाल आदर्श बालिका इंटर कॉलेज पूरनपुर की प्रधानाचार्य डॉ सुषमा सिंह, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष यमुना प्रसाद चतुर्वेदी, पूर्व प्रमुख अरविंद सिंह, सहित अन्य लोगों ने अनिल पांडेय समेत उनके परिवार को बधाई दी है।



अनिल पांडे।

# जनपद में एलपीजी, पेट्रोल व डीजल की कमी नहीं : पांडेय

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जिले में एलपीजी सिलेंडर, पेट्रोल और डीजल की कोई कमी नहीं है। सोमवार को जिला पूर्ति अधिकारी शिवकांत पांडेय ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जनपद में इन आवश्यक वस्तुओं का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है।

उन्होंने बताया कि जनपद में 8 हजार 601 एलपीजी गैस सिलेंडर, 2 हजार 226 किलो लीटर डीजल और 1 तिार 830 किलो लीटर पेट्रोल जनपद की गैस एजेंसियों पर 784 छोटू सिलेंडर भी उपलब्ध हैं। आमजनमानस, प्रवासी श्रमिक, छोटे उपभोक्ता और रेहड़ी लगाने वाले अपनी आईडी दिखाकर संबंधित गैस एजेंसी से संपर्क कर आवश्यकतानुसार छोटू कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर प्राप्त कर सकते हैं। जिला पूर्ति अधिकारी ने मार्च 2026 में हुई बुकिंग और प्राप्त डीएसी नंबर से संबंधित एक समस्या का भी समाधान किया। उन्होंने बताया कि नए वित्तीय 2026-2027 जो अप्रैल 2026 से शुरू हुआ है, इसमें कंपनी द्वारा मार्च 2026 की बुकिंग के डीएसी नंबर निष्क्रिय कर दिए गए थे। अब मार्च 2026 में बुकिंग करने वाले उपभोक्ताओं को नए डीएसी नंबर सक्रिय करके क्रमवार श्रेणी में दिए जा रहे हैं। गैस कंपनियों द्वारा उपभोक्ताओं के पुराने डीएसी को रिएक्टीवेट कर नए डीएसी उपलब्ध कराए जा रहे हैं। डीपीओ ने आम जनता से अपील किया है कि किसी को भी घबराने की आवश्यकता नहीं है।

## प्रदेश में अंबेडकरनगर फार्मर रजिस्ट्री में रहा अव्वल

**अंबेडकरनगर।** जनपद में किसानों को सरकारी योजनाओं से सीधे जोडने के उद्देश्य से फार्मर रजिस्ट्री का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में जनपद ने प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। यह अभियान 6 अप्रैल को शुरू हुआ था और 15 अप्रैल तक जारी रहेगा। जिसके तहत पूरे जनपद में लगभग 400 शिविर लगाए गए हैं। जहां किसानों का पंजीकरण किया जा रहा है। इन शिविरों में रोजाना औसतन 1500 किसानों का पंजीकरण हो रहा है। जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने बताया कि अब तक जनपद में करीब 3 लाख 12 हजार किसानों का फार्मर रजिस्ट्री पंजीकरण किया जा चुका है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के 90 प्रतिशत से अधिक लाभार्थियों का पंजीकरण पूरा हो गया है। शेष किसानों को जोडने के लिए अभियान लगातार जारी है। प्रशासन के अनुसार, फार्मर रजिस्ट्री एक डिजिटल दस्तावेज है। यह किसानों को विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में मदद करेगा।

कार्यक्रम

ब्लॉक स्तरीय दक्षता परीक्षा और भव्य पुरस्कार वितरण समारोह का हुआ आयोजन

# शिक्षा राष्ट्र के समग्र विकास की है आधारशिला : सीडीओ

टांडा, अंबेडकरनगर।



पीएम श्री विद्यालय की छात्रा को सम्मानित करते मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला।

**अमृत विचार।** टांडा क्षेत्र स्थित पीएम श्री कम्पोजिट विद्यालय खासपुर एवं त्रिवेणी मेमोरियल ट्रस्ट के तत्वावधान में स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम एवं स्व. श्री श्यामलाल वर्मा मेमोरियल ब्लॉक स्तरीय दक्षता परीक्षा और पुरस्कार वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला ने समारोह का शुभारंभ किया। सीडीओ ने कहा कि शिक्षा ही समाज और राष्ट्र के समग्र विकास की आधारशिला है। सीडीओ ने विद्यालय क अध्यापकों को सभी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान दक्षता परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली उम्मे कुलसूम को साइकिल एवं पुस्तक, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली अंशिका को 3 हजार रुपए और पुस्तक तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले आदित्य को 25 सौ रुपए और पुस्तक प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त सात अन्य विद्यार्थियों को सांत्वना पुरस्कार स्वरूप एक-एक हजार एवं पुस्तक देकर प्रोत्साहित किया गया। इसके साथ ही वार्षिक परीक्षा में प्रत्येक कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। ट्रस्ट द्वारा मेधावी विद्यार्थियों को आगे की शिक्षा के लिए प्रोत्साहन राशि प्रदान करने की घोषणा भी की गई, जिससे छात्रों में उत्साह का वातावरण देखा गया।

### विद्यालय के पूर्व छात्रों को किया गया सम्मानित

विद्यालय के पूर्व अध्यापक हरीराम वर्मा, महावीर वर्मा के साथ ही विद्यालय के पूर्व छात्र जो आज विभिन्न उच्च पदों पर आसीन हैं, उन्हें भी सम्मानित किया गया। जिनमें जय नाथ वर्मा इनकम टैक्स कमिश्नर, विनय सिंह उप कृषि निदेशक, शिव नाथ वर्मा जॉइंट चीफ ऑडिट ऑफिसर, डॉ. तेज प्रकाश, डॉ. संजय कैंसर विशेषज्ञ, घनश्याम लेखाकार प्रमुख रूप से शामिल रहे। विद्यालय के प्रधानाध्यापक मजहर रब्बानी व अन्य अध्यापकगणों ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह प्रदानकर स्वागत किया।

न्यूज ब्रीफ

### गुंगवाछ हत्याकांड में सुनवाई 16 को

सुलतानपुर, अमृत विचार : अमेठी के बहुचर्चित गुंगवाछ हत्याकांड में सोमवार को अभियोजन गवाह न आने से सुनवाई टल गई। बचाव पक्ष के अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा ने बताया कोर्ट न्यायाधीश जलाल मोहम्मद अकबर की अदालत ने अगली सुनवाई के लिए 16 अप्रैल की तारीख नियत की है। अभियोजन के अनुसार 15 मार्च 2022 को अमेठी जनपद के ग्राम पूरे राजापुर, मौजा गुंगवाछ में जमीन विवाद के चलते पूर्व ग्राम प्रधान संकठा यादव, उनके पुत्र हनुमान उर्फ बजरंगी, अमरेश यादव तथा पत्नी नइका उर्फ पार्वती देवी की निर्मम हत्या कर दी गई थी।

### हर्ष फायरिंग के मामले में दारोगा तलब

सुलतानपुर, अमृत विचार : पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह सोनू व उनकी बहन अर्चना सिंह के खिलाफ चल रहे मुकदमे में सोमवार को एमपी-एमएलए कोर्ट मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत में सुनवाई 18 अप्रैल तक टल गई। कोर्ट ने अभियोजन गवाह दरोगा मातादीन व सिपाही रविप्रकाश श्रीवास्तव को बतौर गवाह तलब किया है। धनपतगंज थाने में तैनात तत्कालीन उप निरीक्षक सुशील कुमार ने वायरल वीडियो के आधार पर पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह सोनू की बहन अर्चना सिंह के खिलाफ 14 जून 2021 को आर्म्स एक्ट का मुकदमा दर्ज कराया था। पूर्व विधायक का भी नाम पुलिस ने प्रकाश में लाते हुए दोनों आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर दी।

### अमन हत्याकांड में आरोपी की जमानत खारिज

सुलतानपुर, अमृत विचार : थाना क्षेत्र चांदा के साढ़ापुर निवासी अमन यादव के अपहरण व हत्या करने के मामले में चांदा थानाक्षेत्र के राजेपुर निवासी आरोपी दुर्गेश यादव उर्फ कार्तिक की जमानत सेशन कोर्ट जज सुनील कुमार की अदालत ने ने खारिज कर दी है। अभियोजन के मुताबिक बीते 6 दिसंबर को थाना चांदा क्षेत्र में अमन का अपहरण कर पीट-पीटकर निर्मम हत्या कर दी गई थी। मृतक के चचेरे भाई संदीप ने विजय बहादुर यादव, अजय यादव, दीपक यादव राका समेत 10 आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कराया था।

### संग्रह अमीन हत्याकांड में सफाई साक्ष्य टला

सुलतानपुर, अमृत विचार : बहुचर्चित संग्रह अमीन सुरेश यादव व उनके भतीजे बृजेश यादव हत्याकांड में सोमवार को प्रस्तावित सफाई साक्ष्य की कार्रवाई नहीं हो सकी। एडीजीसी पवन कुमार दूबे ने बताया अदालत ने अब मामले में सफाई साक्ष्य के लिए अगली तारीख 13 अप्रैल निर्धारित की है।

# निजी स्कूलों की मनमानी पर कांग्रेस का हल्ला बोल

## फीस वृद्धि, ड्रेस-किताबों की वसूली पर कार्रवाई की मांग को लेकर डीएम को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार**: जिले में प्राइवेट स्कूलों की मनमानी के खिलाफ कांग्रेस पार्टी ने मोर्चा खोलते हुए जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस नेताओं ने प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि निजी स्कूलों की फीस वसूली और अन्य मनमानी पर तत्काल रोक नहीं लगाई गई तो पार्टी सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेगी।

जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह 'राणा' ने कहा कि प्राइवेट स्कूलों ने शिक्षा को व्यापार बना दिया है और गरीब व मध्यम वर्ग के अभिभावकों का खुलेआम शोषण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह आखिरी चेतावनी है, यदि फीस की लूट, ड्रेस और किताबों के नाम पर जबरन वसूली बंद नहीं हुई तो कांग्रेस निर्णायक संघर्ष करेगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। शहर अध्यक्ष शकील अंसारी ने भी निजी स्कूलों की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि हर साल अभिभावकों से मोटी रकम वसूली जा रही है, जो अब बर्दाश्त के बाहर है। उन्होंने मांग की कि फीस वृद्धि पर नियंत्रण लगाया जाए, बिना अनुमति किताबें बदलने वाले स्कूलों पर कार्रवाई हो, बार-बार ड्रेस बदलने की परंपरा समाप्त की जाए और कमजोर वर्ग के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा सुनिश्चित की जाए। पार्टी ने स्पष्ट किया कि यदि जल्द ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो आगामी बृहस्पतिवार को जिले में धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।



सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

इस दौरान राहुल त्रिपाठी, ओम प्रकाश सिंह, हरीश त्रिपाठी, सलाहुद्दीन हाशमी, रणजीत सिंह सलूजा, निकलेस सरोज, शरद श्रीवास्तव, सुव्रत सिंह, जाकिर हसन, मो. मंसूर, अतीक अहमद, विकास मिश्र, शीतला प्रसाद साहू समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### पंचायत चुनाव टालने पर कांग्रेस का विरोध

सुलतानपुर : त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव टाले जाने को लेकर कांग्रेस पार्टी ने कड़ा विरोध जताया है। जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह 'राणा' ने प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा को जनता के आक्रोश का डर सता रहा है, इसी वजह से चुनाव को टाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव का सेमीफाइनल नहीं, बल्कि फाइनल रण साबित होगा। कांग्रेस पार्टी इस चुनाव को बेहद गंभीरता से लेते हुए पहले से ही अपनी तैयारियां पूरी कर चुकी है। जिलाध्यक्ष ने भरोसा जताया कि इस बार पंचायत चुनाव में कांग्रेस बेहतर प्रदर्शन करेगी, जिसका असर आगामी विधानसभा चुनाव में भी साफ दिखाई देगा।

### दुष्कर्म पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से लगाई न्याय की गुहार

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार : रायबरेली की महिला से जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र में हुए दुष्कर्म का एक मामला पुलिस अधीक्षक के पास पहुंचा है। घटना के 23 दिन बीत जाने के बाद भी जयसिंहपुर पुलिस की कार्यशैली सवालों के घेरे में है। देखना यह होगा कि जिले की कप्तान इस मामले में क्या रुख करती है। पीड़िता जो कि मूल रूप से रायबरेली की निवासी है और सुलतानपुर में एक निजी संस्था में कार्यरत है। एस पी को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उसकी पहचान जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के लबदेहा बरौंसा निवासी अमरनाथ प्रजापति से हुई थी। 14 मार्च को वह अपने कार्य के सिलसिले में कमरे की तलाश में आरोपी के साथ कमरा देखने गई थी। देर शाम आरोपी उसे बाइक से ऊघरपुर चौराहे तक छोड़ने के बहाने सुनसान रास्ते पर ले गया, जहां उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। विरोध करने पर आरोपी ने जान से मारने और बदनाम करने की धमकी भी दी। घटना के बाद पीड़िता ने स्थानीय थाने में शिकायत दी, लेकिन आरोप है कि पुलिस ने न तो मुकदमा दर्ज किया और न ही कोई ठोस कार्रवाई की। यहां तक कि क्षेत्राधिकारी स्तर से भी मामले में कोई संज्ञान नहीं लिया गया।23 दिन तक न्याय न मिलने पर पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग की है। अब देखना होगा कि पुलिस अधीक्षक इस गंभीर मामले में कितनी तत्परता दिखाती है।

# सांसद संजय सिंह पर दर्ज केस में दरोगा की गवाही दर्ज

विधि संवाददाता, सुलतानपुर



**अमृत विचार**: आचार संहिता उल्लंघन के मामले में आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह समेत 13 आरोपितों के विरुद्ध दर्ज केस में सोमवार को एमपी-एमएलए कोर्ट मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत में विवेचक दारोगा अनूप कुमार सिंह की गवाही दर्ज की गई। कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए 20 अप्रैल की तारीख निर्धारित की है। संजय सिंह पर 13 अप्रैल 2021 त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दौरान बंधुआ कला थाने के हसनपुर गांव में बिना अनुमति सभा कर आचार संहिता का उल्लंघन करने का आरोप है।

### राहुल गांधी मानहानि मामला: वायस सैम्पल पर सुनवाई 17 को

संवाददाता, सुलतानपुर : कांग्रेस सांसद व नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से जुड़े बहुचर्चित मानहानि के वाद में सोमवार को अदालत में सुनवाई हुई। परिवादी के अधिवक्ता संतोष पांडेय के मौका लेने के कारण वायस सेम्पल पर बहस नहीं हो सकी। राहुल गांधी के अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ल ने बताया वायस सेम्पल पर सुनवाई के लिए विशेष कोर्ट मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत ने सुनवाई के लिए 17 अप्रैल की तारीख निर्धारित की है। गौरतलब है कि परिवादी पक्ष द्वारा प्रस्तुत सीडी में उपलब्ध ऑडियो-वीडियो की सत्यता की जांच हेतु राहुल गांधी का वॉयस सैंपल लेने की मांग की गई थी, जिस पर बचाव पक्ष ने कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है। बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने इसे कानूनी रूप से अनुचित बताते हुए विरोध किया, जबकि परिवादी पक्ष के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने वैज्ञानिक परीक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया है। गौरतलब है कि यह मामला वर्ष 2018 में बेंगलुरु में आयोजित एक जनसभा के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ कथित टिप्पणी से जुड़ा है। इस संबंध में भाजपा नेता विजय मिश्र द्वारा 4 अगस्त 2018 को सुलतानपुर की अदालत में मानहानि वाद दायर किया गया था। मामले में पहले ही राहुल गांधी अदालत में पेश होकर जमानत ले चुके हैं तथा उनका बयान भी दर्ज किया जा चुका है। अब वायस सेम्पल को लेकर कानूनी बहस 17 अप्रैल को होगी।

### किशोरी के अपहरण व दुष्कर्म के आरोपी की जमानत खारिज

कोतवाली नगर थाना क्षेत्र एक गांव से बीते साल नाबालिग लड़की के अपहरण व दुष्कर्म के मामले में आरोपी विमलजीत की जमानत पॉक्सो कोर्ट जज नीरज श्रीवास्तव ने सोमवार को आरोपों को गंभीर पाते हुए खारिज कर दी है। आरोपी की मां ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कराया था जिसमे आरोपी जेल भेजा गया। जमानत पर हुई सुनवाई में कोर्ट ने बचाव पक्ष व अभियोजन की तरफ से विशेष लोक अभियोजक रमेश चन्द्र सिंह को सुनने के बाद आरोपी को राहत देने से इंकार करते हुए जमानत खारिज कर दी।

# कल्यानपुर कांड में अजय प्रताप को राहत

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार**: जिले के चर्चित अखंडनगर थाना क्षेत्र के कल्यानपुर कांड में सोमवार को बड़ा अपडेट सामने आया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नवनीत सिंह की अदालत ने विवेचक संजय मौर्य की अर्जी पर सुनवाई करते हुए आरोपी अजय प्रताप सिंह के खिलाफ लगी जानलेवा हमले समेत अन्य गंभीर धाराएं हटा दी हैं। अब उनके विरुद्ध केवल आर्म्स एक्ट के तहत ही रिमांड स्वीकृत किया गया है।



दीवानी न्यायालय परिसर में मौजूद वादकारी व अधिवक्तागण।

● जानलेवा हमले की धाराएं हटीं अयोध्या पुलिस को सौंपी गई जांच

गौरतलब है कि इस बहुचर्चित मामले की विवेचना हाल ही में अयोध्या पुलिस को स्थानांतरित की गई थी और रुदौली थाने के निरीक्षक संजय मौर्य को नया विवेचक नियुक्त किया गया है। बचाव पक्ष के अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा ने बताया नए विवेचक द्वारा सीजेएम कोर्ट में दाखिल अर्जी में अजय प्रताप सिंह पर लगी कुछ धाराएं हटाने और रिमांड में परिवर्तन की मांग की गई थी, जिस पर अदालत ने सुनवाई करते हुए राहत प्रदान की है। मामला 15 मार्च को दर्ज मुकदमे से जुड़ा है, जिसमें आरोप है कि जमीनी विवाद के चलते पूर्व राज्य मंत्री राणा अजीत प्रताप सिंह, उनके पुत्र अभिजीत प्रताप सिंह समेत अन्य लोगों ने असलहों और लाठी-डंडों से हमला कर फायरिंग की थी, जिसमें करीब एक दर्जन लोग घायल हुए थे।इस प्रकरण में कई आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है, जबकि कुछ फरार आरोपियों की तलाश जारी है। वहीं, मामले में अन्य आरोपियों की जमानत याचिकाओं पर सुनवाई अभी भी लंबित है।

### बर्थडे से लौट रहे युवक की सड़क हादसे में मौत

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार : दोस्तपुर थाना क्षेत्र में रविवार रात एक सड़क हादसे में 24 वर्षीय युवक की जान चली गई। सरैयापट्टी गोशैसिंहपुर मोड़ के पास उसकी बाइक अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। युवक ने हेलमेट नहीं पहना था, जिसके कारण उसके सिर में गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों की सूचना पर एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायल युवक को सौ शैय्या अस्पताल बिरसिंहपुर ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के अहिरौली निवासी वैभव चतुर्वेदी उर्फ 'राजा' के रूप में हुई है। परिजनों के मुताबिक, वैभव दोस्तपुर क्षेत्र के छीटेपट्टी गांव में एक रिश्तेदार के जन्मदिन समारोह में शामिल होकर घर लौट रहा था, तभी यह हादसा हो गया। जयसिंहपुर कोतवाल ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### सपा की बैठक में बूथ मजबूती पर दिया गया जोर

लंभुआ, सुलतानपुर, अमृत विचार : विधानसभा क्षेत्र लंभुआ में सपा कार्यकर्ताओं की बैठक हंगामेदार माहौल में आयोजित की गई, जिसमें बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत करने की रणनीति पर जोर दिया गया। बैठक की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष सतपाल यादव ने की। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सतपाल यादव ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देशानुसार पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत करना प्राथमिकता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पीडीए के लोगों को पार्टी की नीतियों से जोड़ने का आह्वान किया। बैठक में राजबली उर्फ काका, परमात्मा यादव, वंशराज यादव, हरीश यादव, अखिलेश यादव, मुलायम यादव, अली अहमद समेत बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार**: विकास खंड जयसिंहपुर के प्राथमिक विद्यालय परसौंहा में सोमवार को वार्षिकोत्सव समारोह हर्षोल्लास और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को वार्षिक परीक्षा के अंकपत्र वितरित किए गए तथा मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

समारोह के दौरान कक्षा पांच उत्तीर्ण कर चुके विद्यार्थियों को भावभीनी विदाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। वहीं, कक्षा एक में नवप्रवेश लेने वाले बच्चों का माल्यार्पण कर विद्यालय परिवार में गर्मजोशी से स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ शिक्षिका रंजना सिंह द्वारा मां सरस्वती के पूजन-अर्चन से हुआ। इस अवसर पर ग्राम प्रधान अमर बहादुर ने विद्यालय परिसर में बच्चों की प्रगति और उज्ज्वल भविष्य के प्रतीक के रूप में चार छायादार वृक्षों का रोपण किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति ने समारोह में चार चांद लगा दिए, जिसमें मानसी, अर्पिता, अस्मिता, हिमांशी, श्रेया और अन्तिमा सहित अन्य विद्यार्थियों ने मनमोहक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया।




प्रावि परसौंहा का मनाया गया वार्षिकोत्सव। ● अमृत विचार

● धूमधाम से मनाया गया प्राथमिक विद्यालय परसौंहा का वार्षिकोत्सव

### नौकरी का झांसा दे लिये कागजात, अब दे रहा धमकी

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार : काशीराम कॉलोनी अमहट निवासी रितिक सोनी ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि छत्तीसगढ़ निवासी एक युवक ने उसे नौकरी का लालच देकर उसके महत्वपूर्ण दस्तावेज हड़प लिए और अब उनका दुरुपयोग कर ऑनलाइन फ्रॉड कर रहा है। दरितिक सोनी के अनुसार, 12 मार्च 2026 को उसकी मुलाकात सेहजप्रीत सिंह नामक व्यक्ति से हुई, जिसने खुद को नौकरी दिलाने वाला बताकर आधार कार्ड, पैन कार्ड, फोटो और सिम कार्ड मांगा। भरोसा जीतने के लिए आरोपी ने रितिक के खाते में 8000 रुपये भी डाले और बैंक खाता खुलवाने के नाम पर पासबुक व अन्य कागजात अपने पास ले लिया।कुछ समय बाद रितिक को जानकारी मिली कि आरोपी इसी तरह कई लोगों के दस्तावेज लेकर ठगी करता है और ऑनलाइन फ्रॉड में उनका इस्तेमाल करता है। बताया कि उसके परिचित शुभम कुमार भी इसी जाल में फंस चुके हैं। जब रितिक ने अपने दस्तावेज वापस मांगे तो आरोपी ने फोन पर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली नगर पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

**जानकी प्रसाद वर्मा मेमोरियल महिला पी0जी0कालेज,**
**कोटवा सड़क, बाराबंकी**

**में आवश्यकता है :-**

प्राचार्य–01 पद, स्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय के अन्तर्गत बी0एस0सी0 पाठ्यक्रम में (वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, भौतिक विज्ञान, जन्तु विज्ञान) प्रत्येक विषय में प्रवक्ता–02 पद
**योग्यता एवं वेतनमान–** यू0जी0सी0 एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।
इच्छुक अभ्यर्थी 15 कार्य दिवस के अन्दर अपने समस्त अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों को दो स्व–हस्ताक्षरित प्रतियों एवं दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ एवं दो स्वपता लिखे लिफाफे के साथ महाविद्यालय के उपरोक्त पते पर आवेदन करें।

भवदीय–**डॉ0 राधेलाल वर्मा**
मो0नं0–6393849493

# युवक की मौत हादसा या हत्या ?

संवाददाता, सुलतानपुर

● परिजनों ने लगाए गंभीर आरोप, पीटकर की गई है हत्या, 4 लोगों पर केस दर्ज

**अमृत विचार**: जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के साटा गांव निवासी 22 वर्षीय हिमांशु वर्मा की मौत के मामले में नया मोड़ सामने आया है। जहां पहले इस घटना को सड़क हादसा माना जा रहा था, वहीं अब परिजनों ने इसे हत्या करार देते हुए गंभीर आरोप लगाए हैं। युवक के अंतिम संस्कार से इंकार पर अधिकारियों ने समझाने का प्रयास किया। लेकिन परिजन दोषियों पर हत्या का मुकदमा दर्ज कराने की जिद पर अड़े रहे। मुकदमा दर्ज होने के बाद परिजन अंतिम संस्कार को तैयार हुए।

मृतक के भाई शुभम वर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शनिवार की रात करीब 10 बजे हिमांशु मजदूरों को सैंती गांव छोड़कर बाइक से घर लौट रहा था। इसी दौरान रास्ते में पुरुषोत्तमपुर गांव के कुछ युवक सूरज मिश्रा, प्रियांशु मिश्रा, अंकित मिश्रा और विशाल मिश्रा की बाइक आपस में टकरा गई। आरोप है कि इसके बाद विवाद बढ़ा और उक्त लोगों ने हिमांशु को बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया।

परिजनों का कहना है कि गंभीर रूप से घायल हिमांशु को आरोपी बाइक से घर की ओर लाते समय रास्ते में उसके भाई के पास छोड़कर चले गए। बेहोशी की हालत में उसे जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। इलाज के दौरान रविवार शाम चार बजे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया है। लखनऊ से युवक का शव पोस्टमार्टम होकर घर पहुंचा तो परिजनों ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते अंतिम संस्कार से इंकार कर दिया। दिन भर अधिकारियों के आश्वाशन के बाद जब परिजन अंतिम संस्कार को तैयार नहीं हुए तो तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया। मुकदमा दर्ज होने के बाद परिजन अंतिम संस्कार को तैयार हुए। जयसिंहपुर कोतवाल ने बताया कि चार नामजद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट व जांच-पड़ताल के आधार पर आगे की विधिक कार्यवाही की जाएगी।

### आंबेडकर जयंती की तैयारी पर हुई चर्चा

लंभुआ, सुलतानपुर, अमृत विचारः बहुजन समाज पार्टी की विधानसभा स्तरीय समीक्षा बैठक लंभुआ में आयोजित हुई, जिसमें 14 अप्रैल को लखनऊ में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती को भव्य रूप से मनाने की रणनीति पर चर्चा की गई। मुख्य अतिथि बसपा कोऑर्डिनेटर सर्वेंद्र अंबेडकर रहे। बैठक में जिला अध्यक्ष सुरेश गौतम, शिवशंकर पाल, सिद्धार्थ गौतम, मेवालाल भास्कर सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम सफल बनाने की जिम्मेदारी दी गई। वक्ताओं ने बाबा साहब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने और 2027 में बसपा सरकार बनाने का आह्वान किया।

# मारपीट में पुलिस की तहरीर पर 13 के विरुद्ध केस दर्ज

कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के सरैया कमौरा गांव में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्ष लाठी-डंडा लेकर आमने-सामने हो गए और जमकर मारपीट हुई। सूचना पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक की तहरीर पर दोनों पक्षों के सात नामजद व छह अज्ञात समेत कुल 13 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक द्वारा दी गई तहरीर के अनुसार वर्ष 2023 में गांव निवासी रेनू वर्मा पत्नी पंकज वर्मा सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान की प्रबल दावेदार थीं, लेकिन चरित्र सत्यापन में आपराधिक इतिहास के चलते उनकी दावेदारी निरस्त हो गई। इससे क्षुब्ध होकर पंकज वर्मा ने ग्राम प्रधान विजय कुमार उपाध्याय के खिलाफ विकास कार्यों में अनियमितता का आरोप लगाते हुए संबंधित अधिकारियों को प्रार्थना पत्र दिया। जांच शुरू होने के बाद दोनों पक्षों में तनाव बढ़ता गया। शनिवार शाम करीब 7 :30 बजे प्रभारी निरीक्षक को सूचना मिली कि दोनों पक्ष लाठी-डंडों से लैस होकर मारपीट कर रहे हैं। मौके पर पहुंचने पर पुलिस ने देखा कि दोनों पक्ष उग्र होकर एक-दूसरे पर हमला कर रहे थे, जिसमें कुछ लोगों को चोटें आईं। पुलिस ने समझाने का प्रयास किया, लेकिन हालात बिगड़ते देख अन्य थानों से फोर्स बुलानी पड़ी, जिसके बाद दोनों पक्ष मौके से हट गए। पुलिस ने एक पक्ष के पंकज वर्मा, रेनू वर्मा, शोभा तथा दूसरे पक्ष के विजय कुमार उपाध्याय, अंबिका प्रसाद उपाध्याय, विकास उपाध्याय, अंकित उपाध्याय सहित छह अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

**ठा0 सत्यनारायण चंद्र प्रताप सिंह पी0जी0 कालेज**
**बरियौना, शंकरगढ-सुल्तानपुर**

**आवश्यकता है**

**प्राचार्य–** 01 पद,
**परास्नातक स्तर पर –** प्राचीन इतिहास, शिक्षा शास्त्र, राजनीति शास्त्र विषयों में प्रत्येक में 02–02 प्रवक्ता हेतु ।
**योग्यता व वेतनमान –** विश्वविद्यालय/राज्य विश्वविद्यालय/उ0प्र0 शासन एवं यू0जी0सी0 के मानकानुसार।
**नोट–**आवेदन पत्र स्वप्रमाणित समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्र एवं दो फोटो सहित 15 दिन के अंदर महाविद्यालय के पते पर या पंजीकृत डाक अथवा स्वयं उपस्थित होकर कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

प्रबंधक :
मो0नं0– 7355917047

**कार्यालय :ग्राम पंचायत कलन्दरपुर, वि.खं. मुहम्मदपुर –आजमगढ़**
पत्रांक : मेमो/निविदा सूचना/2026–27 दिनांक : 04.04.2026
**अल्पकालीन निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2026–27 में ग्राम पंचायत कलन्दरपुर वि.ख. मुहम्मदपुर द्वारा केन्द्रीय वित्त आयोग/राज्य वित्त आयोग/वीबी जीरामजी/एस.एल.डब्ल्यू.एम./एस.बी.एम./स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण/आर.जी.एस.ए.योजनान्तर्गत प्राप्त धनराशि से आर.आर.सी. सेन्टर निर्माण, अन्नपूर्णा भवन निर्माण, सामुदायिक शौचालय, अन्त्येष्टि गृह, अतिरिक्त कक्ष, सी0एस0सी0 निर्माण, एएनएम सेन्टर, पंचायत भवन निर्माण/मरम्मत, आंगनबाड़ी केन्द्र निर्माण/मरम्मत, गौशाला निर्माण, बारात घर निर्माण, स्टेडियम, मिनी स्टेडियम, विद्यालय का कायाकल्प, बाउण्ड्री वाल निर्माण व मरम्मत सम्बन्धित कार्यो पर सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है जिसे इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 07.04.2026 से दिनांक 13.04..2026 को दोपहर 12.00 बजे तक सीलबन्द निविदा ग्राम पंचायत के कार्यालय में जमा की जा सकती है। जो दिनांक 13.04.2026 को ग्राम पंचायत कार्यालय पर शाम 03:00 बजे से खोली जायेगी।

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | ईट 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी, ईट एसओबी | प्रति हजार | |
| 2 | सीमेन्ट | प्रति बैग | |
| 3 | डाला गिट्टी, ईट गिट्टी, स्टोन ब्लास्ट | प्रति घन मी. | |
| 4 | मोरंग बालू/ सफेद बालू,गंगा बालू | प्रति घन मी. | |
| 5 | साइन बोर्ड | प्रति नग | |
| 6 | कम्पयूटर, इन्वर्टर, आलमारी, कुर्सी/ स्टेशनरी सामान | प्रति नग | |
| 7 | पेन्ट पुट्टी, चूना ब्लीचिंग | प्रति ली. | |
| 8 | सरिया विभिन्न साइज | प्रति कुन्तल | |
| 9 | करकट/एस्बेस्टर सीट | प्रति नग | |
| 10 | सोलर लाइट, विद्युत सामग्री, स्ट्रीट लाइट, हाईमास्ट लाईट | प्रति नग | |
| 11 | शौचालय निर्माण सामाग्री, कार्यालय स्थापना सामाग्री | | |
| 12 | ह्यूम पाइप (विभिन्न साईज) | प्रति मी. | |
| 13 | हैंडपंप रिबोर/मरम्मत हेतु सामग्री | | |
| 14 | सीमेंटेड ईट/इण्टरलाकिंग ईट/ पटिया/ पत्थर बेंच | प्रति हजार | |
| 15 | सफाई किट/कोविड–19 किट, | | |
| 16 | समरसेबुल टंकी/एस्बेस्टस सीट, आर0ओ0 प्लान्ट | प्रति नग | |
| 17 | कायाकल्प सामाग्री, खेल कूद सामाग्री | | |
| 18 | चुन्नी, चोकर, भूसा, हरा चारा | | |
| 19 | डस्टबिन , कूड़ा गाड़ी, ई–रिक्शा, साईकिल रिक्शा, भस्मक/इन्सीनेटर | प्रति नग | |
| 20 | इत्यादि | | |

शर्ते – .विस्तृत जानकारी/नियम व शर्ते किसी भी कार्य दिवस में निविदा प्रपत्र के साथ ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।2.ग्राम पंचायत में निविदा निरस्त करने एवं संशोधन करने का अधिकार रहेगा।
**ग्राम प्रधान– निर्छला यादव** **सचिव– प्रताप नरायन**
**ग्राम पंचायत – कलन्दरपुर, वि.ख. – मुहम्मदपुर, आजमगढ**

कार्यक्रम

केएनआईटी में फोटोग्राफी एंड फाइन आर्ट्स क्लब द्वारा आर्ट हसल प्रतियोगिता का आयोजन

# आर्ट हसल प्रतियोगिता में छात्र–छात्राओं ने दिखाई रचनात्मक प्रतिभा

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार**: केएनआईटी में फोटोग्राफी एंड फाइन आर्ट्स क्लब द्वारा आर्ट हसल प्रतियोगिता का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। प्रतियोगिता में मुख्य रूप से बीटेक प्रथम वर्ष के 150 से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग कर अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम में ओरिगेमी एवं लाइव स्केचिंग जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। ओरिगेमी में प्रतिभागियों ने कागज मोड़कर आकर्षक आकृतियां तैयार कीं, वहीं लाइव स्केचिंग में व्यक्तियों और वस्तुओं के जीवंत रेखाचित्र बनाकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एच.वी. सिंह ने कहा कि सह-पाठ्यक्रम गतिविधियां छात्रों के व्यक्तित्व विकास, रचनात्मकता और आत्मविश्वास बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने छात्रों को ऐसे आयोजनों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। क्लब के कन्वेनर प्रो. एच.के. गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत करते हुए क्लब की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। इस अवसर पर कल्चरल काउंसिल के कन्वेनर प्रो. कपिल सक्सेना एवं स्पोर्ट्स काउंसिल के कन्वेनर प्रो. वरुण कुमार भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में विजेता छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।



प्रतियोगिता में शामिल छात्र–छात्राएं। ● अमृत विचार

### शिक्षा चौपाल व वार्षिकोत्सव में मेधावी छात्रों का हुआ सम्मान

संवाददाता, सुलतानपुर : कुड़वार ब्लॉक के उच्च प्राथमिक विद्यालय धारूपुर में शिक्षा चौपाल , वार्षिकोत्सव एवं उत्तीर्ण छात्र–छात्राओं को रिपोर्ट कार्ड व पुरस्कार वितरण कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से उपस्थित अभिभावकों व अतिथियों का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष एवं जिला प्रवक्ता निजाम खान ने मेधावी छात्र–छात्राओं को पुरस्कार प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही वह आधार है, जो बच्चों के सपनों को साकार करने की शक्ति देती है। कार्यक्रम के दौरान उत्तीर्ण छात्रों को रिपोर्ट कार्ड वितरित किए गए और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक विवेक रावत, डॉ. समदर्शी विश्वकर्मा, संजय मिश्रा, प्रवीण यादव, भीम सिंह, परवेज आलम, मुहम्मद वसीम, आरिफ, सरिता सिंह, रेखा तिवारी आदि मौजूद रहे।



मेधावी छात्रों को सम्मानित करते शिक्षक। ● अमृत विचार

# पंचायत चुनाव में संशय पर 20 हजार दावेदारों पर वज्रपात

## 23 लाख से अधिक ग्रामीण मतदाताओं में निराशा व्याप्त, कहीं भारी न पड़ जाए आम जन का विकास रोकना

अरुण कुमार मिश्र, गोंडा

**अमृत विचार :** लोकतांत्रिक मूल्यों को दरकिनार कर पंचायत चुनाव को टालने की चल रही कवायद को आम लोग सिर्फ साजिश करार दे रहे हैं। बीते एक साल से चुनाव लड़ने की ललक लेकर जिले भर के करीब 20 हजार दावेदारों का दिल जोर-जोर धड़कने लगा है। इसका कारण दावेदार अब तक लाखों रुपए चुनाव तैयारी को लेकर खर्च कर चुके हैं। लेकिन विधानसभा चुनाव के बाद चुनाव कराने के संशय ने उनके ऊपर तुषारापात कर दिया है। कार्यकर्ताओं की फूट रोकने के लिए चुनाव टालने की तैयार की जा रही पृष्ठभूमि कहीं भारी न पड़ जाए। पंचायतों से जुड़े करीब 23 लाख मतदाता विकास से दूर हो जाएंगे। उनके कार्य नहीं हो पाएंगे। इसका कारण प्रशासकों का समय पर न मिलना माना जा रहा है।

राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं में विद्वेष न फैले, विधानसभा चुनाव में विपरीत प्रभाव न पड़े इसलिए सभी दल पंचायत चुनाव से पीछे हटते दिख रहे हैं। आम नागरिकों को दरकिनार किया जा रहा है। पिछले कई सालों में यह देखा गया है कि जब जब नगर निकाय या पंचायतों में प्रशासनिक अधिकारी या कर्मचारी के हाथ में सत्ता रही केवल आर्थिक दोहन ही हुआ है।

वर्ष 2015 नवंबर में चुनाव हुआ था। लेकिन 2020 में चुनाव न कराकर छह महीने के गांव सरकार की सत्ता सचिव के हाथ में थी। क्षेत्र पंचायतों की सत्ता बीडीओ और एसडीएम के हाथ थी। इसका आम नागरिकों ने खूब विरोध किया था और खूब आर्थिक दोहन हुआ था। गोंडा नगर पालिका के चेयरमैन रहे निर्मल श्रीवास्तव का वित्तीय और प्रशासनिक अधिकार सीज कर उन्हें कुर्सी से हटा दिया गया। उनके स्थान पर एडीएम सत्ता संभालते रहे और आम नागरिक परेशान रहे। खूब लूट खसोट का मामला उछला लेकिन अधिकारियों के सिंडिकेट ने दबा दिया। मौजूदा चेयरमैन उज्मा राशिद का भी अधिकार सीज कर उनके ऊपर अनियमितता का आरोप लगा कर जेल भेजा गया, लेकिन हाईकोर्ट के आदेश पर उन्हें जेल से रिहा कर दिया गया और उनका अधिकार बहाल कर दिया गया।

आम जनता को अलग थलग किए जा रहे निर्णय से पार्टी के कार्यकर्ता भले ही खुश नजर आएं लेकिन पंचायत चुनाव टलने पर इसका नकारात्मक प्रभाव सत्ता दल पर अवश्य दिखेगा और विपक्षी भी हमलावर नजर आएंगे। वित्तीय घोटाले के आरोप मढ़े जाएंगे।

पूर्व प्रधान जसवंत लाल मिश्र कहते हैं कि चुनाव टालना संवैधानिक प्रक्रिया के विपरीत है। समय पर चुनाव होने से आम जनता हानि-लाभ का आंकलन करती है और अपना अगला प्रधान चुनती है। पूर्व प्रधान डॉ. चंद्रशेखर पांडेय कहते हैं कि चुनाव समय पर ही होना चाहिए। वरिष्ठ पत्रकार विजय बहादुर तिवारी का कहना है कि चुनाव सरकार की नैतिक और संवैधानिक जिम्मेदारी है। प्रशासक के नेतृत्व में विकास कम, दोहन अधिक होता है। विवादों की संख्या जन्म लेती है।

### 6-6 गांवों की सत्ता संभालेंगे ग्राम पंचायत सेक्रेटरी!

गोंडा जिले में ग्राम्य विकास अधिकारी व ग्राम पंचायत अधिकारियों की कुल संख्या 182 है, जबकि ग्राम पंचायतों की संख्या 1192 है। 26 मई को ग्राम प्रधानों का कार्यकाल समाप्त हो रहा है। अभी तक सुगबुगाहट थी कि जुलाई तक चुनाव कराए जाएंगे। जुलाई में क्षेत्र पंचायत व जिला पंचायत का गठन कार्यकाल भी पूरा हो रहा है। लेकिन अब एक संशय और उत्पन्न हो गया है। सरकार की तरफ से चुनाव की कोई सुगबुगाहट या घोषणा अभी तक नहीं हुई है। माना जा रहा है कि पंचायत चुनाव को टाला जा सकता है और अब चुनाव विधानसभा चुनाव के बाद होंगे। ऐसे में ग्राम पंचायतों में 26 मई को बस्ता जमा हो जाएगा और सचिव ग्राम पंचायत की सत्ता संभालेंगे। लेकिन जिले में केवल 182 सचिव की तैनाती है। ऐसे में एक-एक सचिव व करीब 6 ग्राम पंचायतों का प्रभार होगा। इसलिए इनका जनता से मिलना संभव नहीं हो पाएगा।

**1192** है जिले में कुल ग्राम पंचायतों की संख्या

**15166** है ग्राम पंचायत सदस्यों की संख्या

**1826** है क्षेत्र पंचायत सदस्यों की संख्या

**16** क्षेत्र पंचायत प्रमुखों के पद हैं जिले में

**51** है जिला पंचायत सदस्यों की संख्या

**01** है जिला पंचायत अध्यक्ष का पद

**2300000** मतदाता हैं पंचायत क्षेत्र में निवास करने वाले

### समय पर पंचायत चुनाव कराए सरकार

पंचायत चुनाव समय पर कराया जाना उचित होगा। जो लोग पंचायत चुनाव लड़ने के इच्छुक हैं। लगातार क्षेत्र में मेहनत कर रहे हैं, ऐसे में चुनाव उनके लिए महंगा हो जाएगा। समय से चुनाव न कराना लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं होता है। यदि समय से चुनाव हो जाए तो गांव का विकास भी सही तरीके से होगा।

– **शिव कुमार दुबे**, मीडिया प्रभारी जिला कांग्रेस कमेटी, गोंडा

### सुविधा के अनुसार सरकार कराएगी चुनाव

अपनी सुविधा के अनुसार सरकार चुनाव कराएगी। लेकिन इस पर हमारी प्रतिक्रिया उचित नहीं है। जिलाध्यक्ष से बात करिए। इसके बाद बताया कि जिलाध्यक्ष प्रशिक्षण वर्ग में हैं।

– **विवेक मणि श्रीवास्तव**, मीडिया प्रभारी भाजपा, गोंडा

### पंचायत चुनाव से डर रही भाजपा सरकार

पंचायत चुनाव से भाजपा सरकार डर रही है। उसे पता है कि पंचायत चुनाव में भाजपा हार जाएगी और इसका असर विधानसभा में दिखेगा। भाजपा पंचायत चुनाव ही नहीं विधानसभा चुनाव में भी हारेगी। इस बार पंचायत से लेकर विधानसभा तक सपा की सरकार बनेगी।

–**अरशद हुसैन**, जिलाध्यक्ष, समाजवादी पार्टी, गोंडा

# तीसरी लाइन का स्पीड ट्रायल सफल

- गोंडा-बुढ़वल रेलखंड पर 120 किमी की गति से दौड़ी विशेष ट्रेन



**गोंडा, अमृत विचार :** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल की ओर से यात्री सुविधाओं के विस्तार एवं परिचालनिक सुगमता को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की गई है। गोंडा-बुढ़वल रेलखंड के अंतर्गत बुढ़वल से घाघराघाट (11.77 किमी) के मध्य 25 हजार वोल्ट एसी क्षमता की तीसरी नई विद्युतकर्षण लाइन का संरक्षा परीक्षण एवं स्पीड ट्रायल सम्पन्न हुआ।
नेतृत्व रेल संरक्षा आयुक्त, पूर्वोत्तर परिमंडल प्रणजीव सक्सेना ने किया। उनके साथ मंडल रेल प्रबंधक लखनऊ मंडल गौरव अग्रवाल, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) अभय कुमार गुप्ता, मुख्य विद्युत इंजीनियर (निर्माण) ओ.पी. सिंह, मुख्य इंजीनियर (टीएमसी) संजय यादव, मुख्य विद्युत वितरण इंजीनियर सुरेश कुमार तथा मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर (प्लानिंग) निलाभ महेश सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। निरीक्षण की शुरुआत बुढ़वल जंक्शन से मोटर ट्रॉली के माध्यम से की गई। अधिकारियों ने बुढ़वल से घाघराघाट तक नई तीसरी लाइन का परीक्षण किया। इस दौरान ब्रिज संख्या 393, 392 तथा घाघरा नदी पर स्थित मेजर ब्रिज संख्या 391 की संरचनात्मक मजबूती, ट्रैक एलाइनमेंट, बेयरिंग एवं एक्सपेंशन सिस्टम का परीक्षण किया गया। समपार संख्या 303 स्पेशल का भी निरीक्षण किया गया। सीआरएस स्पेशल ट्रेन द्वारा 120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से सफल स्पीड ट्रायल किया गया, जो इस परियोजना की गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों की पुष्टि करता है। उल्लेखनीय है कि गोंडा-बुढ़वल रेलखंड पर तीसरी रेल लाइन का कार्य चार चरणों में किया जा रहा है। गोंडा कचहरी से बुढ़वल (57.19 किमी) तक का कार्य पूर्ण हो चुका है, अंतिम चरण में गोंडा जंक्शन से गोंडा कचहरी (4.88 किमी) का कार्य प्रगति पर है। इस मौके पर लखनऊ मंडल के वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर, सिग्नल एवं दूरसंचार, तथा विद्युत विभाग के अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## राजस्व टीम पर किया हमला, कागजात फाड़े

**रुपईडीह, गोंडा, अमृत विचार:** कौड़िया क्षेत्र के शुक्ल कौड़िया गांव में भूमि विवाद के दौरान सीमांकन करने पहुंची राजस्व टीम पर हमला करने, सरकारी कागजात फाड़ने और छप्पर में आग लगाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने लेखपाल की तहरीर पर पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

लेखपाल विवेक प्रजापति के अनुसार, गांव में बच्चालाल और दयावती के बीच भूमि विवाद चल रहा था। न्यायालय के आदेश पर वह राजस्व कर्मियों और पुलिस बल के साथ सीमांकन के लिए पहुंचे थे। आरोप है कि इसी दौरान बच्चालाल, उसकी पत्नी शांति देवी, पुत्री शुभी और नीलू तथा पुत्र कृष्ण दयाल ने टीम पर हमला कर दिया। आरोपियों ने कागजात फाड़ दिए और हथियार लेकर मारपीट पर उतारू हो गए।

# बेकाबू डबल डेकर बस पलटी, 10 यात्री घायल

**मनकापुर, गोंडा, अमृत विचार:** हथियागढ़-छपिया से दिल्ली जा रही श्री बालाजी ट्रांसपोर्ट की डबल डेकर बस सोमवार को टिकरी जंगल स्थित उठघाट पुल मोड़ पर पलट गई। बस सड़क से उतरकर जंगल में जाकर पेड़ के सहारे लटक गई। गनीमत रही कि बस पूरी तरह खाई में नहीं गिरी, वरना बड़ा हादसा हो सकता था।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बस तेज रफ्तार में थी और मोड़ पर चालक नियंत्रण खो बैठा, जिससे दुर्घटना हो गई। बस में करीब 20 यात्री सवार थे। हादसे में बाईं ओर बैठे करीब 10 यात्री घायल हो गए, जबकि दाईं ओर बैठे यात्री सुरक्षित हैं। हादसे के बाद चालक फरार हो गया। घायलों का आरोप है कि चालक नशे की हालत में था। पुलिस ने घायलों को सीएचसी पहुंचाया। डॉ. आलोक चौधरी ने घायलों का उपचार किया। गंभीर रूप से घायल कृष्ण कुमार को जिला मुख्यालय रेफर कर दिया गया। छपिया क्षेत्र के भरपुरवा निवासी एक ही परिवार के पार्वती वर्मा (20), कृष्ण कुमार वर्मा (23), सोनिया वर्मा (21), गोपाल वर्मा (17), आज्ञाराम वर्मा (50) व चंपा देवी (45), सैजलपुर निवासी मनोज कुमार (42) व सतीश (12), रमवापुर थाना खोड़ारे निवासी बकरीदी खान (50) व वजीरगंज के उदयपुर ग्रांट निवासी संगीता (20) घायल हुए हैं। प्रभारी निरीक्षक अरविंद सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल भिजवाया गया।



गोंडा प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता के उद्घाटन के मौके पर मौजूद सपा नेता ।

### पूर्व मुख्यमंत्री ने टूर्नामेंट का किया वर्चुअल उद्घाटन

**गोंडा, अमृत विचार :** स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव नेताजी जीपीएल सीजन-6 रात्रिकालीन क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन सोमवार को जिगर इंटर कॉलेज मैदान में हुआ। उद्घाटन समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने प्रदेश कार्यालय से वर्चुअल माध्यम से किया। इस दौरान उन्होंने आयोजकों मतीन सिद्दीकी व फहीम सिद्दीकी को आयोजन के लिए बधाई दी। साथ ही वर्ष 2027 में सरकार बनने पर गोण्डा में स्टेडियम निर्माण की घोषणा भी की। समारोह में पूर्व मंत्री राकेश कुमार वर्मा, नोएडा महानगर अध्यक्ष आश्रय गुप्ता, अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष अरशद हुसैन, प्रदेश अध्यक्ष शकील नदवी, राष्ट्रीय सचिव मुनीर अहमद, मसूद आलम खान, मुश्फिक खान, पूर्व विधायक बैजनाथ दुबे सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित रहे। टूर्नामेंट के पहले दिन तीन मुकाबले खेले गए। पहले मैच में शेर अवध हलधरमऊ ने निर्धारित 10 ओवर में 124 रन बनाए। जवाब में फाइन फर्नीचर्स गोण्डा की टीम ने 5 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। दूसरे मुकाबले में न्यू जनता मेडिकल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 139 रन बनाये। रॉयल ग्रुप की टीम 89 रन पर सिमट गई ।तीसरा व पहला क्वार्टर फाइनल मुकाबला फाइन फर्नीचर्स और न्यू जनता मेडिकल के बीच खेला गया। फाइन फर्नीचर्स 76 रन बना सकी। न्यू जनता मेडिकल ने 6 विकेट से जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

## आग से दो एकड़ गेहूं की फसल राख

**तरबगंज, गोंडा, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के विशुनपुर गांव में सोमवार दोपहर अज्ञात कारणों से लगी आग ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया। करीब दो एकड़ गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख हो गई। अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। ग्रामीणों ने भी मशक्कत कर आग पर काबू पाने में सहयोग किया, तब जाकर स्थिति नियंत्रित हो सकी। इस अग्निकांड में विशुनपुर निवासी शिवपाल और रामचंद्र के साथ ही पिपरी रोहुआ गांव के परशुराम और चिनगू की फसल पूरी तरह जल गई। किसान परशुराम के बेटे छोटू ने बताया कि घटनास्थल से अधजली माचिस और चिलम बरामद हुई है। इससे आशंका जताई जा रही है कि किसी व्यक्ति ने गांजा पीने के बाद लापरवाही में जलती तीली खेत में फेंक दी, जिससे आग भड़क उठी।

# रामरंग की हत्या से उठे सवाल

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार :**



रामरंग फाइल फोटो।

तुलसीपुर माझा गांव में रामरंग की जिस बेरहमी से हत्या हुई, उसने सिर्फ एक परिवार को नहीं उजाड़ा, बल्कि पुलिस और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या यह हत्या पहले से तय थी? और अगर हां, तो इसे रोका क्यों नहीं गया?

गांव के लोगों के मुताबिक, यह पहली घटना नहीं थी। करीब चार साल पहले भी इसी रास्ते के विवाद को लेकर रामरंग और उसके भाई पर हमला किया गया था। सवाल यह है कि जब पहले ही जानलेवा हमला हो चुका था, तो आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई क्यों नहीं हुई? सूत्र बताते हैं कि घटना वाले दिन सुबह ही दोनों पक्षों में मारपीट हुई थी। जब पुलिस को उसी दिन तनाव की जानकारी थी, तो क्या गांव में कोई निगरानी या रोकथाम की कार्रवाई की गई? अगर समय रहते हस्तक्षेप होता, तो क्या रामरंग आज जिंदा होता? जिस तरह आरोप है कि पहले ट्रैक्टर से दो बार कुचला गया और फिर धारदार हथियार से हमला किया गया। यह सुनियोजित हत्या की ओर इशारा करता है। घटना के 24 घंटे बाद भी सातों नामजद आरोपी फरार हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि आरोपी पक्ष का गांव में दबदबा है।

थाना क्षेत्र के तुलसीपुर माझा गांव में रविवार को पुरानी रंजिश और रास्ते के विवाद ने एक बार फिर हिंसक रूप ले लिया, जिसमें दबंगों ने एक युवक की बेरहमी से हत्या कर दी। पूरे अर्जुन निवासी उमेश यादव ने बताया कि उनके घर से करीब दो किलोमीटर दूर स्थित खेत के रास्ते को लेकर गांव के ही भरत लाल यादव से विवाद चल रहा है। रविवार की सुबह भी इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में मारपीट हुई थी। शाम होते-होते खूनी संघर्ष में बदल गया। शाम करीब पांच बजे भरत लाल का बेटा राहुल यादव जब उमेश के खेत से ट्रैक्टर लेकर गुजरने लगा तो मना करने पर वह भड़क उठा और परिजनों संग मिलकर हमला कर दिया। आरोप है कि राहुल यादव, अंकित उर्फ लल्लू, अखिल यादव, नेहा, अंजली, भरत लाल की पत्नी शोभा देवी और भरत लाल लाठी-डंडों और बांका के साथ मौके पर पहुंचे और उमेश तथा उसके भाई रामरंग पर टूट पड़े। राहुल यादव ने रामरंग पर ट्रैक्टर चढ़ा दिया हमलावर यहीं नहीं रुके और राहुल ने ट्रैक्टर को घुमाकर दोबारा उसके ऊपर चढ़ा दिया। इसके बाद अंकित उर्फ लल्लू ने जान से मारने की नीयत से रामरंग पर बांके से वार कर दिया।

**पहल** जिला महिला अस्पताल से लेकर 16 सीएचसी पर 17 सत्रों में चलेगा अभियान

# 40 हजार किशोरियों को लगेगा एचपीवी टीका

**गोंडा, अमृत विचार:** किशोरियों में पनपने वाले सर्वाइकल कैंसर से निजात दिलाने के लिए सोमवार को एचपीवी टीकाकरण का शुभारंभ हो गया। जिले की 40 हजार चिह्नित किशोरियों को 17 सत्रों में टीका लगाया जाएगा।

डीएम प्रियंका निरंजन ने जिला महिला चिकित्सालय में टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया। टीकाकरण का अभियान अगले तीन माह तक चलेगा। इस अभियान में वह किशोरी शामिल होगी जिसने अपना 14 वां जन्मदिन मना लिया हो और 15वां अभी नहीं आया हो। वे ही टीकाकरण के लिए पात्र होंगी। जनपद में सभी 16 ब्लॉक मुख्यालय और मुख्यालय पर जिला महिला चिकित्सालय में एक टीकाकरण सत्र सहित कुल 17 टीकाकरण सत्र का संचालन किया जाएगा। अभियान के शुभारंभ पर अपर निदेशक, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, समस्त उप/ अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, एमओआईसी सहित तमाम चिकित्सक व अधिकारी उपस्थित रहे।



टीकाकरण अभियान का उद्घाटन करतीं डीएम प्रियंका निरंजन। • अमृत विचार

**2295 किशोरियों को लगायी जाएगी एचपीवी वैक्सीन : नवाबगंज :** सीएचसी पर सोमवार को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन पालिका अध्यक्ष डॉ. सत्येन्द्र सिंह ने किया। नोडल अधिकारी डॉ. विनियेश त्रिपाठी ने उन्हें मनी प्लांट भेंट कर सम्मानित किया। सीएचसी अधीक्षक डॉ. राम मोहन सिंह ने बताया कि ह्यूमन पैपिलोमा वायरस वायरसों का एक सामान्य समूह है, जो अधिकांश लोगों में कोई समस्या उत्पन्न नहीं करता, लेकिन इसके कुछ प्रकार जननांगों में मस्से या सर्वाइकल कैंसर का कारण बन सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान डॉ. देवेन्द्र सिंह, डॉ. अनूप तिवारी, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी विपिन तिवारी, बीपीएम रमन दूबे, राजनाथ सावंत, किरन मिश्रा, नैन्सी, महेन्द्र, हरिओम सहित अनेक स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

**सीएचसी पर एचपीवी का शुरू हुआ टीकाकरण : कटरा बाजार :** सीएचसी में सोमवार को एचपीवी वैक्सीनेशन कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। भाजपा कटरा मंडल के मंडल अध्यक्ष आनंद शुक्ला ने फीता काटकर अभियान की शुरुआत की। अधीक्षक डॉ. इंदु राणा ने बताया कि इस टीकाकरण अभियान का उद्देश्य किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव प्रदान करना है। कार्यक्रम में डॉक्टर अरुण सिंह, मुख्तार खान, धनिक राज, सिद्धनाथ तिवारी सहित अन्य मौजूद रहे।



विधायक को अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत करते मंडल अध्यक्ष आशीष गिरि।

### भाजपा के स्थापना दिवस पर विधायक ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश

**करनैलगंज, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर सोमवार को भाजपा मंडल कार्यालय में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक अजय सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल हुए। इस मौके पर विधायक अजय सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र सेवा का संकल्प लेकर चलने वाला संगठन है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने अपने 47 वर्षों के सफर में देश को नई दिशा देने का कार्य किया है। आज प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में गरीब, किसान, युवा और महिलाओं के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। कार्यक्रम का संचालन कन्हैया लाल वर्मा ने किया। इस अवसर पर चेयरमैन प्रतिनिधि रामजीलाल मोदनवाल, विधायक प्रतिनिधि शंकर प्रताप उर्फ गुड्डू सिंह, मंडल अध्यक्ष आशीष गिरि, देवेंद्र दीक्षित, अनोखेलाल मोदनवाल, पिंटू मिश्रा, गुड्डू सिंह मसौलिया, विवेक सिंह, लक्ष्मी नारायण खेतान, डीपी सिंह राठौर, पराग गुप्ता प्रधान, दिनेश दुबे, मुन्नू सिंह, चंदन गौड़ सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सचिव ने सुनीं बंदियों की समस्याएं, दिये निर्देश




जेल में बंदियों की समस्याएं सुनतीं प्राधिकरण की सचिव अंकिता सिंह ।

**गोंडा, अमृत विचार :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अंकिता सिंह ने सोमवार को मंडलीय कारागार गोंडा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी बैरकों के बंदियों से संवाद कर उनके मुकदमों से संबंधित जानकारी प्राप्त की व उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने जेल प्रशासन व डिफेंस काउंसिल सिस्टम के अधिवक्ताओं को सभी बैरकों में भ्रमण कर ऐसे सिद्ध दोष बंदी जिनकी अपील दाखिल नहीं है उनकी अपील दाखिल करने के लिए प्रभावी पैरवी करने का निर्देश दिया। उन्होंने महिला बैरक में महिला बंदियों से मुलाकात की। महिला बंदियों के साथ रह रहे बच्चों की पढ़ाई के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने कारागार के किचन में बन रहे भोजन की गुणवत्ता परखी व अस्पताल में इलाज करा रहे बंदियों से उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन भी किया गया। इस दौरान जेलर आफताब अंसारी, डिप्टी चीफ डिफेंस काउंसिल अनिमेष चतुर्वेदी, असिस्टेंट डिफेंस काउंसिल बृज लाल तिवारी व प्रभात श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### दीपक ने समीक्षा अधिकारी की परीक्षा की उत्तीर्ण



दीपक मिश्र।

**खरगूपुर, गोंडा, अमृत विचार :** किसान के बेटे ने समीक्षा अधिकारी बन क्षेत्र व जिले का मान बढ़ाया। ग्राम पंचायत भटपी गांव के मजरा तुर्क पुरवा निवासी भानु प्रकाश मिश्र के पुत्र दीपक मिश्र ने उत्तर प्रदेश अधीनस्थ कर्मचारी चयन सेवा आयोग की परीक्षा पास कर समीक्षा अधिकारी के पद पर नियुक्ति पायी है। दीपक मिश्र इस समय बिहार में अध्यापक के पद पर कार्यरत हैं। इनके पिता भानु प्रकाश मिश्र ने बताया कि उसने प्रारंभिक शिक्षा के साथ ही हाई स्कूल व इंटर मीडिएट की शिक्षा सरस्वती इंटर कॉलेज इटियाथोक से प्राप्त की थी। इसके बाद प्रयागराज यूनिवर्सिटी से स्नातक व लखनऊ में रहकर तैयारी किया। दीपक ने यूपीएससी की प्री-परीक्षा भी उत्तीर्ण कर अभी भी तैयारी में लगा था। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता के साथ ही गुरुजनों को दिया।

### बच्चों ने निकाली स्कूल चलो जागरूकता रैली



स्कूल चलो रैली में शामिल बच्चे। • अमृत विचार

**कटरा बाजार, गोंडा, अमृत विचार :** नगर पंचायत के मुख्य मार्ग पर सोमवार को स्कूल चलो अभियान के तहत परिषदीय विद्यालयों की छात्राओं ने जागरूकता रैली निकालकर शिक्षा का संदेश दिया। रैली को भाजपा नेता भवानी भीख शुक्ल, खंड शिक्षा अधिकारी अंजनी कुमार सिंह, अधीक्षक डा. इंदू सिंह राणा व निरीक्षक अपराध रमाशंकर राय ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में शामिल छात्राओं ने आधी रोटी खाएंगे, स्कूल पढ़ने जाएंगे जैसे नारों के साथ नगर के प्रमुख मार्गों पर भ्रमण किया और लोगों को बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद रैली पुन: विद्यालय परिसर पहुंचकर समाप्त हुई। भाजपा नेता भवानी भीख शुक्ल ने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षकों और छात्रों के बीच शैक्षिक माहौल बेहतर हुआ है और परिषदीय विद्यालयों के प्रति छात्रों का रुझान बढ़ रहा है। खंड शिक्षा अधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि रैली में 24 विद्यालयों की लगभग 200 छात्राएं शामिल हुईं। उन्होंने कहा कि नए शैक्षिक सत्र में नवप्रवेशी छात्रों की संख्या में भी लगातार वृद्धि हो रही है। इस दौरान अधीक्षक डा. इंदू सिंह राणा ने छात्राओं को कैंसर से बचाव के लिए टीकाकरण के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में माया देवी, अरुण सिंह, रवि तिवारी, शेख शऊद, अजहर आलम, घनश्याम मिश्र, अनीता, तहरीर, सोनिया, अर्चना, पंकज सिंह, विवेक पाण्डेय सहित कई शिक्षक और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### बालिकाओं को अधिकारों की दी गई जानकारी

**गोंडा, अमृत विचार :** महिला सशक्तिकरण एवं सुरक्षा को लेकर चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज-5 के तहत सोमवार को बालगृह बालिका पोर्टरगंज में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। क्षेत्राधिकारी नगर आनंद कुमार राय ने बालगृह का निरीक्षण कर वहां रह रही बालिकाओं से संवाद स्थापित किया और उनकी समस्याओं व आवश्यकताओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी ने बालिकाओं को सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या या उत्पीड़न की स्थिति में बिना झिझक पुलिस व हेल्पलाइन नंबरों का सहारा लें। उन्होंने 1090, 112 व 181 जैसे महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए उनके उपयोग के बारे में बताया। उन्हें यह भी बताया गया कि वे अपने अधिकारों के प्रति सजग रहें और किसी भी प्रकार की अनुचित गतिविधि के खिलाफ आवाज उठाएं। इस अवसर पर उपनिरीक्षक प्रतिभा सिंह (प्रभारी बाल सुरक्षा संगठन), अधीक्षिका अर्चना श्रीवास्तव, अध्यापिका प्रियांशी तिवारी, महिला आरक्षी रागिनी मिश्रा व महिला आरक्षी अर्चना समेत अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### कक्षा-5 के छात्रों को वितरित हुआ परीक्षाफल

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार :** शिक्षा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय महादेवा में सोमवार को शारदा संगोष्ठी, वार्षिकोत्सव एवं कक्षा-5 के छात्रों के परीक्षाफल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के उत्तीर्ण छात्रों को सम्मानित करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर सभी सफल छात्रों को उनके परीक्षाफल के साथ पुरस्कार प्रदान किए गए। बच्चों को ग्राम प्रधान शोभाराम राजभर, प्रधानाध्यापक राजेश यादव, ब्लॉक उपाध्यक्ष अवनीश तिवारी, सहायक अध्यापक रवि एवं घनश्याम तथा उपस्थित अभिभावकों द्वारा सम्मानित किया गया। सभी अतिथियों ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आगे की पढ़ाई के लिए प्रेरित किया।

### दुबहा में श्याम महोत्सव 11 को

**रुपईडीह, अमृत विचार :** क्षेत्रीय जनता के सहयोग से आगामी 11 अप्रैल को दुबहा बाजार में तृतीय श्याम महोत्सव व भव्य कीर्तन का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। भाजपा मंडल कटरा बाजार के महामंत्री कमलेश्वर प्रताप सिंह, प्रमोद गुप्त, अंकुर श्रीवास्तव, पवन गुप्त, सुनील सोनी आदि लोगों ने बताया कि इस कार्यक्रम में इंदौर की सुप्रसिद्ध भजन गायिका सावन नागदा, नानपारा की माही पोरवाल व गोंडा के कुमार आदर्श द्वारा विभिन्न प्रकार के कीर्तन व भजन प्रस्तुत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाए जाने के लिए तैयारी शुरू कर दी गई है।

### 9 मई को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**गोंडा, अमृत विचार :** 9 मई को साल की दूसरी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अंकिता सिंह ने बताया कि पक्षकारों की आपसी सहमति से विवादों का सुलभ तरीके से समाधान करने के लिए राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की जा रही है। लोक अदालत में ज्यादा से ज्यादा मामले चिन्हित कर निस्तारित कराने के लिए आज सभी तहसीलदारों के साथ सचिव ने बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये हैं। बैठक में सभी तहसीलदार उपस्थित रहे।

### भिक्षावृत्ति उन्मूलन को लेकर चला अभियान

**गोंडा, अमृत विचार :** जनपद में भिक्षावृत्ति उन्मूलन एवं बाल संरक्षण को लेकर पुलिस प्रशासन सक्रिय नजर आ रहा है। सोमवार को थाना एएचटी की अगुवाई में शहर के प्रमुख इलाकों में सघन चेकिंग व जागरूकता अभियान चलाया गया। थाना एएचटी के प्रभारी निरीक्षक लाल बिहारी टीम के साथ मौके पर मौजूद रहे। अभियान में अपराजिता सामाजिक समिति, चाइल्ड हेल्पलाइन एवं श्रम विभाग की संयुक्त टीम ने भी सहभागिता निभाई ।टीम द्वारा कोतवाली नगर क्षेत्र के रोडवेज परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में गहन चेकिंग की गई। इस दौरान आमजन को भिक्षावृत्ति उन्मूलन, बाल श्रम मुक्त भारत एवं बाल विवाह मुक्त भारत जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक किया गया। लोगों को बताया गया कि बच्चों को भीख मांगने के लिए मजबूर करना दंडनीय अपराध है और ऐसी किसी भी गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें ।इसके अलावा शहर में संचालित होटल, ब्यूटी पार्लर, मसाज सेंटर और स्पा सेंटरों की भी बारीकी से जांच की गई। पुलिस ने संबंधित संचालकों को सख्त निर्देश दिए कि वे सभी नियमों का पालन करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत प्रशासन को उपलब्ध कराएं।

**न्यूज ब्रीफ**

### खेत में मिला तेंदुए का शावक

**श्रावस्ती :** सिरसिया के निबिहा गांव के पास सोमवार को खेत में दो शावकों के साथ एक मादा तेंदुआ घूम रही थी। जिसे देख ग्रामीणों ने शोर मचाया तो मादा तेंदुआ अपने एक शावक के साथ भाग निकली। इस दौरान एक शावक मां से बिछड़ गया। जिसे ग्रामीणों ने पकड़कर भिनगा वन रेंज कार्यालय को सूचित किया। मौके पर पहुंचे वन कर्मियों ने शावक को कब्जे में ले लिया, जिसे वनकर्मी अपने साथ वन कार्यालय भिनगा लाए हैं।

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार घायल

**जरवल रोड (बहराइच) :** मोहल्ला कटरा दक्षिणी जरवल निवासी मुफीद अहमद अपने भतीजे मोहम्मद युसुफ के साथ शाम करीब 7 बजे मोटरसाइकिल से नयापुरवा जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में एक नीले रंग का स्वराज ट्रैक्टर ट्रॉली सहित तेज रफ्तार व लापरवाही से चलाते हुए आया और उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सड़क पर गिरकर क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में मोहम्मद युसुफ के सिर में गंभीर चोट आई और उसका पैर भी टूट गया। घायल को तत्काल उपचार के लिए ले जाया गया। मुफीद अहमद ने स्थानीय थाने पर नामजद मुकदमा दर्ज कराया है।

### पेड़ से लटका मिला युवक का शव

**इकौना (श्रावस्ती) :** इकौना थाना क्षेत्र के महजिदिया गांव निवासी कैलाश सिंह के खेत में शीशम का पेड़ लगा है। रविवार संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक का शव पेड़ से लटका मिला। घटना की सूचना पर सीओ आलोक कुमार सिंह इकौना पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। युवक की पहचान बहराइच जिले के पयागपुर थाना क्षेत्र के परसिया पंडित निवासी धर्मेन्द्र तिवारी पुत्र राजेश तिवारी के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिनगा भेज दिया। पुलिस मामले को संदिग्ध मानते हुए सभी पहलुओं की जांच कर रही है। सीओ ने बताया कि मौत के कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। उसी के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

### दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में छह घायल

**जरवल रोड (बहराइच) :** थाना जरवल रोड क्षेत्र के ग्राम रेव ढा में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। घटना में दोनों पक्षों के कुल छह लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम रेवढा में दो पक्षों के बीच विवाद हो रहा है। सूचना पर उपनिरीक्षक राहुल सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच की। जांच में पता चला कि प्रथम पक्ष के कोमल (19 वर्ष), संगीता (30 वर्ष) व नन्दलाल (30 वर्ष) तथा द्वितीय पक्ष के मुल्कराज (50 वर्ष), सीता (22 वर्ष) व कुसमा (45 वर्ष) के बीच जमीन को लेकर विवाद हुआ, जो मारपीट में बदल गया। घटना में दोनों पक्षों के सभी लोग घायल हो गए।

### नाबालिग ने फांसी लगाकर दी जान

**जरवल रोड (बहराइच) :** सोमवार सुबह थाना क्षेत्र जरवल रोड के अंतर्गत मजरा तकिया झुकिया गांव में एक नाबालिग किशोरी द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार साहिबा (उम्र करीब 14 वर्ष), पुत्री मोहम्मद असलम, निवासी तकिया दाखिला झुकिया, ने अपने घर की छत के कुंडे से दुपट्टा बांधकर फांसी लगा ली। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई और आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी गई। पुलिस द्वारा फॉरेंसिक टीम को भी सूचित कर दिया गया है, ताकि घटनास्थल की बारीकी से जांच की जा सके।

# फोर्स के साथ पहुंची अफसरों की टीम ने की जांच

## तालाब बघेल विवाद: ग्रामीणों की शिकायत को संज्ञान में लेते हुए डीएम के निर्देश पर करवाई गई पैमाइश

पयागपुर (बहराइच)

**अमृत विचार।** तालाब बघेल की जमीन को लेकर चल रहा विवाद अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच गया है। ग्रामीणों की शिकायत और बढ़ते आक्रोश को देखते हुए जिलाधिकारी अक्षय कुमार त्रिपाठी ने कड़ा रुख अपनाया है। डीएम के निर्देश पर गठित तीन सदस्यीय उच्चस्तरीय जांच दल ने सोमवार को भारी पुलिस बल और राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया। प्रशासन की इस कार्रवाई से पूरे इलाके में हड़कंप मचा रहा।

भगत पुरवा निवासी प्रमोद कुमार सिंह की शिकायत पर मुख्य राजस्व अधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) और एसडीएम पयागपुर की संयुक्त टीम विवादित स्थल पर पहुंची। टीम ने राजस्व, पुलिस और मत्स्य विभाग के कर्मचारियों के साथ मिलकर जमीन की पैमाइश व जांच की। इस दौरान सुरक्षा के मद्देनजर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा



तालाब बघेल की जमीन की पैमाइश करते अधिकारी। अमृत विचार

शिकायतकर्ता प्रमोद कुमार सिंह का आरोप है कि मत्स्य विभाग ने 439 हेक्टेयर जमीन पीवीआर कंपनी को एग्रीमेंट पर दी है। आरोप है कि कंपनी ने वहां बांध बना दिया है, जिससे तालाब का पानी ओवरफ्लो होकर गांवों की ओर फैल रहा है। इससे किसानों की तैयार फसलें बर्बाद हो रही हैं।

दूसरी ओर, कंपनी के प्रतिनिधि राहुल चौधरी ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि कोई बांध नहीं बनाया गया है, वे केवल नियमानुसार अपना व्यवसाय कर रहे हैं पूरे मामले की जांच रिपोर्ट अब डीएम द्वारा गठित विशेष कमेटी के पास सुरक्षित है।

इस मामले पर एसडीएम पयागपुर अश्वनी पांडेय ने बताया कि मौके पर पैमाइश कर ली गई है। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि अगले 2 से 3 दिनों में पूरी रिपोर्ट सार्वजनिक कर दी जाएगी।

### घाघराघाट-बुढ़वल तीसरी विद्युत रेल लाइन का सीआरएस ने किया निरीक्षण

**जरवलरोड (बहराइच)।** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल द्वारा गोंडा-बुढ़वल रेलखंड पर आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। बुढ़वल-घाघराघाट (11.77 किमी) के मध्य नव निर्मित 25,000 वोल्ट एसी क्षमता की तीसरी विद्युतकर्षण लाइन का सोमवार को रेल संरक्षा आयुक्त (सीआरएस) पूर्वोत्तर परिमंडल प्रणजीव सक्सेना ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान लखनऊ मंडल के मंडल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण अभय कुमार गुप्ता, मुख्य विद्युत इंजीनियर/निर्माण ओपी सिंह, मुख्य इंजीनियर/टीएमसी संजय यादव, मुख्य विद्युत वितरण इंजीनियर सुरेश कुमार एवं मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर/प्लानिंग निलाभ महेश सहित मंडल व निर्माण संगठन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। सीआरएस श्री सक्सेना ने बुढ़वल जंक्शन से मोटर ट्रॉली द्वारा निरीक्षण की शुरुआत करते हुए बुढ़वल-घाघराघाट खंड पर बनी तीसरी लाइन का बारीकी से परीक्षण किया। इस दौरान ब्रिज संख्या 393, 392 तथा घाघरा नदी पर बने मेजर ब्रिज संख्या 391 की संरचनात्मक सुरक्षा, ट्रैक एलाइनमेंट, बेयरिंग एवं एक्सपेंशन सिस्टम का गहन निरीक्षण किया गया। इसके साथ ही समपार संख्या 303 स्पेशल का भी निरीक्षण किया गया, जहां ड्यूटी पर तैनात गेटमैन से संरक्षा संबंधी सवाल पूछकर उसकी कार्यकुशलता का आकलन किया गया। निरीक्षण के अंतिम चरण में घाघराघाट-बुढ़वल के मध्य तीसरी विद्युत लाइन पर सीआरएस स्पेशल ट्रेन से 120 किमी प्रति घंटे की गति से सफल स्पीड ट्रायल किया गया, जो इस परियोजना की तकनीकी सफलता का महत्वपूर्ण संकेत है। उल्लेखनीय है कि गोंडा-बुढ़वल खंड पर तीसरी रेल लाइन का कार्य चार चरणों में पूरा किया जा रहा है। इसमें गोण्डा कचहरी-बुढ़वल (57.19 किमी) खंड का कार्य पहले ही पूर्ण हो चुका है, जबकि अंतिम चरण में गोंडा जंक्शन-गोंडा कचहरी (4.88 किमी) खंड पर कार्य प्रगति पर है।

## वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

सिरसिया (श्रावस्ती)

**अमृत विचार।** भिनगा जंगल के के नाले के पास रविवार देर शाम को सड़क हादसे में एक युवक ने दम तोड़ दिया। युवक बाइक से भिनगा से वापस घर लौट रहा था। वह केन नाले के पास पहुंचते ही वह सड़क हादसे का शिकार हो गया।



राम स्वरूप की फाइल फोटो।

सिरसिया थाना क्षेत्र के चैलाही निवासी राम स्वरूप (28) पुत्र प्रभुदयाल कारपेंटर का काम करता था। रविवार को दिन में वह काम करने भिनगा क्षेत्र में कहीं गया था। जहां से वह देर शाम को वापस घर लौट रहा था। भिनगा जंगल में स्थित केन नाले के पास पहुंचते ही तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में राम स्वरूप गंभीररूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे परिजनों की ओर से घायल को जिला अस्पताल भिनगा पहुंचाया गया। जहां हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने घायल को प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कालेज बहराइच रेफर कर दिया। परिजन उसे लेकर मेडिकल कालेज बहराइच पहुंचे जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

**स्कूल जा रहे मासूम को वाहन ने मारी टक्कर, गंभीर, पयागपुर (बहराइच):** पयागपुर इलाके में सोमवार की सुबह छात्र अंश तिवारी रोज की तरह सुबह अपने स्कूल के लिए निकला था। तभी अचानक सामने से आ रहे एक अनियंत्रित तेज रफ्तार वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि अंश सड़क पर दूर जा गिरा। सड़क पर तड़पते मासूम को देख वहां मौजूद राहगीरों और स्थानीय लोगों की आंखें नम हो गईं। लोगों ने घायल अंश को तुरंत उठाकर सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद बच्चे को खतरे से बाहर बताया है।

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोपित चढ़ा पुलिस के हत्थे

इकौना (श्रावस्ती)

**अमृत विचार।** एक युवती को शादी का झांसा देकर युवक उसे अपने साथ एक गांव ले गया। वहां आरोपी ने न सिर्फ दुष्कर्म किया, बल्कि साथियों के सहयोग से उसका वीडियो बनाकर वायरल करा दिया। युवती की तहरीर पर इकौना पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया।

पीड़िता के अनुसार इकौना थाना क्षेत्र के ग्राम टंडवा महंथ के मजरा रामपुर बनकट निवासी श्याम जी शुक्ला पुत्र मनीराम शुक्ला ने पीड़िता से पहले दोस्ती बनाया। बाद में उसे अपने प्रेमजाल में फंसाकर विवाह करने का झांसा देकर उसे दो अप्रैल को करीब 11.30 बजे सीताद्वार बुलाया वहां से पीड़िता को बाइक पर बैठाकर गिलौला थाना क्षेत्र के ग्राम जानकी नगर खुर्द स्थित एक अर्द्धनिर्मित घर में ले गया। वहां आरोपी ने पीड़िता से दुष्कर्म किया। इस दौरान जानकी



पुलिस की गिरफ्त में आरोपित।

नगर निवासी नितिश सिंह व छह अन्य साथी ने मौके पर आकर घटना का अपने मोबाइल में वीडियो बना लिया। जिसे बाद में वायरल कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर इकौना पुलिस शनिवार को दो नामजद व छह अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज कर आरोपियो की तलाश कर रही थी। सोमवार को प्रभारी निरीक्षक परमानन्द तिवारी ने श्याम जी शुक्ला को गोबिंदपुर मोड से गिरफ्तार कर लिया। जिसके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई कर न्यायालय ले जाया गया। वहां से आरोपी को जेल भेजा गया है।

## बहराइच में हुई वेब सीरीज की शूटिंग

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** आकांक्षी जनपद बहराइच इन दिनों फिल्मी चमक-दमक का केंद्र बना रहा। पहली बार जिले में एक साथ दो वेब सीरीज- "देसी टीनएजर्स" और "रंगीन सपने"की शूटिंग सफलतापूर्वक संपन्न हुई। शूटिंग का अंतिम और आकर्षक चरण शहर के प्रतिष्ठित ब्लिस रिजॉर्ट में भव्य आइटम सॉन्ग के फिल्मांकन के साथ पूरा हुआ, जिसने पूरे प्रोजेक्ट को खास बना दिया।

जानकारी के मुताबिक मुंबई के प्रसिद्ध प्रोडक्शन हाउस स्काई लिमिट इंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित यह वेब सीरीज देश के बड़े डिजिटल प्लेटफॉर्म जियो हॉटस्टार के लिए तैयार की जा रही है। इससे बहराइच को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। इस प्रोजेक्ट का निर्देशन आदेश कुमार कर रहे हैं, जो टीवी इंडस्ट्री में अपने लंबे अनुभव के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने 'जस्सी जैसी कोई नहीं', 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' तथा 'क्राइम



ब्लिस रिसार्ट में शूटिंग के दौरान मौजूद कलाकार। अमृत विचार

- **जियो हॉटस्टार के लिए तैयार की जा रही है वेब सीरीज**

पेट्रोल' और 'सावधान इंडिया' जैसे लोकप्रिय शोज में सैकड़ों एपिसोड्स का निर्देशन/निर्माण किया है।

प्रोड्यूसर सुमन मिश्रा फिल्म लाइन में आने से पहले एनसीआर व मुंबई में जीटीवी, आईबीएन7, सहारा टीवी तथा आजतक जैसे प्रतिष्ठित न्यूज चैनलों के लिए काम कर चुकी हैं। सीरीज में यशस्वी आदेश कुमार, लक्की यादव जैसे प्रतिभाशाली कलाकारों के साथ-साथ साउथ फिल्म इंडस्ट्री की चर्चित अभिनेत्री सोफिया तनवीर (सूफी) भी नजर आएंगी। सोफिया ने अनेक तेलगू व कन्नड़ फिल्मों तथा वेब सीरीज में काम करने के अलावा तुलसीराम प्रोडक्शन हाउस के बैनर वाली हिन्दी फिल्म 'ओए चिल मार' के साथ बालीवुड में कदम रख चुकी हैं। इसके अलावा टाइम्स म्यूजिक और सुभाष घई प्रोडक्शन से जुड़े कलाकारों की मौजूदगी ने प्रोजेक्ट को और मजबूत बनाया है।

### विशिष्ट सेवा सम्मान से नवाजे गए दीपेंद्र, दीपक और मनीष

**बहराइच।** किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय स्वायत्तशासी संस्था की सेमेस्टर परीक्षाओं के परिणाम रिकॉर्ड समय में घोषित करने में योगदान देने वाले महाविद्यालय के परीक्षा विभाग से जुड़े डॉ. दीपेन्द्र गुप्त, दीपक सिंह और मनीष अग्रवाल को 'विशिष्ट सेवा सम्मान' से नवाज़ा गया। सेंटर फॉर हिस्टोरिकल स्टडीज़ द्वारा दिए गए इस सम्मान समारोह के मुख्यअतिथि महाविद्यालय के आईक्यूएसी के चेयरमैन लेफ़्टिनेंट सूर्यभान रावत थे। इस अवसर पर सेंटर के प्रभारी डॉ सत्यभूषण सिंह ने बताया कि यह सम्मान कॉलेज में कार्य के प्रति समर्पण और निष्ठा के लिए दिया जा रहा है। इस अवसर पर महाविद्यालय के कार्यालय अधीक्षक राजवंत सिंह, बीएड विभाग के डॉ. प्रमोद कुमार, हिन्दी विभाग के प्रभारी डॉ नीरज कुमार पाण्डेय, वाणिज्य संकाय के वरिष्ठ असिस्टेंट प्रोफ़ेसर डॉ सतीश सिंह, डॉ. राजेश कुमार शर्मा, डॉ शैलेश कुमार, डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव, डॉ. अनूप कुमार शर्मा, बैजनाथ प्रसाद श्रीवास्तव, मध्यकालीन इतिहास विभाग के असिस्टेंट प्रोफ़ेसर धर्मवीर सिंह सहित अनेक शिक्षक उपस्थित थे।



कर्मियों को सम्मानित करते मुख्यअतिथि।

### वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में बच्चों ने बिखेरा जलवा

**पयागपुर (बहराइच)।** प्राथमिक विद्यालय मल्लव कोठार में वार्षिक उत्सव व अंक पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष संजना देवी ने किया मां शारदे की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर माल्यार्पण किया किया गया तत्पश्चात कक्षा 5 की छात्रा ज्योति युवा साधना द्वारा सरस्वती वंदना हुआ स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया तथा कक्षा तीन की छात्रा अनुष्का व काजल द्वारा नशा मुक्ति गीत प्रस्तुत किया गया रुखसार और पायल के द्वारा दहेज प्रथा पर एक नाटक प्रस्तुत किया गया विद्यालय के तमाम छात्राओं द्वारा अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए और कार्यक्रम के अंत में प्रबंध समिति अध्यक्ष तथा अपने-अपने अध्यापकों द्वारा अंक पत्र देकर अध्यक्ष द्वारा कार्यक्रम का समापन किया गया। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व आरपी व राष्ट्रीय सचिव महासंघ के जिला मीडिया प्रभारी राजेश मानवी कर है अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने कहा कि बच्चे अब किसी भी परीक्षा में प्रथम स्थान लाने के मोहताज नहीं है। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के अजय कुमार शुक्ला तथा रेखा शुक्ला ने किया, कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय की प्रधानाध्यापिका शक्ति शुक्ला तथा रोली शुक्ला ने बच्चों को अच्छे कार्य हेतु पुरस्कृत करने की घोषणा की।




कार्यक्रम के दौरान अंकपत्र के साथ बच्चे।

## चढ़ा पारा और गहराने लगा पेयजल संकट

बदला चौराहा (श्रावस्ती)

**अमृत विचार।** सरकार हर घर को नल से जल देने के लिए करोड़ो रुपए पानी की तरह बहा रही है। इसके बावजूद लोग बूंद बूंद पानी के लिए परेशान हैं। यह समस्या जमुनहा क्षेत्र में चढ़ते पारे के साथ बढ़ती जा रही हैं।

जल ही जीवन है, इस कहावत पर जल निगम के जिम्मेदारों को शायद भरोसा नहीं। शायद यही कारण है कि आकांक्षी ब्लॉक जमुनहा क्षेत्र के ज्यादातर गांवों में लगे सरकारी हैंडपंप या तो खराब है, या फिर इनसे दूषित जल निकल रहा है। तमाम स्थानों पर गंदगी के बीच लगे हैंडपंप से लोग पानी लेने से कतरा रहे है। ऐसे में न चाहते हुए क्षेत्रवासियों को कम गहराई वाले निजी हैंडपंप का आर्सेनिक युक्त पानी पीना पड़ रहा है। ऐसे में जब जिले का पारा लगातार चढ़ रहा है तो यह समस्या और गहराती जा रही है। अधिकारी इसके प्रति कितना गंभीर हैं



खराब हैंडपंप दिखाते अधिवक्ता।

इसे बताने के लिए यह तस्वीर पर्याप्त है। जमुनहा तहसील परिसर में लगा यह हैंडपंप खराब है। देखा जाए तो यहां प्रतिदिन हजारों की संख्या में वादकारी, पीड़ित व अधिवक्ताओं का जमावड़ा होता है। यही नहीं यहां डीएम, सीडीओ व जल निगम के अधिकारियों के साथ अकसर जिला व तहसील अधिकारियों का जमावड़ा होता हैं। ऐसे में अधिवक्ताओं ने डीएम अश्वनी कुमार पांडेय से हस्तक्षेप कर समस्या से निजात दिलाने की मांग की है।

**नेटवर्क की समस्या से जूझ रहे उपभोक्ता, जमुनहा (श्रावस्ती) :** मल्हीपुर व उसके आसपास क्षेत्र का नेटवर्क रविवार रात से बाधित हैं। ऐसे में उपभोक्ताओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा हैं। जमुनहा तहसील व ब्लॉक मुख्यालय सहित मल्हीपुर थाना व सीएचसी मल्हीपुर में ही स्थापित है। ऐसे में यहां तहसील, ब्लॉक व थाना सहित अन्य विभागों के ब्लॉक व तहसील स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी यहीं रहते है। यही नहीं बैंक सहित मल्हीपुर, पटना व वीरगंज बाजार भी तीन किलोमीटर की परिधि में ही स्थित है। मल्हीपुर के बैरियल चौराहा पर स्थापित बीएसएनएल व जिओ टावर के उपकरण अचानक रविवार रात जल गया। इसके कारण इन दोनों कंपनियों के मोबाइल नेटवर्क रात से ही बाधित है। ऐसे में सकरी कामकाज के साथ ही आमलोगों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

## चिकित्सा शिविर में 70 मरीजों का किया गया नेत्र परीक्षण

पयागपुर (बहराइच)

**अमृत विचार।** रामनगर खजुरी में निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया,शिविर में 70 मरीजो के आंखों का परीक्षण कर उन्हें दवा व चश्मा वितरित किया गया। सोमवार को राम नगर खजुरी चौराहे पर स्थित वेद प्रकाश त्रिपाठी के प्रतिष्ठान पर सीतापुर आंख अस्पताल द्वारा निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर कैम्प का आयोजन किया गया।

शिविर में नेत्र चिकित्सक विष्णु केश त्रिपाठी सीनियर नेत्र चिकित्सक डॉ. सौम्या भदौरिया, डॉ. अभिषेक वर्मा, आयुषी कोमल, सौरभ फरीन, काउंसलर सरिता पाल, दीप्ति और शहनाज हुसैन द्वारा मरीजों का परीक्षण किया गया। जिन मरीजों को कम

- **मोतियाबिंद और नाखूना के 30 मरीज किए गए चिह्नित**

दिखना, मोतियाबिंद, रतौंधी, नाखूना आदि की समस्या थी, उन मरीजों को बस द्वारा निःशुल्क सीतापुर अस्पताल चलने की सलाह दी गयी।शिविर में कुल 70 मरीजों का नेत्र परीक्षण किया गया जिसमे 30 मरीज मोतियाबिंद और नाखूना के मिले जिसमे से 30 मरीजों को टीम द्वारा मौके से ही बस द्वारा सीतापुर अस्पताल भेजा गया।टीम के लोगों ने बताया कि मरीजों का वहां पर निशुल्क उपचार, रहना, खाना पीना, और जो भी सामग्री उपयोग में लाई जाएगी वह सब कुछ सीतापुर आंख अस्पताल द्वारा दिया जाएगा। शिविर में शेष मरीजों को दवा तथा चश्मा उपलब्ध करवाया गया।

### एक दिन की डीएम बन भाव्या ने सुनी शिकायत

**श्रावस्ती, अमृत विचार।** मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के तहत सोमवार को जवाहर नवोदय विद्यालय भिनगा से 12वीं उत्तीर्ण छात्रा भाव्या रस्तोगी एक दिन की डीएम बनी। एक दिन की नवनियुक्त डीएम ने लोगों की शिकायत सुनकर समाधान के लिए संबंधित को निर्देशित किया। साथ ही उन्होंने जरूरी अभिलेखों की जांच भी की।जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय की ओर से कलेक्ट्रेट स्थित अपने कक्ष में छात्रा भाव्या रस्तोगी को एक दिन का जिलाधिकारी बनाया गया। नव नियुक्त जिलाधिकारी ने जिला प्रशासन की कमान संभालते हुए कई महत्वपूर्ण कार्य किए। इस दौरान उन्होंने जनता दर्शन में फरियादियों की समस्याएं सुनी। डीएम ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं का सशक्तीकरण करना है। जिसके तहत आज जिले की मेधावी छात्राओं को बुलाकर उच्च पद पर आसीन किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य है कि यह नई युवा पीढ़ी है, जो स्कूली शिक्षा में अध्ययनरत है, उन्हें इसके माध्यम से प्रेरणा मिल सके तथा शासन-प्रशासन के उच्च पदों पर जाने के लिए उनका मनोबल बढ़ सके।



एक दिन की जिलाधिकारी बनी भाव्या रस्तोगी व मौजूद डीएम अश्विनी कुमार।

### अट्ठैसा बीज भण्डार के केन्द्र प्रभारी बने मौलिक

**जरवलरोड (बहराइच)।** विकास खण्ड जरवल के अंतर्गत न्याय पंचायत अट्ठैसा स्थित राजकीय कृषि बीज भण्डार में प्राविधिक सहायक-सी मौलिक वर्मा को केन्द्र प्रभारी नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति जिला कृषि अधिकारी, बहराइच के निर्देश पर की गई है। मौलिक वर्मा को खरीफ 2026 की तैयारियों तथा बीज भण्डार के सुचारू संचालन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। विभाग द्वारा किसानों को समय पर बीज एवं आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

### टूरिस्ट वीजा देकर 3.90 लाख ठगे, केस दर्ज

**सिरसिया (श्रावस्ती), अमृत विचार।** मलेशिया वर्क वीजा के नाम पर एक व्यक्ति ने तीन लोगों से लाखों रुपये ले लिए। लेकिन उन्हें टूरिस्ट वीजा थमा दिया। एसपी के आदेश पर आरोपी के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है। सिरसिया थाना क्षेत्र के विशुनापुर लोहटी निवासी मेराज पुत्र हबीब, अबलाख पुत्र सालिकराम व राम बहादु पुत्र शोभाराम को मलेशिया काम दिलाने के लिए मल्हीपुर थाना क्षेत्र के रोशनपुरवा निवासी मुनेजात उर्फ रहीश वीजा दिलाने को कहा। जिसके एवज में उसने प्रत्येक से 1.30 रुपये समेत कुल 3.90 लाख रुपये लिए थे। रुपये लेने के बाद मुनेजात ने उन्हें वर्क वीजा के बजाय टूरिस्ट वीजा थमा दिया। वीजा मिलने के बाद तीनों दो सितम्बर 2025 को लखनऊ से फ्लाइट से निकले और अगले दिन तीन सितम्बर को मलेशिया पहुंचे। जहां उन्हें टूरिस्ट वीजा की वजह से वापस कर दिया गया। वापस आने के बाद तीनों ने अपने रुपये मांगे तो जनवरी माह में मेराज को 24 हजार रुपये, राम अबलाख को 18 हजार रुपये व रामबहादुर को 83 हजार रुपये वापस किया, जबकि शेष रुपये नहीं वापस किया। पीड़ितों ने एसपी को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई।

**आयोजन** भाजपा ने मनाया गया 47वां स्थापना दिवस, राष्ट्र-प्रथम के संकल्प के साथ बूथ स्तर तक हुए आयोजन

# समाज सेवा में हमेशा अग्रणी रही है भाजपा : पदम सेन चौधरी

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी ने आज अपना 47वां स्थापना दिवस पूरे उत्साह के साथ मनाया। जिला कार्यालय पर आयोजित मुख्य कार्यक्रम में सजावट के बीच ध्वजारोहण किया गया और विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से पार्टी की विकास यात्रा को याद किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीन दयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण के साथ हुआ। इस दौरान वरिष्ठ नेताओं ने कार्यकर्ताओं में जोश भरा और पार्टी की रीति-नीति पर प्रकाश डाला। जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय ने सम्बोधित करते हुए कहा कि 1980 में स्थापना के समय परिस्थितियां अत्यंत विषम थीं, लेकिन आज कार्यकर्ताओं के कड़े परिश्रम की बदौलत यह दिन एक उत्सव बन गया है। जिले के प्रत्येक बूथ स्तर तक कार्यक्रम आयोजित कर संगठन की शक्ति का प्रदर्शन किया गया है।

प्रदेश उपाध्यक्ष व एमएलसी पदम सेन चौधरी ने कार्यकर्ताओं से कहा कि भाजपा हमेशा राष्ट्र प्रथम के सिद्धांत से प्रेरित होकर समाज सेवा में हमेशा अग्रणी रही है। सदर विधायक अनुपमा जायसवाल ने कार्यकर्ताओं की सराहना करते हुए कहा कि भाजपा का प्रत्येक सदस्य निस्वार्थ सेवा, अटूट समर्पण और सुशासन के प्रति गहरी प्रतिबद्धता के लिए पहचाना जाता है। विधायक सुभाष त्रिपाठी ने



प्रदेश उपाध्यक्ष पदम सेन चौधरी का स्वागत करते जिलाध्यक्ष ब्रजेश पांडेय।


संगठन के मूल मंत्र को दोहराते हुए कहा कि 'नेशनल फर्स्ट, पार्टी नेक्स्ट और सेल्फ लास्ट' की भावना ही हमें अन्य दलों से अलग करती है। पूर्व विधायक मुकुट बिहारी वर्मा ने कहा कि भाजपा ने देश को तुष्टीकरण से मुक्त कर पारदर्शिता और सुशासन स्थापित किया है, जिससे यह 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं की प्रतिनिधि बन गई है। कार्यक्रम के अंत में जनसंघ के समय के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं व उनके परिजनों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर श्याम करण टेकड़ीवाल, राम अंचल सेंगर, संचित सिंह, सुधा शुक्ला और गुरदेव सिंह नागर सहित भारी संख्या में पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### भाजपा के स्थापना दिवस के अवसर पर कार्यक्रमों की रही धूम

**संवाददाता, श्रावस्ती, अमृत विचार।** भाजपा जिला इकाई की ओर से सोमवार को पार्टी का स्थापना दिवस उत्साह से मनाया गया। जिले के सभी बूथों पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर पार्टी के इतिहास का गुणगान किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने अपने घरों पर भाजपा ध्वजारोहण किया। पार्टी कार्यालय भिनगा में जिलाध्यक्ष डॉ. मिश्रीलाल वर्मा ने जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं के साथ ध्वजारोहण कर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि लक्ष्य अंत्योदय, प्रण अंत्योदय, पथ अंत्योदय ही भाजपा का आधार वाक्य है। जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्रा के कहाकि भाजपा सिर्फ एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र सर्वोपरि के मार्ग पर चलने वाला विकास और सुशासन की भावना से ओतप्रोत एक संस्कार है। श्रावस्ती विधायक रामफेरन पांडेय ने कार्यकर्ताओं को स्थापना दिवस की बधाई दी। वहीं पूर्व जिलाध्यक्ष शंकर दयाल पांडेय व संजय कैराती पटेल ने भी संबोधित किया। इस दौरान वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी हुआ। इस दौरान जिला संयोजक/जिला उपाध्यक्ष दिवाकर शुक्ला, प्रवेश आर्य, राजीव कुमार पांडेय, ब्लॉक प्रमुख अमित सिंह, शिवम जायसवाल आदि मौजूद रहे।



पार्टी संस्थापक के चित्र पर माल्यार्पण करते भाजपाई।



शारीरिक प्रशिक्षण के मामले में किसी को भी नौसिखिया होने का अधिकार नहीं है। किसी व्यक्ति के लिए यह शर्म की बात है कि वह अपने शरीर की सुंदरता और शक्ति को देखे बिना बूढ़ा हो जाए।
- **सुकरात**, दार्शनिक

# विकास के दावों की परीक्षा

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष ने भारतीय अर्थव्यवस्था के सामने एक गंभीर प्रश्न खड़ा कर दिया है कि क्या भारत के उच्च विकास दर के दावे वास्तविकता की कसौटी पर टिक पाएंगे? हाल के अंतर्राष्ट्रीय आकलनों ने संकेत दिया है कि बाहरी झटकों के प्रति भारत की संवेदनशीलता अभी भी काफी अधिक है। मूडीज द्वारा वित्त वर्ष 2027 के लिए विकास दर को घटाकर लगभग 6 से अधिकतम 6.4 प्रतिशत करने का अनुमान, ओईसीडी के 6.1 प्रतिशत के आकलन और आईसीआरए के 6.5 प्रतिशत के अनुमान, ये तीनों इस बात की पुष्टि करते हैं कि भारत की वृद्धि दर पर इस जंग का दबाव बढ़ रहा है। भले ही यह दर वैश्विक मानकों में अभी भी मजबूत मानी जाए, लेकिन 1 से 1.5 प्रतिशत अंक की संभावित गिरावट को नजरअंदाज कतई नहीं किया जा सकता। इस दबाव का सबसे बड़ा कारण भारत की ऊर्जा निर्भरता है।

कच्चे तेल और एलपीजी का बड़ा हिस्सा पश्चिम एशिया से आता है। यदि होर्मुज जलडमरूमध्य में बाधा उत्पन्न होती है, तो ऊर्जा आपूर्ति और कीमतें दोनों प्रभावित होंगी। इसका सीधा असर परिवहन लागत, औद्योगिक उत्पादन और अंततः उपभोक्ता महंगाई पर पड़ेगा। बेशक उपभोक्ताओं लिए यह संकट का समय होगा तथा परोक्ष रूप से विकास बाधित होगा। मूडीज का 4.8 प्रतिशत मुद्रास्फीति का अनुमान एक संतुलित परिदृश्य पर आधारित है, लेकिन वास्तविकता इससे अधिक जटिल हो सकती है। एलपीजी और उर्वरकों की आपूर्ति में बाधा खाद्य मुद्रास्फीति को बढ़ा सकती है, जबकि ईवाई घरेलू एजेंसी का आकलन इसे 6 प्रतिशत के करीब पहुंचने की आशंका जताते हैं। ऐसे में निश्चय ही मौद्रिक नीति पर भी दबाव बढ़ेगा और ब्याज दरों में कटौती की संभावनाएं बहुत सीमित हो जाएंगी। ऐसी स्थिति में राजकोषीय स्थिति भी चुनौतीपूर्ण हो सकती है। ऊर्जा कीमतों में वृद्धि से सब्सिडी का बोझ बढ़ेगा, वहीं पेट्रोल-डीजल पर उत्पाद शुल्क में कटौती और कॉर्पोरेट लाभ में कमी से कर संग्रह प्रभावित हो सकता है। इसका परिणाम यह होगा कि राजकोषीय घाटा नियंत्रित रखना बहुत कठिन हो जाएगा। चालू खाता घाटे के मोर्चे पर भी स्थिति फिलहाल संतोषजनक नहीं कही जा सकती। वर्तमान में यह लगभग 0.4 प्रतिशत से बढ़कर 1-1.5 प्रतिशत तक पहुंचने का अनुमान है। यह बहुत अधिक है। यदि संघर्ष लंबा खिंचता है और आयात बिल बढ़ता है, तो यह और इससे भी ज्यादा बढ़ सकता है। साथ ही, पश्चिम एशिया भारत के कृषि निर्यात का एक प्रमुख बाजार है, वहां व्यापारिक बाधाएं बढ़ने से निर्यात पर भी दबाव आएगा। इन चुनौतियों के बावजूद भारत के पास कुछ मजबूत आधार भी हैं, जैसे बुनियादी ढांचे पर सरकार का निरंतर निवेश, सेवा क्षेत्र की मजबूती और घरेलू मांग। ये कारक विकास को सहारा दे सकते हैं, परंतु बाहरी झटकों के प्रभाव को पूरी तरह संतुलित नहीं कर सकते।

कुल मिलाकर भारत की अर्थव्यवस्था अभी भी मजबूत है, लेकिन इसमें कोई शक नहीं कि यह मजबूती अब वैश्विक अनिश्चितताओं की परीक्षा से गुजर रही है। यह समय आत्मसंतोष का नहीं, बल्कि सतर्क और यथार्थवादी नीति-निर्माण का है। ऊर्जा स्रोतों का विविधीकरण, निर्यात बाजारों का विस्तार और राजकोषीय अनुशासन ये तीनों कदम भारत को इस संकट से सुरक्षित निकालने में निर्णायक सिद्ध होंगे।

## प्रसंगवश

# स्वास्थ्य: अधिकार या महंगी सुविधा

स्वास्थ्य किसी भी समाज की सबसे बड़ी पूंजी होता है। यह केवल बीमारी के अभाव का नाम नहीं, बल्कि शारीरिक, मानसिक और सामाजिक संतुलन की स्थिति है। हर वर्ष विश्व स्वास्थ्य दिवस हमें यह याद दिलाता है कि स्वस्थ जीवन केवल व्यक्तिगत जिम्मेदारी नहीं, बल्कि सामूहिक प्रयास का परिणाम होता है, लेकिन यदि हम अपने आसपास की स्थिति को देखें, तो यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या स्वास्थ्य आज भी एक अधिकार है या धीरे-धीरे एक महंगी सुविधा बनता जा रहा है?



**संध्या अग्रवाल**
साहित्यकार

भारत जैसे विशाल और विविधता वाले देश में स्वास्थ्य सेवाओं की तस्वीर एक जैसी नहीं है। शहरों में आधुनिक अस्पताल, नई तकनीक और विशेषज्ञ डॉक्टर उपलब्ध हैं, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी महसूस होती है। कई स्थानों पर लोगों को इलाज के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है, जिससे समय पर उपचार मिल पाना कठिन हो जाता है। सरकारी स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। आयुष्मान भारत योजना जैसी पहल इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसके अंतर्गत पात्र परिवारों को गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है। यह योजना स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ बनाने का प्रयास करती है, हालांकि इसका लाभ अंतिम व्यक्ति तक प्रभावी रूप से पहुंचना भी उतना ही आवश्यक है। इसके साथ ही नए अस्पतालों का निर्माण, स्वास्थ्य योजनाओं का विस्तार और जागरूकता अभियानों के माध्यम से भी व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में कार्य हो रहा है, लेकिन बढ़ती जनसंख्या और संसाधनों के दबाव के बीच इन सेवाओं तक समान पहुंच सुनिश्चित करना अभी भी एक चुनौती बना हुआ है।

दूसरी ओर, निजी स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार तेजी से हुआ है। आधुनिक सुविधाएं और त्वरित उपचार निश्चित रूप से सकारात्मक हैं, लेकिन इसके साथ बढ़ती लागत एक बड़ी चिंता बनकर सामने आती है। मध्यम और निम्न आय वर्ग के लिए महंगा इलाज कई बार आर्थिक दबाव का कारण बन जाता है। स्वास्थ्य का एक महत्वपूर्ण पहलू मानसिक स्वास्थ्य भी है, जिस पर अभी भी अपेक्षित ध्यान नहीं दिया जाता। तेजी से बदलती जीवनशैली, प्रतिस्पर्धा और सामाजिक दबाव के कारण मानसिक तनाव बढ़ रहा है, लेकिन इसके प्रति जागरूकता और स्वीकार्यता अभी सीमित है। इसके साथ ही एक और चुनौती है, सूचना और भ्रम के बीच संतुलन। आज के डिजिटल युग में स्वास्थ्य से जुड़ी अनेक जानकारियां उपलब्ध हैं, लेकिन हर जानकारी सही हो, यह जरूरी नहीं। कई बार लोग अपुष्ट जानकारी या अफवाहों के आधार पर निर्णय ले लेते हैं, जिससे स्थिति और जटिल हो जाती है।

स्वास्थ्य केवल अस्पतालों और दवाइयों तक सीमित नहीं है। स्वच्छता, पोषण, सुरक्षित पेयजल और जागरूकता ये सभी मिलकर एक स्वस्थ समाज का निर्माण करते हैं। यदि इन बुनियादी पहलुओं पर ध्यान दिया जाए, तो कई बीमारियों को प्रारंभिक स्तर पर ही रोका जा सकता है। आज आवश्यकता इस बात की है कि स्वास्थ्य को केवल उपचार के रूप में नहीं, बल्कि एक समग्र दृष्टिकोण से देखा जाए। नीतिगत प्रयास, सेवाओं की पहुंच और सामाजिक जागरूकता इन तीनों का संतुलन ही एक मजबूत स्वास्थ्य व्यवस्था की नींव रखता है। अंततः यह समझना जरूरी है कि स्वास्थ्य केवल व्यक्तिगत विषय नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी भी है, क्योंकि जब स्वास्थ्य अधिकार और सुविधा के बीच झूलने लगे, तो यह केवल व्यक्ति की नहीं, पूरे समाज की चिंता बन जाती है। (ये लेखिका के निजी विचार हैं।)

# तेल के खेल में फेल होती वैश्विक अर्थव्यवस्था





**अनिल त्रिगुणायत**
लखनऊ

अमेरिका-इजराइल द्वारा ईरान के खिलाफ शुरू युद्ध अब भयावह हो चला है। दुनिया की सबसे प्राचीन सभ्यता वाला देश ईरान इस युद्ध को अपने अस्तित्व से जोड़ते हुए "जैसे को तैसा" वाले तर्ज पर विरोधियों को मुंहतोड़ जवाब दे रहा है। 28 फरवरी से जारी युद्ध को अमेरिका जहां दो-चार दिनों में समाप्त कर देने का दावा कर रहा था, वह महासंग्राम अब छठे सप्ताह में पहुंच गया है। अब अमेरिका उसे नेस्तनाबूद करने और पाषाण युग में पहुंचा देने की धमकी दे रहा है। वहीं, इस युद्ध को ईरान ने शहीद हुए सर्वोच्च नेता अली खामनेई के विचारों से जोड़ लिया है। ईरानियों का भी स्पष्ट मानना है कि "व्यक्ति मर सकता है, उसके विचार कभी नहीं।" ऐसे में शहीद खामनेई के विचार को जिस देश की अति शिक्षित जनता ने आत्मसात कर लिया हो, उससे पार पा लेना अमेरिका-इजराइल के लिए आसान तो नहीं दिख रहा।

दुनिया के 17 वें सर्वाधिक आबादी वाले देश ईरान की करीब नौ करोड़ आबादी ने युद्ध को अपने अस्तित्व से जोड़ लिया है। ऐसे में खाड़ी के छोटे-बड़े देशों में अपना सैन्य अड्डा बनाकर सीमित सैनिकों से युद्ध जीत पाना अमेरिका के लिए सरल नहीं जान पड़ता। प्रश्न यह कि इजराइल के उकसाने पर अमेरिका ने ईरान पर हमला क्यों किया? कई नामचीन लोगों को अपनी गिरफ्त में लेने वाली एपस्टिन फाइल में अपना नाम बार-बार आने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने युद्ध थोपकर "मुल्तानी दांव" क्यों मारा? बार-बार "अमेरिका प्रथम" की बात कर ट्रंप अमेरिकियों की सहानुभूति क्यों लेना चाहते हैं? दुनिया के संपूर्ण तेल भंडारों को अपनी मुट्ठी में क्यों करना चाहते हैं?

इसका जवाब फिलहाल भविष्य की गर्भ में ही। युद्ध का उनका मंतव्य चाहें जो हो, लेकिन यह सच है कि ट्रंप की "तुगलकी सोच" ने आज दुनिया के अधिकांश देशों की अर्थव्यवस्था की कमर तोड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ रखी है। युद्ध ने कई देशों में कच्चे तेल, एलपीजी व एलएनजी की आपूर्ति असामान्य तो कर ही दी है। आधुनिकता की आड़ में ऊर्जा को ही जीवन का अहम अंग मान लेने वालों के लिए यह युद्ध किसी त्रासदी से कम नहीं। कच्चे तेल के सर्वाधिक भंडार वाले देश वेनेजुएला के बाद क्रमशः सऊदी अरब, ईरान, इराक, संयुक्त अरब अमीरात, रूस, कनाडा तथा अमेरिका का स्थान आता है।

विश्व के कुल कच्चे तेल का करीब 15 प्रतिशत भाग अकेले सऊदी अरब निर्यात करता है। ऊर्जा शक्ति संपन्न ईरान के पास भी कच्चे तेल के विशाल भंडार हैं, जो फारस की खाड़ी क्षेत्र में जमीन व समुद्र के अंदर मौजूद है। यदि उस पर से अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबंध पूरी तरह हटा दिए जाएं तो वैश्विक तेल व्यापार में वह एक बड़ा बदलाव लाने की शक्ति रखता है। अमेरिका ने वेनेजुएला पर प्रत्यक्ष कब्जा कर उसका तेल भंडार हथिया लिया है। सऊदी अरब की तेल संबंधी व्यापारिक गतिविधियों को अप्रत्यक्ष रूप से नियंत्रित किए हुए है।

यही हाल संयुक्त अरब अमीरात तथा कुवैत का भी है। तेल निर्यात करते हुए अमेरिका की रजामंदी खाड़ी के उक्त देशों के लिए अपरिहार्य है। ईरान उसके "अश्वमेध यज्ञ के घोड़े" को पकड़ने का माद्दा रखता है। इसीलिए वह अमेरिका की आंख का किरकिरी बना है। "कहीं पे निगाहें... कहीं पे निशाना" की तर्ज पर अमेरिका की गिद्ध दृष्टि अब ईरान के विशाल तेल भंडार पर है न कि निर्माणाधीन न्यूक्लियर प्लांट पर। यह बताना भी समीचीन है कि विश्व में प्राकृतिक गैस का करीब 24 प्रतिशत भंडार केवल रूस में है। इसके बाद ईरान व कतर का स्थान आता है। तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) के शीर्ष निर्यातक देशों में रूस, कतर व अमेरिका का स्थान है।

भारत की बात करें तो मार्च 2026 की एक रिपोर्ट के अनुसार इसके पास करीब 53 लाख टन कच्चे तेल का भंडार है। यह भंडार देश की 30-35 दिनों की तेल जरूरतों को ही पूरा कर पाएगा। भारत अपनी आवश्यकता का करीब 85 प्रतिशत कच्चा तेल 40 से अधिक देशों से आयात करता है, जिसमें रूस, इराक, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), अमेरिका व नाइजीरिया प्रमुख रूप से शामिल हैं। इसी प्रकार करीब 60 प्रतिशत द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) का आयात कतर, यूएई, सऊदी अरब व कुवैत से करता है। द्रवीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) का एक बड़ा भाग कतर से आयात करता है। यूएई, ओमान, नाइजीरिया अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया व अंगोला भी हमारे बड़े आपूर्तिकर्ता देश हैं।

विश्व के समुद्री तेल व्यापार का करीब 30 प्रतिशत हिस्सा ईरान के कब्जे वाले होर्मुज जलडमरूमध्य से होता है। भारत में करीब 80 प्रतिशत कच्चा तेल व ईंधन गैस इसी रास्ते से आता है। ईरान ने इस अतिमहत्वपूर्ण जल गलियारे को लगभग बंद ही कर दिया है। इससे उबरने को भारत रूस के अलावा करीब 40 देशों से महंगे दर पर कच्चा तेल, एलपीजी व एलएनजी खरीद रहा है। चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, इंडोनेशिया, मलेशिया, सिंगापुर व आस्ट्रेलिया तो होर्मुज संकट से दो-चार हो ही रहे, अफ्रीका, यूरोप व दक्षिण अमेरिकी महाद्वीपों के देशों के अलावा यूएसए और कनाडा की अर्थव्यवस्था पर भी बुरा असर दिखने लगा है। खाड़ी देशों में जारी युद्ध कच्चे तेल व ईंधन निर्यात करने वाले देशों की अर्थव्यवस्था को भी झुलसाने पर आमादा दिख रही है। इस युद्ध में जहां अमेरिका की "साख" दांव पर लगी दिख रही, वहीं ईरान अपने "अस्तित्व" के लिए लड़ता दिख रहा है। कौन पीछे हटेगा व किसकी जीत होगी? यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा।

भारत की बात करें तो मार्च 2026 की एक रिपोर्ट के अनुसार इसके पास करीब 53 लाख टन कच्चे तेल का भंडार है। यह भंडार देश की 30-35 दिनों की तेल जरूरतों को ही पूरा कर पाएगा।

## आमने सामने



पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने कहा कि वे कोलकाता को निशाना बनाएंगे। नरेंद्र मोदी ने यह क्यों नहीं कहा कि हम कड़ी कार्रवाई करेंगे? इसका क्या कारण है? क्या ब्लूप्रिंट तैयार है? चुनाव से पहले एक और पहलगाम?
**-ममता बनर्जी**
मुख्यमंत्री पंश्चिम बंगाल

ममता पहलगाम आतंकी हमले को एक स्क्रिप्ट, एक ब्लूप्रिंट बता रही हैं। टीएमसी ने अपने वोट बैंक को खुश करने के लिए पहलगाम हमले को स्क्रिप्ट तक कह डाला, जिसमें पाकिस्तानी आतंकवादियों ने बेकसूर हिंदुओं की हत्या की थी। हिंदू विरोधी टीएमसी।
**-प्रदीप भंडारी**
प्रवक्ता, भाजपा



# युद्ध का खामियाजा भुगतता एनर्जी सेक्टर



**अमित बैजनाथ गर्ग**
वरिष्ठ पत्रकार

अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच युद्ध के बहाने एक बार फिर दुनियाभर के एनर्जी सेक्टर को निशाना बनाया जा रहा है। हाल ही में ईरान और इजरायल ने पहली बार जीवाश्म ईंधन ऊर्जा उत्पादन से जुड़े संयंत्रों पर हमले किए, जिससे वैश्विक स्तर पर ऊर्जा संकट की आशंका बढ़ गई है। असल में ऊर्जा को अब युद्ध का हथियार बनाया जा रहा है। इजराइल ने कतर के साथ साझा किए जाने वाले दक्षिण पार्स गैस क्षेत्र पर हमला किया। इसके बाद ईरान ने सऊदी अरब में तेल कंपनी अरामको की समरेफ रिफाइनरी के साथ-साथ कतर और यूएई में गैस सुविधाओं पर ड्रोन और मिसाइलों से हमलाकर जवाबी कार्रवाई की, जो युद्ध में खतरनाक मोड़ साबित हुई है।

दुनिया का सबसे बड़ा साउथ पार्स गैस क्षेत्र भारत सहित वैश्विक एलएनजी आपूर्ति की रीढ़ है। इजरायली हमले के बाद तेल और गैस की कीमतों में आई वृद्धि दुनिया के तमाम देशों के साथ आम आदमी की कमर तोड़ने वाली साबित हो रही है। वहीं इतिहास पर नजर डालने से पता चलता है कि साल 2003 में अमेरिका द्वारा इराक पर आक्रमण के बाद क्षतिग्रस्त ऊर्जा सुविधाओं की मरम्मत में महीनों लग गए थे। करीब दो साल बाद ही उत्पादन युद्ध के पूर्व स्तर पर वापस आ पाया था। इस दौरान दुनिया को भारी ऊर्जा संकट का सामना करना पड़ा था। विशेषज्ञों का कहना है कि क्षतिग्रस्त ऊर्जा उत्पादन बुनियादी ढांचे की मरम्मत में वर्षों लग जाते हैं। खासकर एलएनजी संयंत्र को नुकसान पहुंचना सबसे बुरा होता है। इसकी मरम्मत में कई साल लग सकते हैं। गैस संयंत्रों पर जवाबी हमलों के वैश्विक प्रभाव हैं।

यह सर्वविदित है कि ऊर्जा व्यवधान ईंधन की कीमतों और आपूर्ति श्रृंखलाओं को प्रभावित करते हैं, जिसका असर अर्थव्यवस्थाओं पर पड़ता है। खाड़ी क्षेत्र यूरोप, एशिया और भारत के लिए एक प्रमुख ऊर्जा गलियारा बना हुआ है। वहीं युद्ध के बीच ईरान ने कहा है कि अगर उसके ऊर्जा ठिकानों पर दोबारा हमला हुआ, तो वह खाड़ी देशों के तेल और गैस सेक्टर को पूरी तरह तबाह कर देगा।

ईरान की सैन्य यूनिट आईआरजीसी ने कहा कि अमेरिका और इजरायल ने ईरान के ऊर्जा ढांचे पर हमला कर बड़ी गलती की है। अगर ऐसा दोबारा हुआ, तो जवाब और भी ज्यादा खतरनाक होगा। इससे पहले ईरान के सबसे बड़े गैस क्षेत्र साउथ पार्स गल्फ फील्ड पर हमला हुआ था। यह दुनिया का सबसे बड़ा गैस फील्ड है, जो बुशहर के पास समुद्र में स्थित है। इसके तुरंत बाद ईरान ने कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात को चेतावनी दी कि उनके तेल और गैस ठिकानों को निशाना बनाया जा सकता है। एनर्जी सेक्टर पर लगातार हमले यह दिखाते हैं कि अब यह जंग सिर्फ सैन्य ठिकानों तक सीमित नहीं रही है, बल्कि दुनिया की एनर्जी सप्लाई भी सीधे खतरे में आ गई है। अगर हालात ऐसे ही बिगड़ते रहे, तो तेल और गैस की कीमतों में तेज बढ़ोतरी हो सकती है और इसका असर पूरी दुनिया पर पड़ेगा। इधर, ईरान में जारी जंग की वजह से स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में स्थिति बेहद खराब बनी हुई है। सैकड़ों की संख्या में जहाज फंसे हुए हैं, जिस वजह से ग्लोबल लेवल पर ऊर्जा संकट बना हुआ है। गौरतलब है कि स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से दुनिया के 20 फीसदी तेल का एक्सपोर्ट किया जाता है। इसको लेकर अमेरिका ने हाल ही में स्ट्रेट ऑफ होर्मुज पर हमला किया था, जिसके बाद स्थिति और भी ज्यादा खतरनाक बन गई है।

असल में अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच शुरू हुआ यह टकराव अब तेल युद्ध में तब्दील हो चुका है, जो लगातार खतरनाक मोड़ लेता जा रहा है। आगे हालात और भी भयावह होने की उम्मीद जताई जा रही है। वहीं ईरान द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों की आवाजाही पर रोक लगाने के कारण दुनिया पहले से ही कच्चे तेल की आपूर्ति में व्यवधान से जूझ रही है। ऐसे में उत्पादन सुविधाओं को होने वाली किसी भी क्षति का प्रभाव वर्षों तक बना रह सकता है।

एक अनुमान के अनुसार, साउथ पार्स गैस क्षेत्र में 1800 ट्रिलियन क्यूबिक फीट गैस का भंडार है, जो दुनिया की कई वर्षों की जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त है। तेहरान के लिए साउथ पार्स उसकी ऊर्जा आपूर्ति का केंद्र है। ईरान की लगभग 80 फीसदी बिजली इसी गैस क्षेत्र से उत्पन्न होती है। यह गैस क्षेत्र केवल ईरान का नहीं है। ईरान इसे कतर के साथ साझा करता है, जो अमेरिका का सहयोगी और दुनिया का सबसे बड़ा एलएनजी उत्पादक है। कतर के हिस्से को नॉर्थ फील्ड के नाम से जाना जाता है, जहां से बड़ी मात्रा में एलएनजी वैश्विक बाजारों में निर्यात की जाती है।

अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी ने पिछले साल बताया था कि दुनिया में करीब 730 मिलियन लोग ऐसे हैं, जो बिजली के बिना रहते हैं। उन्हें बिजली से जोड़ने की दिशा में प्रगति 2020 से रुकी हुई है। वहीं भारत सहित दुनिया के तमाम देशों में ऊर्जा संकट का प्रमुख कारण यह है कि बिजली की मांग उसकी आपूर्ति से कहीं अधिक है, जो कि लगातार बढ़ रही है। अब सबसे बड़ी चुनौती जीवाश्म ईंधनों का विकल्प तलाशते हुए स्वच्छ ऊर्जा से इस बढ़ती मांग को पूरा करना है। स्वच्छ, प्रचुर, सस्ती और भरोसेमंद ऊर्जा का भविष्य संभव है, बशर्ते कि दुनिया वित्त, नीति और बुनियादी ढांचे में मौजूद कमियों को दूर कर सके। साल 2030 तक सभी के लिए सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और नीतियों को और अधिक मजबूत करने की आवश्यकता है। हमें इसके लिए मिलकर प्रयास करने होंगे। वहीं युद्ध और संघर्षों से एनर्जी सेक्टर को हर हाल में बचाना होगा। अगर ऐसा नहीं हुआ, तो दुनिया अंधेरे में डूब जाएगी। (ये लेखक के निजी विचार हैं।)

साल 2030 तक सभी के लिए सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और मजबूत नीतियों की आवश्यकता है। इसके लिए सामूहिक प्रयासों की दरकार है।

## सोशल फोरम

# पिंग शुन जहाज

3 अप्रैल 2026 को ईरान से भारत आ रहा एक तेल का टैंकर बीच रास्ते से ही चीन की ओर मुड़ गया है। इस जहाज का नाम 'पिंग शुन' है। ब्रिटेन की अगुवाई में होर्मुज खाली कराने के लिए जो साठ देशों की बैठक हुई है, उसमें भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रतिनिधि विक्रम मिस्री ने बयान दे दिया कि होर्मुज में सबसे अधिक भारत को भुगतना पड़ा है, हमारे कई नाविक विभिन्न देशों के जहाजों पर ईरानी हमलों में मारे गए हैं, लेकिन भारत आ रहे तेल टैंकर पिंग शुन के भारत के रास्ते से एकाएक चीन की तरफ मुड़ने वाली घटना की जब विस्तृत छानबीन की गई, तो कुछ और तथ्य सामने आए हैं।



**आरएन शाही**
लेखक

पिंग शुन एक 'अफ्रैमैक्स' श्रेणी का टैंकर है। पहले यह गुजरात के वाड़िनार पोर्ट की ओर आ रहा था और 4 अप्रैल तक इस पोर्ट पर पहुंचने वाला था, लेकिन 3 अप्रैल को इसने अपना रास्ता बदलकर चीन के डोंगयिंग पोर्ट की ओर कर लिया। अगर यह भारत आता, तो पिछले 7 सालों में ईरान से भारत आने वाली यह पहली तेल की खेप होती। शिप-ट्रैकिंग फर्म केप्लर और अन्य विशेषज्ञों के अनुसार, इसके पीछे कई तकनीकी और व्यापारिक कारण माने जा रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, तेल बेचने वाली कंपनियों ने भुगतान की शर्तों को सख्त कर दिया है। पहले जहां 30 से 60 दिनों का समय भुगतान क्रेडिट के लिए मिलता था, अब वे तुरंत या बहुत कम समय में भुगतान की मांग कर रही हैं। ईरान पर अमेरिकी प्रतिबंधों के कारण अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग सिस्टम के जरिए भुगतान करना अभी भी बहुत जटिल है। भारत किसी अमेरिकी भय के कारण नहीं, बल्कि इन ट्रांजैक्शनल पचड़ों के कारण ईरान से तेल खरीदने से बचता रहा है। भय होता तो रूस से भी इतनी बड़ी मात्रा में क्रूड ऑयल भारत ने नहीं खरीदा होता, क्योंकि रूस पर तो और बड़े और कड़े प्रतिबंध थे।

'पिंग शुन' पर अमेरिका ने पहले से ही प्रतिबंध लगा रखे हैं। ऐसे जहाजों के लिए इंश्योरेंस और सुरक्षित पेमेंट का इंतजाम करना भारतीय कंपनियों के लिए चुनौतीपूर्ण होता है, जबकि चीन के खरीदार ऐसे सौदों में अधिक सहज रहते हैं। रिकॉर्ड के अनुसार, इस जहाज का प्रबंधन चीन की एक कंपनी के पास है, जो इसके वापस मुड़ने का एक स्वाभाविक कारण भी हो सकता है। भारत सरकार ने भी स्पष्ट किया है कि तेल खरीदना पूरी तरह से तेल कंपनियों का व्यावसायिक निर्णय होता है, सरकार डायरेक्ट हस्तेक्षेप नहीं करती। इसी समय, भारत का एक अन्य एलपीजी टैंकर 'ग्रीन सांवी' सुरक्षित रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य को पार कर भारत की ओर बढ़ रहा है।

**-फेसबुक वॉल से**



## सामयिकी

# कोयले से ऊर्जा उत्पादन की ओर लौटती दुनिया

जलवायु परिवर्तन के घातक संकेतों के बीच दुनिया तेजी से गैस आधारित ऊर्जा उत्पादन की ओर बढ़ी थी। किंतु रूस-यूक्रेन, इजरायल-फिलीस्तीन और अब अमेरिका-ईरान के बीच छिड़े युद्धों ने ऐसे विकट हालात पैदा कर दिए हैं कि विश्व गहरे ऊर्जा संकट से घिर गया है। जिन देशों ने कोयले को त्यागकर गैस आधारित बुनियादी ढांचा तैयार किया था, वे अब अपने बंद पड़े कोयला संयंत्रों को फिर से चालू करने की विवशता झेल रहे हैं। इस महायुद्ध में तेल भंडारों के साथ-साथ बिजली संयंत्रों को भी निशाना बनाया गया है। ईरान द्वारा पश्चिमी एशियाई देशों के ऊर्जा केंद्रों को क्षति पहुंचाने और जवाब में अमेरिका-इजरायल द्वारा ईरान के परमाणु एवं गैस संयंत्रों को ध्वस्त करने से वैश्विक बाजार में गैस की भारी किल्लत पैदा हो गई है। नतीजतन, जापान, जर्मनी, नीदरलैंड, पोलैंड और चेक गणराज्य जैसे विकसित राष्ट्रों ने पुनः जीवाश्म ईंधन यानी कोयले का रुख कर लिया है। यह तब हो रहा है, जब ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, 2015 से यूरोप में कोयला बिजली क्षमता में 45 प्रतिशत की गिरावट आ चुकी थी।



**प्रमोद भार्गव**
वरिष्ठ लेखक

उभरती अर्थव्यवस्थाओं को गैस आधारित ऊर्जा को एक 'ब्रिज फ्यूल' के रूप में बेचा गया था- एक ऐसा स्वच्छ विकल्प जो सस्ता, भरोसेमंद और शून्य कार्बन उत्सर्जन वाला माना जाता था। किंतु वर्तमान युद्धों ने इस भरोसे को तोड़ दिया है। इंटरनेशनल ऊर्जा एजेंसी और गोल्डमेन सैक्स ग्रुप का मानना है कि ऊर्जा आपूर्ति में आया यह दूसरा सबसे बड़ा झटका है, जिससे दुनिया को लंबे समय तक कोयले पर निर्भर रहना पड़ सकता है। ऐतिहासिक रूप से देखें, तो वैश्विक बिजली का लगभग 37 प्रतिशत हिस्सा आज भी थर्मल पावर से आता है। 1500 ईसवी के बाद औद्योगिक क्रांति की नींव कोयले पर ही रखी गई थी। चाहे कारखाने हों, रेलें हों या भोजन, कोयला और लकड़ी सदियों तक आधार रहे, लेकिन इसके दुष्प्रभावों और बढ़ते तापमान को देखते हुए 1992 में 'रियो पृथ्वी सम्मेलन' और 2005 में 'क्योटो प्रोटोकॉल' अस्तित्व में आए। 192 देशों ने ग्रीन हाउस गैसों, विशेषकर कार्बन डाइऑक्साइड के उत्सर्जन को कम करने की प्रतिबद्धता जताई। वर्ष 2018 में भारत और चीन में कोयला खपत में कमी देखी गई थी, जिसके चलते भारत पहली बार 'जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक' में शीर्ष दस देशों में शामिल हुआ। स्पेन के 'कॉप 25' सम्मेलन की रिपोर्ट ने भी दर्शाया था कि दुनिया के 90 प्रतिशत कार्बन उत्सर्जन के लिए जिम्मेदार 57 देशों में से 31 में उत्सर्जन कम होने के रुझान थे। उस समय अमेरिका का प्रदर्शन सबसे खराब रहा था, क्योंकि उसने जलवायु समझौते से बाहर होने का निर्णय लिया था।

हालांकि वर्तमान युद्धों ने समीकरण बदल दिए हैं। नवंबर 2021 के ग्लासगो सम्मेलन में तय हुआ था कि विकसित देश 2030 और विकासशील देश 2040 तक कोयले का प्रयोग बंद कर देंगे। ऑस्ट्रेलिया की 'रियो टिंटो' जैसी बड़ी कंपनियों ने भविष्य को भांपते हुए अपनी खदानें बेच दी थीं। इसी अवसर को भुनाते हुए भारतीय उद्यमी गौतम अडानी ने 'ऑस्ट्रेलिया कोल कंपनी' के माध्यम से क्वींसलैंड में खनन शुरू किया, जिससे हजारों लोगों को रोजगार भी मिला। 2022 में भारत में आए कोयला संकट के दौरान एनटीपीसी ने वहीं से कोयला आयात किया था। स्पष्ट है कि युद्धों के कारण पैदा हुआ यह ऊर्जा संकट न केवल अर्थव्यवस्थाओं को प्रभावित कर रहा है, बल्कि धरती के बढ़ते तापमान को रोकने के वैश्विक प्रयासों को भी भारी पीछे धकेल रहा है। (ये लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 से मुद्रित एवं 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना*** 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।



# सूर्य अष्टम पाठ जीवन की बाधाओं को हरने वाला

### शत्रु पर विजय प्राप्ति

जो व्यक्ति सूर्य देव जी के भक्त हैं, जो नियमित रूप से उनका पूजा करते हैं, श्री सूर्य अष्टकम का पाठ करते हैं, कोई भी शत्रु उनका कुछ भी बिगाड़ नहीं सकता है। शत्रु चाहे जितना भी बलवान क्यों नहीं रहे बाल भी बांका नहीं कर सकता। श्री सूर्य अष्टकम के पाठ से शत्रु पर विजय प्राप्त होता है।

### मानसिक विकास

श्री सूर्य अष्टकम के पाठ से सभी प्रकार के मानसिक विकार दूर होता है। अच्छे बुरे को सोचने समझने की ताकत आती है। वह व्यक्ति कुसंगति का त्याग कर सत्संगति को अपनाता है। व्यक्ति मानसिक रूप से मजबूत बनता है। वह व्यक्ति अच्छे बुरे का अच्छे से पहचान कर पाता है। इसके पाठ से दुराचारी व्यक्ति भी सदाचारी बनने लगता है। व्यक्ति सात्विक बनता है सकारात्मक सोच रखता है। व्यक्ति के मन से तामसिक भावना नष्ट होती है। वह साधुवाद को प्राप्त होता है। ऐसे व्यक्ति से सभी लोग प्रेम करते हैं।



### कार्यों में सफलता प्राप्त होना

श्री सूर्य अष्टकम पाठ से मानसिक विकास होता है। व्यक्ति मानसिक रूप से मजबूत बनता है। लोगों को रोगों से छुटकारा मिलता है। जब व्यक्ति शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत एवं स्वस्थ रहता है, तो उन्हें सभी कार्यों में निश्चय ही सफलता प्राप्त होता है। ऐसे व्यक्ति सफलता हासिल होने तक मेहनत से पीछे नहीं हटते हैं और जो व्यक्ति पूरी लगन पूरी मेहनत के साथ किसी कार्य को करते हैं, तो उन्हें निश्चय ही सफलता प्राप्त होती है।

सूर्य अष्टकम का पाठ करने से व्यक्ति के जीवन में नवजीवन का संचार होता है। इस धरा धाम में श्री सूर्य देव जी ही एक ऐसे देव हैं, जिनका दर्शन हम सभी को प्रतिदिन होता है। ज्योतिष के नवग्रह मंडल में सूर्य देव का स्थान सर्वोपरि है, सूर्य देव की नियमित साधना जीवन में चमत्कारिक रूप से लाभ पहुंचती है, जिन युवाओं को सरकारी नौकरी चाहिए या सरकार से संबंधित कार्य करने पड़ते हैं, ऐसे लोगों को नियमित रूप से सूर्य अष्टम का पाठ करना चाहिए।



अनिल सुधांशु
ज्योतिषाचार्य

### सूर्य अष्टकम पढ़ने के लाभ

श्री सूर्य अष्टकम के पाठ से व्यक्ति के जीवन में चमत्कारिक परिवर्तन देखने को मिलता है, लेकिन हम यहां पर आप सभी को बता दें कि किसी भी देवी-देवता की पूजा आराधना करने से व्यक्ति के जीवन में बदलाव या मनोवांछित लाभ तभी मिल पाता है, जब पूजा आराधना पूर्ण श्रद्धा व सच्चे मन से की जाती है।

### ग्रह बाधा से मुक्ति

ज्योतिष विद्या में श्री सूर्य देव जी को नवग्रह मंडल का प्रमुख माना गया है। श्री सूर्य अष्टकम का पाठ करने से सभी प्रकार की नौ ग्रह शांत होते हैं। शनि दोष राहु-केतु सभी का दोष दूर होते हैं। जिस साधक की कुंडली में या उनकी राशि में किसी भी प्रकार का ग्रह दोष उत्पन्न होता है, तो उन्हें श्री सूर्य अष्टकम का पाठ निश्चय ही करनी चाहिए।

### रोगों से मुक्ति

श्री सूर्य अष्टकम के पाठ से असाध्य रोगों में भी आशातीत लाभ मिलता है। जब कोई व्यक्ति किसी गंभीर बीमारी या दुर्घटना का शिकार हो गया हो, तो, उन्हें या उनके परिजन को उनके लिए सूर्य अष्टकम का पाठ अवश्य ही करनी चाहिए। इससे उस तकलीफ में उसे शीघ्र लाभ मिलता है और शीघ्र ही स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करता है।



### सुख समृद्धि की प्राप्ति

श्री सूर्य अष्टकम के नियमित पाठ से घर परिवार एवं जीवन में सुख समृद्धि आती है। जीवन खुशियों से भर जाती है। इसके पाठ से व्यक्ति को उनके जीवन में सफलता मिलती है। उनका हर कार्य सफल होता है। जहां सफलता है, वहां खुशियां आती है।

### दूर होती है बेरोजगारी

ऐसे व्यक्ति जो बेरोजगार हैं या जिनके पास आय का कोई साधन नहीं हैं, उन्हें श्री सूर्य अष्टकम का पाठ अवश्य ही करनी चाहिए। इसके नियमित पाठ से शीघ्र ही नौकरी या व्यवसाय का मार्ग प्रशस्त होता है। व्यक्ति को योग्यता अनुसार मनचाही नौकरी की प्राप्ति होती है। अगर कोई व्यापार या किसी व्यवसाय के क्षेत्र में है, तो उन्हें अपने कार्य में सफलता मिलती है।

### प्रतिद्वंद्वियों से आगे होना

आज का युग कंपटीशन एवं चुनौतियों से भरा पड़ा है। आप किसी भी कार्य क्षेत्र में रहे सभी कार्यों में चुनौतियां और कंपटीशन बहुत ज्यादा है। श्री सूर्य अष्टकम के पाठ से व्यक्ति मानसिक रूप से प्रबल रहता है। उनका हौसला बढ़ा हुआ रहता है। वह किसी भी कार्य को पूरे जोश उत्साह के साथ करता है। उनमें इतना जोश उत्साह रहता है कि वह चुनौतियों का सामना करने से कभी घबराता नहीं है। कभी हारता नहीं है, कभी थकता नहीं है, फल स्वरूप वह अपने प्रतिद्वंद्वियों से सदा आगे रहता है।

### मानसिक शांति

श्री सूर्य अष्टकम के पाठ से व्यक्ति के सभी कार्य सफल होते हैं। जीवन में खुशियां आती हैं। ग्रह बाधा से मुक्ति मिलती है। बीमारियों से छुटकारा मिलता है। बेरोजगारी दूर होती है। इन सब कारणों से व्यक्ति का जीवन खुशियों से भरा रहता है, फलस्वरूप मानसिक शांति की प्राप्ति होती है।

### पूर्ण होती हैं मनोकामनाएं



श्री सूर्य अष्टकम का पाठ मनुष्य जिस उद्देश्य से या जिस कामना की पूर्ति के लिए करता है वह निश्चय ही पूरा होता है। इसका पाठ पूर्ण विश्वास व श्रद्धा भक्ति के साथ करने से सारी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। सारी मनोकामनाएं से तात्पर्य यह है कि वह मनोकामनाएं, जो आपके अनुकूल है या उस कामना के लिए आप योग्य हैं। अगर आप में लगन है उस काम के प्रति आप में समर्पण का भाव है, तो सूर्य अष्टकम का पाठ करने से आपके मार्ग में आ रही परेशानियां और अड़चनें दूर होगी और आपकी मनोकामनाएं पूरी होगी।

### सूर्य अष्टक पढ़ने की विधि

प्रात: काल सूर्य उदय होते समय लकड़ी की चौकी पर लाल रंग का कपड़ा बिछाकर उसके ऊपर सिर्फ सूर्य यंत्र रखें, यंत्र पर लाल चंदन, कुमकुम, केसर का तिलक लगाए, यदि संभव हो सके तो, रविवार का व्रत रखें, यदि व्रत नहीं रह सकते तो, रविवार के दिन नमक न खाएं। सूर्यदेव कैरियर और व्यापार से संबंधित रुकावटों को दूर करते हैं। रोजी, रोजगार व्यापार की चाह रखने वाले अगर प्रति रविवार उनका दूध-भात-मिश्री का भोग लगा कर पूजन करें, तो 7 रविवार के बीच में ही सरकारी नौकरी लगने की संभावना होती है, सूर्य देव की कृपा से बहुत अच्छा चलता है। सूर्य देव मनुष्य की सभी कामनाओं को पूर्ण करने वाले देवताओं हैं, लेकिन पूरे मन चित्त से पूजन करना अनिवार्य है।

# उस महान यात्रा की तैयारी अभी से की जाए

हमें एक दिन मृत्यु की गोद में जाना ही है। जीवन का उद्देश्य है कि हम ईश्वर का साक्षात्कार करें, परमपद को पाएं। किंतु कितने लोग हैं, जो इस ओर ध्यान देते हैं? किसी को तृष्णा से छुटकारा नहीं। कोई इन्द्रिय भोगों में मस्त है। कोई अहंकार में ऐंठा जा रहा है, तो कोई भ्रम जंजाल में ही मस्त है। इन विडंबनाओं को उलझाते-सुलझाते यह सुनहरा अवसर निकलता जा रहा है। मृत्यु सिर के ऊपर नाच रही है। पल का भरोसा नहीं। न जाने किस घड़ी मौत गला दबा दे। आज आप जाने क्या-क्या योजनाएं बना रहे हो, हो सकता है कल यह सब धरे के धरे रह जाएं और हमारा डेरा किसी दूसरे देश ही जा गड़े। ऐसी विषम बेला में अचेत रहना बड़े दुर्भाग्य की बात है। अभी भी समय है।



डॉ. प्रदीप द्विवेदी 'रमण'
आध्यात्मिक लेखक

आंखें खोलिए। सचेत हो जाइए। जीवन क्या है, हम क्या हैं, संसार क्या है, हमारा उद्देश्य क्या है? इन प्रश्नों को उतना ही महत्वपूर्ण समझिए, जितना कि रोटी को समझते हैं। निरंतर इन प्रश्नों पर विचार करने से आप उस मार्ग पर चल पड़ेगें, जिसे मृत्यु की तैयारी कहते हैं, जो काम कल करना है, उसका बंधन आज से सोचना होगा। आपकी मृत्यु का समय आपको नहीं पता, इसलिए उसकी तैयारी आज से, इसी क्षण से आरंभ करनी चाहिए।

अनासक्ति कर्मयोग के तत्वज्ञान को समझकर जीना उत्तम है। माया के बंधन हमें इसलिए बांध दते हैं कि हम उनमें लिपट जाते हैं। तन्मय हो जाते हैं। स्त्री, पुत्र, कुटुंब, परिवार का बड़े प्रेमपूर्वक पालन कीजिए, उन्हें अपनी संपत्ति नहीं, पूजा का आधार बनाइए। उन्हें अपनी जायदाद न मानना। नहीं तो बुरी तरह मारे जाआगे। बड़ा भारी धोखा खाओगे। संपत्ति उपार्जन अवश्य कीजिए, पर किसी सही उद्देश्य से। न कि शहद की मक्खियों की तरह कष्ट सहने के लिए। सब काम उसी प्रकार कीजिए जैसा संसारी लोग करते हैं, पर अपना दृष्टिकोण दूसरा रखिए। स्मरण रखिए संसार की वस्तुएं आपकी वस्तु नहीं है। दूसरी आत्माएं आपकी गुलाम नहीं हैं।

मेरा-तेरा दोनों एक साथ नहीं रह सकते। बस, माया की सारी गांठ इतनी ही है। योग का सारा ज्ञान इसी गांठ को सुलझाने के लिए है। पाप कर्म हम इसलिए करते हैं कि हमारा अहंभाव बहुत ही संकुचित होता है। जब आप कहते हैं कि मेरी जायदाद इतनी है, तो प्रकृति गाल पर



तमाचा मारती है कि मूर्ख! तू कुछ ही समय से आकर इस पर अधिकार जमाता है, यह प्रवाह अनादिकाल से चला आ रहा है। सोना-चांदी तेरा नहीं है प्रकृति का है, जिसे तू स्त्री समझता है, यह पूर्व जन्मों में तुम्हारी मां हो चुकी होगी। आत्माएं स्वतंत्र हैं, कोई किसी का गुलाम नहीं है। विश्व का कण-कण बड़ी ही द्रुतगति से नाच रहा है। कोई वस्तु स्थिर नहीं है। बहती हुई नदी का आनंद देखना है, तो देख, रोकने खड़ा होगा, तो एक ओर हटा दिया जाएगा।

दुख, विपत्ति, व्यथा और पीड़ा का कारण अज्ञान है। मृत्यु के समय दुख प्राप्त करने का, नरक की ज्वाला में जलने का, भूत-प्रेतों में भटकने का, जन्म-मरण की फांसी में लटकने का एक ही कारण है- अज्ञान, केवल अज्ञान। अंधकार से प्रकाश की ओर चलिए। मृत्यु से अमृत की ओर चलिए। मजहबी कर्मकांड आत्मा का हित नहीं कर सकते। दूसरों की ओर मत ताकिए कि कोई हमें पार कर देगा। केवल पूर्णगुरु की आपको पार कर सकता है। उनके मार्गदर्शन में अपने हृदय को विशाल, उदार, उच्च और महान बनाइए। अहंभाव को हटाकर सबको आत्मदृष्टि से देखिए। अपनी अंतरात्मा को प्रेम में सराबोर कर लीजिए और प्रेम का अमृत समस्त संसार पर बिना भेदभाव के छिड़किए। अपना कर्तव्य धर्मनिष्ठापूर्वक पालन कीजिए। व्यवहार कर्मों में रत्ती भर भी शिथिलता मत आने दीजिए, पर रहिए कमलपत्र की तरह। राजा जनक की तरह कर्मयोगी बनिए। अनासक्त रहिए। सर्वत्र आत्मीयता की दृष्टि से देखिए। अपनी महानता का अनुभव कीजिए और गर्व के साथ सिर ऊंचा उठाकर कहिए- सोहम, अर्थात वह मैं हूं।

आत्मज्ञान द्वारा आप इहलोक व परलोक को परिपूर्ण आनंदमय बना सकते हैं। मृत्यु फिर आपको दुख नहीं देगी। वरन एक खेल प्रतीत होगी। आप ऊंचे उठेंगे और महान उद्देश्य को प्राप्त कर पाएंगे। मृत्यु की तैयारी के लिए आज से ही आत्मा के विशुद्ध स्वरूप का चिंतन आरंभ कर देना चाहिए। अपनी महानता का ज्ञान होते ही माया-मोह के सारे बंधन टूटकर गिर पड़ेंगे।

बोध कथा

# मानसिक संतोष में खुशी

एक बार की बात है, एक बहुत ही अमीर व्यापारी अपने विशाल महल की खिड़की पर खड़ा था। वह बहुत चिंतित और उदास था, क्योंकि उसका व्यापार ठीक नहीं चल रहा था। तभी उसकी नजर खिड़की के ठीक नीचे सड़क के किनारे रहने वाले एक गरीब मोची पर पड़ी। वह मोची फटे-पुराने कपड़े पहने हुए था, लेकिन वह बहुत जोर-जोर से गाना गा रहा था और जूते सिलते समय उसके चेहरे पर गजब की मुस्कान थी। व्यापारी को बड़ा आश्चर्य हुआ। उसने सोचा, "मेरे पास इतना धन, महल और नौकर-चाकर हैं, फिर भी मैं परेशान हूं। इस आदमी के पास कुछ नहीं है, फिर भी यह इतना खुश कैसे है?"

व्यापारी ने मोची की खुशी का रहस्य जानने के लिए एक योजना बनाई। उसने चुपके से एक थैली में 100 सोने की मोहरें डालीं और रात के अंधेरे में मोची की झोपड़ी के बाहर रख दीं। अगली सुबह जब मोची को वह थैली मिली, तो उसकी खुशी का ठिकाना न रहा। उसने कभी इतनी दौलत नहीं देखी थी। उसने मोहरें गिनीं कुल 99 थीं (व्यापारी ने जानबूझकर एक कम रखी थी)। मोची ने सोचा, "सिर्फ एक मोहर और मिल जाए, तो पूरे 100 हो जाएंगे।" अब मोची का व्यवहार पूरी तरह बदल गया। वह उस एक मोहर को कमाने के लालच में दिन-रात काम करने लगा। वह अब गाना नहीं गाता था,




न ही किसी से हंसकर बात करता था। उसे डर सताने लगा कि कहीं कोई उसकी मोहरें चुरा न ले। वह देर रात तक जागता और हर समय तनाव में रहता।

कुछ दिनों बाद व्यापारी ने फिर खिड़की से देखा। मोची अब दुबला हो गया था, उसके चेहरे की मुस्कान गायब थी और वह हर पल चिड़चिड़ा रहता था। व्यापारी समझ गया कि मोची '99 के फेर' में फंस गया है। इस कथा से सार निकलता है कि हम अक्सर उन चीजों के पीछे भागते हैं, जो हमारे पास नहीं हैं (वह 100 वीं मोहर) और इस चक्कर में हम उन चीजों का आनंद लेना भूल जाते हैं, जो हमारे पास पहले से मौजूद हैं। खुशी बाहरी संपत्ति में नहीं, बल्कि मन के संतोष में होती है।

-प्रमोद श्रीवास्तव

## शनिदेव का रहस्य

हिंदू मान्यताओं के अनुसार शनिदेव को कर्मफलदाता और न्याय के देवता माना जाता है। वे सूर्यदेव और संज्ञा देवी के पुत्र हैं। उनकी चाल मंद मानी जाती है और इसी कारण उनका प्रभाव भी लंबे समय तक रहता है। शनि की साढ़ेसाती और ढैया को लेकर लोगों में भय अवश्य रहता है, लेकिन उनके स्वरूप को समझें तो वे अनुशासन और न्याय के प्रतीक हैं। पौराणिक कथा के अनुसार, सूर्यदेव के तेज को सहन न कर पाने के कारण संज्ञा देवी ने अपनी प्रतिमूर्ति स्वर्णा को उनके स्थान पर छोड़ दिया। स्वर्णा ने संज्ञा की संतानों के प्रति भेदभाव किया। एक दिन क्रोध में आकर शनिदेव ने उन्हें मारने के लिए पैर उठाया, जिस पर स्वर्णा ने उन्हें श्राप दे दिया। बाद में सूर्यदेव ने उस श्राप को कम करते हुए कहा कि शनि अपंग तो नहीं होंगे, परंतु जीवनभर लंगड़ाकर चलेंगे। यही कारण है कि उनकी गति धीमी मानी जाती है।



एक अन्य कथा हनुमान जी से जुड़ी है। जब हनुमान जी प्रभु राम के ध्यान में लीन थे, तब शनिदेव ने उन्हें युद्ध के लिए ललकारा। हनुमान जी ने अपनी पूंछ से उन्हें बांध लिया और कष्ट दिया। अंतत: शनिदेव ने अपनी भूल स्वीकार की और वचन दिया कि वे राम और हनुमान भक्तों को कष्ट नहीं देंगे। हनुमान जी द्वारा दिए गए तेल से उनके घाव शांत हुए, तभी से शनिदेव को तेल चढ़ाने की परंपरा प्रचलित हो गई। इन कथाओं का सार यही है कि शनिदेव दंड के साथ-साथ सुधार के भी प्रतीक हैं। वे हमें सिखाते हैं कि क्रोध और अहंकार से बचकर, संयम और अच्छे कर्मों का पालन करें। सच्ची भक्ति और विनम्रता ही उनके प्रकोप से बचाकर जीवन में सुख और संतुलन प्रदान करती है।



# मांगलिक योग या दोष



डॉ.विपिन शर्मा
ज्योतिषाचार्य

समाज ने 'मांगलिक' शब्द को डर से जोड़ दिया है। कहा जाता है कि मांगलिक व्यक्ति से शादी करने पर जीवनसाथी को खतरा होता है, पर ज्योतिष का गहरा सच इससे अलग है। मांगलिक होना कोई बीमारी नहीं, बल्कि मंगल ग्रह की तीव्र ऊर्जा का शरीर और मन में उतर आना है। मंगल अग्नि है। वही अग्नि जो लोहे को पिघलाती भी है और तलवार भी बनाती है। मांगलिक व्यक्ति के भीतर यही अग्नि ज्यादा होती है। इसलिए वे सामान्य लोगों से ज्यादा तेज, साहसी, भावुक और क्रियाशील होते हैं। वे जल्दी प्रतिक्रिया करते हैं, जल्दी गुस्सा भी होते हैं और जल्दी प्रेम भी करते हैं। यही कारण है कि उनके रिश्तों में तीव्रता अधिक होती है- चाहे वह लड़ाई हो या आकर्षण। यह समझना बहुत जरूरी है कि 'मांगलिक से मांगलिक की शादी' कोई अंधविश्वास नहीं, बल्कि ऊर्जा-संतुलन का सिद्धांत है। अगर एक व्यक्ति में मंगल की ऊर्जा बहुत ज्यादा है और दूसरा बहुत शांत, तो टकराव तय है। मानसिक, शारीरिक और यहां तक कि दांपत्य जीवन में भी असंतुलन बनता है। पर जब दो लोगों की मंगल-ऊर्जा बराबर होती है, तो वही तीव्रता आपसी समझ, आकर्षण और मजबूत रिश्ते में बदल जाती है।

### रिश्तों पर अशुभ मंगल के मुख्य प्रभाव

- **क्रोध और अहंकार** : व्यक्ति गुस्सैल, अहंकारी और आक्रामक हो सकता है, जिससे रिश्तों में अनावश्यक बहस और टकराव होता है।
- **वैवाहिक जीवन में तनाव** : सप्तम भाव (विवाह भाव) में मंगल होने से वैवाहिक जीवन में मारपीट, झगड़े और अविश्वास की भावना पैदा होती है, जिससे तलाक का खतरा भी बढ़ सकता है।
- **ससुराल पक्ष से मतभेद** : ससुराल वालों के साथ संबंध खराब होते हैं और उनसे अनबन बनी रह सकती है।
- **भाई-बहनों से अनबन** : छोटे भाई-बहनों और अन्य रिश्तेदारों (चाचा, ताऊ) से रिश्ते बिगड़ते हैं, भाई के साथ धोखा मंगल को और खराब करता है।
- **अविश्वास और संदेह** : रिश्तों में एक-दूसरे पर शक करने की प्रवृत्ति बढ़ती है, जिससे दूरियां आती हैं।
- **शारीरिक समस्याएं** : रिश्तों में तनाव के कारण शारीरिक स्वास्थ्य पर भी बुरा असर पड़ सकता है।
- **अलगाव और तलाक** : गंभीर मामलों में, मंगल दोष रिश्ते टूटने का कारण बन सकता है, खासकर जब मुद्दों को सुलझाया न जाए।
- **कर्ज और मुकदमेबाजी** : अशुभ मंगल कर्ज और कानूनी मामलों में उलझा सकता है, जो रिश्तों को भी प्रभावित करता है।

### मंगल शांति के लिए उपाय और आराधना

- मंगलवार को हनुमान जी की पूजा, हनुमान चालीसा या सुंदरकांड का पाठ करें।
- भगवान नरसिंह और कार्तिकेय की आराधना करें।

### दान

लाल मसूर दाल, गुड़, सौंफ, गेहूं, तांबे के बर्तन, लाल वस्त्र, लाल कनेर के फूल दान करें। लाल कपड़े में मिश्री और सौफ दान करना भी लाभकारी है।

### अनिष्ट मंगल का रिश्तों पर प्रभाव

अशुभ मंगल रिश्तों में क्रोध, आक्रामकता, अहंकार और असहमति बढ़ाता है, जिससे वैवाहिक जीवन में झगड़े, अविश्वास और अलगाव तक हो सकता है, खासकर ससुराल पक्ष से संबंध खराब होते हैं और भाई-बहनों से मनमुटाव रहता है, क्योंकि यह उग्रता और टकराव पैदा करता है, लेकिन उपाय से इसे शांत किया जा सकता है।

### नकारात्मक प्रभाव को कम करने वाली स्थितियां

कुछ संयोजन मंगल दोष के नकारात्मक प्रभावों को खत्म करते हैं। ये संयोजन न केवल प्रभावों को बेअसर करेंगे, बल्कि आपको एक खुशहाल वैवाहिक जीवन भी देंगे।

- मुख्य रूप से यदि मंगल मेष, सिंह या कुंभ राशि में लग्न में स्थित हो, तो मंगल दोष के बुरे प्रभाव समाप्त हो जाते हैं। अत: इस स्थिति से मांगलिक दोष स्वत: ही समाप्त हो जाता है।
- जब मंगल अपनी राशि में या अपने मित्रों के घर में हो, तो मांगलिक दोष समाप्त हो जाता है।
- यदि मंगल दूसरे भाव में हो, लेकिन कन्या या मिथुन राशि में हो, तो मांगलिक दोष नहीं बनता।
- यदि मंगल 8 वें घर में धनु या मीन राशि में हो, तो मांगलिक दोष आंशिक होता है।
- यदि मंगल अपनी ही राशि अर्थात मेष या वृश्चिक में हो, तो प्रभाव कमजोर हो जाता है और मांगलिक दोष आंशिक ही होता है।
- यदि मंगल दूसरे भाव में मिथुन या कन्या राशि में हो, तो मांगलिक दोष नहीं होता।
- यदि मंगल 12 वें भाव में वृषभ या तुला राशि में हो, तो मांगलिक दोष कमजोर हो जाता है।
- यदि मंगल पर किसी शुभ ग्रह की दृष्टि हो, जिसके नैसर्गिक लाभकारी और सकारात्मक प्रभाव हों तथा जो पाप ग्रह जैसे बृहस्पति के विपरीत हो, तो मांगलिक दोष नहीं होता।
- यदि शुक्र लग्न में हो, तो मांगलिक दोष नहीं होता।
- यदि मंगल उच्च का हो, तो यह मंगल दोष को रद्द नहीं करता।
- यदि किसी जातक की जन्म कुंडली में शुक्र उच्च राशि अर्थात मीन राशि में, प्रथम, चतुर्थ, सप्तम भाव में हो, तो मांगलिक दोष नहीं होता।
- यदि लड़का और लड़की दोनों मांगलिक हों,तो मांगलिक दोष समाप्त हो जाता है।
- यदि शुभ बृहस्पति सप्तम भाव या सप्तम भाव के स्वामी को देख रहा हो, तो जातक का वैवाहिक जीवन काफी अच्छा रहता है।
- यदि शनि मंगल पर दृष्टि डाले या उसके साथ स्थित हो, तो मंगल दोष समाप्त हो जाता है, लेकिन इस स्थिति में मंगल सातवें घर में नहीं होना चाहिए।
- यदि नवमांश कुंडली में मंगल कमजोर हो, तो मंगल दोष कम हो जाता है।

| बाजार | सेंसेक्स ↑ | निफ्टी ↑ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 74,1062.85 | 22,968.25 |
| बढ़त | 787.30 | 255.15 |
| प्रतिशत में | 1.07 | 1.12 |

सोना 1,53,800 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,42,000 प्रति किलो

अमृत विचार
अयोध्या, मंगलवार, 7 अप्रैल 2026
www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### रचनात्मक दृष्टिकोण अपनाएं कंपनियों के स्वतंत्र निदेशक: सेबी

**मुंबई।** बाजार नियामक सेबी के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने सोमवार को किसी कंपनी के कामकाज में स्वतंत्र निदेशकों की भूमिका को बेहद अहम बताते हुए कहा कि उन्हें अपने दायित्व निभाते समय 'रचनात्मक दृष्टिकोण' अपनाने की जरूरत है। पांडेय की यह टिप्पणी अतनु चक्रवर्ती के एचडीएफसी बैंक से हालिया इस्तीफे के कुछ सप्ताह बाद आई है। वह एचडीएफसी बैंक के स्वतंत्र निदेशक और अंशकालिक चेयरमैन थे। मूल्यों और नैतिकता में असंगति का हवाला देते हुए दिए गए चक्रवर्ती के इस्तीफे के बाद बैंक के शेयर में खासी गिरावट आई है। सेबी के चेयरमैन ने यहां संवाददाताओं से कहा कि स्वतंत्र निदेशकों की भूमिका केवल अनुपालन तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें प्रबंधन से मिलने वाली जानकारी और विश्लेषण का आकलन, कंपनी संचालन, जोखिम प्रबंधन और वित्तीय मामलों की निगरानी भी शामिल है।

### रिकॉर्ड 141 अरब यूनिट रहा बिजली कारोबार

**नई दिल्ली।** बिजली खरीद-बिक्री मंच इंडियन एनर्जी एक्सचेंज (आईईएक्स) पर वित्त वर्ष 2025-26 में बिजली कारोबार सालाना आधार पर 17% बढ़कर रिकॉर्ड 141 अरब यूनिट दर्ज किया गया। इसकी मुख्य वजह 'रियल-टाइम' बिजली बाजार का मजबूत प्रदर्शन रही। बयान के अनुसार वित्त वर्ष 2025-26 में आईईएक्स पर कुल 187.20 लाख नवीकरणीय ऊर्जा प्रमाणपत्र (आरईसी) का कारोबार हुआ जो सालाना आधार पर 5% अधिक है।

### यूको बैंक का ऋण 2.62 लाख करोड़ रुपये पर

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के यूको बैंक का ऋण वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में 19 प्रतिशत बढ़कर 2.62 लाख करोड़ रुपये हो गया। यूको बैंक ने सोमवार शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि मार्च, 2025 में समाप्त हुई पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में उसका कुल अग्रिम 2.20 लाख करोड़ रुपये था। तिमाही में बैंक की कुल जमा राशि में 11 % की वृद्धि दर्ज की गई और यह बढ़कर 3.27 लाख करोड़ रुपये हो गई, जो वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही के अंत में 2.94 लाख करोड़ रुपये थी।

### विनय टोंसे बने यस बैंक के नए सीईओ

**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र के यस बैंक ने सोमवार को कहा कि विनय मुरलीधर टोंसे ने तीन साल के लिए बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) का पदभार संभाल लिया है। टोंसे ने प्रशांत कुमार की जगह ली है, जिनका विस्तारित कार्यकाल पांच अप्रैल को पूरा हो गया।

# 4.88 करोड़ उपभोक्ताओं तक पहुंच रही एलपीजी : संजय

## इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन के कार्यकारी निदेशक ने कृषि विभाग के साथ की प्रेसवार्ता

- बोले, 12,330 सिलेंडर जब्त 245 एफआईआर के साथ 22 गिरफ्तारी की गईं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



लखनऊ के विभूति खंड स्थित इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के कार्यालय में प्रेसवार्ता करते कार्यकारी निदेशक एवं राज्य प्रमुख संजय भंडारी।

**अमृत विचारः** इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) के कार्यकारी निदेशक एवं राज्य प्रमुख संजय भंडारी ने कहा कि प्रदेश में लगभग 4.88 करोड़ उपभोक्ताओं तक एलपीजी गैस पहुंच रही है।

पेट्रोलियम उत्पाद एवं गैस की जमाखोरी और अवैध डायवर्जन पर नियंत्रण रखने के लिए 21,939 निरीक्षण करके 12,330 सिलेंडर जब्त किए हैं। 245 एफआईआर दर्ज कराते हुए 22 गिरफ्तारियां हुई हैं। वर्तमान में आपूर्ति पूरी तरह स्थिर है। सोमवार को आईओसीएल ने विभूति खंड स्थित अपने उप्र राज्य कार्यालय-1 में कृषि विभाग के साथ संयुक्त प्रेसवार्ता की।

पश्चिम एशिया में चल रहे घटनाक्रमों के संदर्भ में पेट्रोलियम उत्पाद और गैस आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए केंद्र एवं राज्य के प्रयासों की जानकारी दी। संजय भंडारी ने कहा कि राज्य में 13,168 रिटेल आउटलेट तथा 28 सप्लाई लोकेशन/डिपो के माध्यम से नियमित आपूर्ति हो रही है। एलपीजी आपूर्ति 4,143 वितरकों एवं 36 बॉटलिंग प्लांट के माध्यम से लगभग 4.88 करोड़ उपभोक्ताओं तक पहुंच रही है। पत्र सूचना कार्यालय के निदेशक दिलीप कुमार शुक्ल ने कहा कि सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों पर प्रसारित भ्रामक सूचनाओं पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। सही जानकारी आम जनता तक पहुंचा रहे हैं। नागरिक केवल आधिकारिक स्रोतों से प्राप्त जानकारी पर ही विश्वास करें।

### पीएनजी के बढ़े 28,210 उपभोक्ता

कार्यकारी निदेशक संजय भंडारी ने पीएनजी क्षेत्र का उल्लेख करके प्रगति बताई। कहा कि जहां राज्य में लगभग 20 लाख कनेक्शन उपलब्ध हैं तो वहीं पिछले एक माह में 28,210 नए उपभोक्ता जुड़े हैं। 44 जनपद सीजीडी नेटवर्क के अंतर्गत आ चुके हैं। नेटवर्क विस्तार को और गति दे रहे हैं। प्रवासी मजदूरों एवं छात्रों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पांच किलो का एलपीजी सिलेंडर लांच किया है। जो सभी गैस वितरकों के पास आसानी से उपलब्ध है। इसे प्राप्त करने की प्रक्रिया सरल है। उपभोक्ता केवल एक पहचान पत्र देकर प्रदेश के किसी भी हिस्से में गैस वितरक से कनेक्शन प्राप्त कर सकते हैं।

### प्रदेश में पर्याप्त उर्वरक : अपर निदेशक

प्रेसवार्ता में अपर निदेशक (कृषि) आशुतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि वर्तमान में राज्य में उर्वरकों की उपलब्धता पर्याप्त है। सभी किसानों को आवश्यकता अनुसार उर्वरक उपलब्ध करा रहे हैं। खरीफ 2026 के लिए निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप उर्वरकों की आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। यूरिया, डीएपी एवं एनपीके समेत सभी प्रमुख उर्वरकों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। किसानों से अपील है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और आवश्यकता अनुसार ही उर्वरक खरीदें।

# आबकारी विभाग ने बनाया 57,722 करोड़ का रिकॉर्ड

## पिछले वर्ष की तुलना में 9.79% बढ़ोतरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अवैध शराब पर सख्ती और तकनीकी सुधार से बढ़ा राजस्व

**अमृत विचार :** प्रदेश में आबकारी विभाग ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में 57,722.26 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड राजस्व अर्जित किया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 9.79 प्रतिशत अधिक है। यह जानकारी आबकारी एवं मद्यनिषेध राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल ने दी।

गौतमपल्ली स्थित सरकारी आवास पर आबकारी मंत्री ने बताया कि एथनॉल उत्पादन में वृद्धि, शीरा उत्पादन और तकनीकी सुधारों के चलते राजस्व में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है। विभाग ने 2026-27 के लिए 71,278 करोड़ रुपये का लक्ष्य तय किया है।

उन्होंने बताया कि शराब दुकानों का आवंटन ई-लॉटरी के माध्यम से किया गया है। 25,613 दुकानों का नवीनीकरण किया गया, जबकि 811 दुकानों का आवंटन लॉटरी से हुआ है।

अवैध शराब पर कड़ा एक्शन नितिन अग्रवाल ने बताया कि विभाग ने अवैध शराब के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए 1.09 लाख से अधिक केस दर्ज किए।

इस दौरान 28.08 लाख लीटर अवैध मदिरा बरामद की गई और करीब 20 हजार लोगों को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि आईईएससीएमएस सिस्टम, जीपीएस ट्रैकिंग, क्यूआर कोड और पीओएस मशीनों के जरिए शराब की बिक्री और परिवहन पर निगरानी रखी जा रही है, जिससे राजस्व में बढ़ोतरी हुई है।

# संकट से प्रभावितों को समर्थन देने के लिए पर्याप्त वित्तीय गुंजाइश: वित्तमंत्री

## स्थिति से निपटने के लिए ब्याज दरों में और कटौती कर सकता है भारतीय रिजर्व बैंक

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि राजकोषीय सूझबूझ ने सरकार को पूंजीगत व्यय बढ़ाने और पश्चिम एशिया संकट से प्रभावित क्षेत्रों को समर्थन देने के लिए पर्याप्त वित्तीय गुंजाइश दी है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा भारतीय रिजर्व बैंक उभरती स्थिति से निपटने के लिए ब्याज दरों में और कटौती कर सकता है।

सीतारमण ने चुनौतीपूर्ण समय में अच्छी सार्वजनिक वित्त नीति के महत्व का जिक्र करते हुए कहा कि इससे आर्थिक नरमी के दौर में उससे निपटने, विशेष रूप से विपरीत परिस्थितियों में भी टिके रहने की क्षमता में सुधार होता है।

उन्होंने यहां राष्ट्रीय लोक वित्त एवं नीति संस्थान (एनआईपीएफपी) के कार्यक्रम में कहा कि आज भारी कर्ज और बड़े घाटे वाले कई देशों के पास कोई विकल्प नहीं बचा है और उन्हें मितव्ययिता और अस्थिरता के बीच एक कठिन विकल्प का सामना करना पड़ रहा है। वित्त मंत्री ने कहा कि इसके उलट, भारत के पास



राजकोषीय संसाधन हैं। पूंजीगत व्यय कार्यक्रम को जारी रखने की गुंजाइश है। आरबीआई के पास ब्याज दरें कम करने की गुंजाइश है और प्रभावित क्षेत्रों को लक्षित सहायता प्रदान करने की क्षमता है। यह एक दशक की राजकोषीय सूझबूझ और अनुशासन का परिणाम है। कहा कि राजकोषीय गुंजाइश को देखते हुए ही हाल ही में पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क कम किए गए और प्रमुख पेट्रोरसायन उत्पादों पर सीमा शुल्क से छूट दी गयी। एसईजेड (विशेष आर्थिक क्षेत्र) को घरेलू शुल्क क्षेत्र में परिचालन की अनुमति दी गयी।

सरकार ने 26 मार्च को पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में 10 रुपये प्रति लीटर की कटौती की ताकि युद्ध के बीच बढ़ती वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों के प्रभाव से उपभोक्ताओं को बचाया जा सके। अमेरिका और इजराइल के 28 फरवरी को ईरान पर सैन्य हमले के बाद से वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में लगभग 50 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसके परिणामस्वरूप ईरान ने व्यापक जवाबी कार्रवाई की।

सरकार ने डीजल पर 21.50 रुपये प्रति लीटर और विमान ईंधन (एटीएफ) पर 29.50 रुपये प्रति लीटर का निर्यात शुल्क भी लगाया। पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क घटाकर तीन रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है, जबकि डीजल पर यह वर्तमान में शून्य है। भारत ने दो अप्रैल को पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण पोत परिवहन मार्गों में समस्याओं के बीच आपूर्ति स्थिरता सुनिश्चित करने और अंतिम उत्पादों के उपभोक्ताओं को राहत प्रदान करने को पेट्रोरसायन उत्पादों के आयात को सीमा शुल्क से छूट दी। यह साल पिछले वर्ष की तुलना में अधिक चुनौतीपूर्ण है। पश्चिम एशिया में बढ़ता संघर्ष अब केवल क्षेत्रीय सुरक्षा तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति को प्रभावित करने वाला बड़ा झटका बन गया है और नई बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था का संकेत दे रहा है।

### आपूर्ति श्रृंखलाओं में अनिश्चितता

निर्मला सीतारमन ने कहा कि शुल्क और अन्य बाधाओं के कारण व्यापार के प्रभावित होने से वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में गंभीर अनिश्चितता पैदा कर दी है। इसके चलते वैश्विक वृद्धि अनुमान में भारी गिरावट आई...। भारत के ऋण-जीडीपी अनुपात का उल्लेख करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि सामान्य सरकारी ऋण-जीडीपी अनुपात (राज्यों के कर्ज के साथ) 81 प्रतिशत के साथ भारत, जर्मनी के बाद प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे कम है। कहा कि इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि भारत एकमात्र ऐसी प्रमुख अर्थव्यवस्था है जहां अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष का अनुमान है कि यह अनुपात 2030 तक घटकर 75.8 प्रतिशत हो जाएगा। जबकि अमेरिका, चीन, जर्मनी और अन्य जैसी विकसित अर्थव्यवस्थाओं के लिए ऋण की स्थिति और खराब होने का अनुमान है।

# कच्चे तेल के दाम में नरमी से सेंसेक्स 787 अंक चढ़ा, निफ्टी 23,000 के करीब

## बैंक और आईटी शेयरों में अच्छी लिवाली से निवेशकों को समर्थन

मुंबई, एजेंसी

सोमवार को शुरुआती गिरावट से उबरते हुए स्थानीय शेयर बाजार लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में बढ़त में रहे। बीएसई सेंसेक्स 787 अंक चढ़ा, जबकि एनएसई निफ्टी 23,000 अंक के करीब पहुंच गया। पश्चिम एशिया में युद्धविराम के प्रयासों की रिपोर्ट के बीच कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से बाजार बढ़त में रहा। कारोबारियों के अनुसार, बैंक और आईटी शेयरों में अच्छी लिवाली और रुपये में मजबूती से भी निवेशकों को समर्थन मिला।

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स



787.30 अंक यानी 1.07 प्रतिशत बढ़कर 74,106.85 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 887.91 अंक चढ़कर 74,207.46 अंक पर पहुंच गया था। बीएसई में सूचीबद्ध शेयरों में से 3,207 लाभ में रहे, जबकि 1,147 में गिरावट दर्ज की गयी। वहीं 190 के भाव अपरिवर्तित रहें। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 255.15 अंक यानी 1.12 प्रतिशत बढ़कर 22,968.25 पर बंद हुआ।

रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा कि पश्चिम एशिया में संभावित युद्धविराम की खबरों के कारण कच्चे तेल की कीमतों में सुधार के साथ वैश्विक जोखिम धारणा में भी सुधार हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से ट्रेंट में सबसे अधिक 7.89 प्रतिशत की तेजी रही। इसके अलावा एक्सिस बैंक, टाइटन, लार्सन एंड टुब्रो, अल्ट्राटेक सीमेंट और बजाज फाइनेंस भी प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी ओर, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचसीएल टेक और सन फार्मा के शेयर नुकसान में रहे।

# जीएसटी 2.0 इफेक्टः एक साल में बिके 2.96 करोड़ वाहन

नई दिल्ली, एजेंसी

देश में सभी श्रेणियों में वाहनों की खुदरा बिक्री वित्त वर्ष 2025-26 में 13.3 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 2,96,71,064 इकाई पर पहुंच गई। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशंस (फाडा) ने सोमवार को यह जानकारी दी। वाहन उद्योग के निकाय के अनुसार इससे गत वित्त वर्ष 2024-25 में कुल खुदरा बिक्री 2,61,87,255 इकाई थी। वर्ष की शुरुआत सुस्त रहने के बावजूद माल एवं



सेवा कर में बदलाव (जीएसटी 2.0) के लागू होने से बाजार में तेजी आई। फाडा के बयान के अनुसार, यात्री वाहन की खुदरा बिक्री वित्त वर्ष 2025-26 में 13% बढ़कर 47,05,056 इकाई हो गई, जो 2024-25 में 41,63,927 इकाई थी। दोपहिया वाहनों की बिक्री भी पिछले साल 13.4 प्रतिशत बढ़कर 2,14,20,386 इकाई हो गई जबकि 2024-25 में यह 1,88,89,595 इकाई थी। वित्त वर्ष 2025-26 में तिपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री 13,63,412 इकाई रही जो वित्त वर्ष 2024-25 की 12,20,834 इकाई के मुकाबले 11.68% अधिक है। फाडा के अनुसार वाणिज्यिक वाहनों की खुदरा बिक्री भी 11.74 प्रतिशत बढ़कर 10,60,906 इकाई हो गई।



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम



# कांग्रेस पाकिस्तान के 'सुर में सुर' मिलाती है, यह की देश सुरक्षा से समझौता : मोदी

## कहा- कांग्रेस ने हमेशा भ्रष्टाचार के लिए अपनाए अल्पकालिक उपाय

भाबनीपुर-सोरभोग (असम), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि उनकी सरकार ने पाकिस्तान में स्थित आतंकी शिविरों के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर चलाया, लेकिन कांग्रेस पड़ोसी देश के 'सुर में सुर' मिलाती रहती है। विकास के मोर्चे पर उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने हमेशा इस मामले में संकीर्ण सोच अपनाई है, जबकि भाजपा देश का दीर्घकालिक विकास सुनिश्चित करने के लिए काम करती है।

मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा अल्पकालिक उपाय अपनाए ताकि वे भ्रष्टाचार में लिप्त रह सकें। लेकिन भाजपा समाज के सभी वर्गों के सर्वांगीण विकास के लिए निर्णय लेते समय दूरदर्शी सोच रखती है। असम के बरपेटा जिले में एक चुनावी



रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि कांग्रेस हमेशा पाकिस्तान के सुर में सुर मिलाती रही है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान से यह संबंध देश की सुरक्षा से समझौता है, लेकिन हम कभी इसकी अनुमति नहीं दे सकते।

उन्होंने कांग्रेस पर 'वन रैंक, वन पेंशन' योजना लागू न करके सेना की उपेक्षा करने का आरोप भी लगाया। मोदी ने कहा कि भाजपा ने यह सुनिश्चित किया कि देश की रक्षा करने वालों को न्याय मिले। उन्होंने कहा कि असम में अनेक बलिदानों और पिछले दस वर्षों में हस्ताक्षरित विभिन्न शांति समझौतों को लागू करने की दिशा में भाजपा के ईमानदार प्रयासों के कारण शांति स्थापित हुई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि राज्य में शांति और स्थिरता ने भाजपा शासन में विकास को गति दी है... इसे जारी रखने के लिए कांग्रेस को सत्ता से बाहर रखना आवश्यक है।

महिला मतदाताओं को लुभाते हुए मोदी ने कहा कि संसद में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण 2029 के आम चुनावों से लागू किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि असम की महिलाओं को सभी दलों से इस उद्देश्य से तैयार किए गए विधेयक को पारित कराने का आग्रह करना चाहिए।

### हिमंत भगवद्गीता की कसम खाकर कहें कि उनकी पत्नी पर लगे आरोप गलत हैं : गोगोई

**नगांव (असम), एजेंसी।** कांग्रेस की असम इकाई के अध्यक्ष एवं लोकसभा सदस्य गौरव गोगोई ने सोमवार को मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा को भगवद् गीता की कसम खाकर पत्नी पर लगे आरोपों का खंडन करने की चुनौती दी। गोगोई का यह बयान शर्मा द्वारा अपनी पत्नी के कथित तौर पर कई पासपोर्ट और विदेशों में संपति रखने के कांग्रेस के आरोपों का खंडन करने के कुछ घंटों बाद आया।

कांग्रेस नेता ने राहा में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करने के बाद संवाददाताओं से बातचीत के दौरान शर्मा से सवाल किया कि क्या वह राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों के बारे में 'झूठ' फैलाते हुए विदेशों में अपनी संपति और व्यावसायिक हितों को छिपा रहे हैं। कांग्रेस नेताओं पवन खेड़ा और गौरव गोगोई ने रविवार को शर्मा से सवाल किया था कि क्या उनकी पत्नी के पास 3 विदेशी पासपोर्ट हैं, दुबई में संपति है, अमेरिका में कंपनियां हैं, या उन्होंने मुखौटा कंपनियों में संपति रखी है?

मुख्यमंत्री ने सोमवार सुबह दावा किया कि विपक्षी पार्टी ने एक पाकिस्तानी सोशल मीडिया समूह से मिली झूठी जानकारी के आधार पर ये आरोप गढ़े हैं। गोगोई ने कहा, 'मैंने यह बात कल भी कही थी और अब फिर दोहरा रहा हूं - मैं भगवद् गीता की शपथ लेकर कह सकता हूं कि लंदन में मेरी कोई संपति नहीं है, जैसा कि शर्मा ने आरोप लगाया है। क्या वह ऐसा कर सकते हैं? मैं उन्हें चुनौती देता हूं कि वह अपनी सुविधा के स्थान पर आएं और भगवद् गीता की शपथ लेकर यही बात साबित करें।'

# तमिलनाडु के खिलाफ हैं मोदी और ईपीएसः कनिमोझी

चेन्नई, एजेंसी

द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) की संसदीय दल की नेता कनिमोझी ने सोमवार को अन्नाद्रमुक और केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि श्री ईके पलानीस्वामी दिल्ली के आका से डरते हैं, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका के प्रभाव में हैं, लेकिन तमिलनाडु के मामले में दोनों एक साथ खड़े हैं। सुश्री कनिमोझी ने कोयंबटूर जिले के सुलूर और कवुंडमपलायम विधानसभा क्षेत्रों में चुनावी सभाओं को



संबोधित करते हुए कहा कि यह चुनाव द्रमुक गठबंधन और अन्नाद्रमुक नीत राजग के बीच नहीं, बल्कि तमिलनाडु और राजग के बीच की लड़ाई है। उन्होंने कहा कि द्रमुक गठबंधन समावेशिता और अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है, जबकि विरोधी दल देश को सांप्रदायिक आधार पर बांटने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा शासित राज्यों में लोगों के अधिकार प्रभावित हो रहे हैं और वहां अशांति का माहौल पैदा किया जा रहा है। उन्होंने केंद्र सरकार पर राज्य के लिए शिक्षा मद में देय धन रोकने का आरोप लगाया और कहा कि कोयंबटूर जैसे औद्योगिक केंद्र को मेट्रो रेल परियोजना से वंचित रखा गया है। उन्होंने छोटे और मध्यम उद्योगों के लिए प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने का वादा भी किया।

### सुवेंदु अधिकारी ने लगाया प्रचार के दौरान निगरानी का आरोप

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार सुवेंदु अधिकारी ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पत्र लिखकर भबानीपुर चुनाव प्रचार के दौरान राज्य पुलिस पर सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की 'निगरानी शाखा' के तौर पर काम करने का आरोप लगाया है। श्री अधिकारी ने अपनी शिकायत में दावा किया कि भबानीपुर में घर-घर जाकर प्रचार करने के दौरान सादे कपड़ों में पुलिसकर्मी लगातार उनका पीछा करते हैं। उनके अनुसार ये अधिकारी न केवल उनकी गतिविधियों पर नजर रखने का काम कर रहे हैं बल्कि उन मतदाताओं की पहचान करके उनका विवरण भी नोट कर रहे हैं जो उनसे बातचीत करते हैं।

# पाकिस्तान की 'कोलकाता धमकी' पर चुप क्यों हैं प्रधानमंत्री : ममता

कोलकाता,एजेंसी

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तीखा हमला बोला और पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के कथित 'कोलकाता को निशाना बनाने' वाले बयान पर प्रधानमंत्री की चुप्पी को लेकर सवाल उठाये। नदिया जिले के बेथुआदहारी में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए सुश्री बनर्जी ने कहा कि जब पाकिस्तान के रक्षा मंत्री कोलकाता को लेकर धमकी भरी बात करते हैं, तो प्रधानमंत्री इस पर कुछ क्यों नहीं बोलते? उन्होंने इसे राष्ट्रीय सुरक्षा और बंगाल की जनता की सुरक्षा से जुड़ा गंभीर मामला करार दिया। यह विवाद इस्लामाबाद में दिये गये श्री ख्वाजा आसिफ के उस बयान के बाद बढ़ा, जिसमें उन्होंने कहा था कि यदि भारत भविष्य में पाकिस्तान में



कोई कार्रवाई करता है, तो उसका जवाब कोलकाता तक पहुंच सकता है।सुश्री बनर्जी ने केंद्र सरकार पर इस मुद्दे पर चुप रहने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह 'गंभीर चिंता' का विषय है। उन्होंने सवाल किया कि क्या चुनाव से पहले किसी 'राजनीतिक मकसद' के तहत ऐसी स्थिति बनायी जा रही है। क्या हम चुनाव से पहले फिर किसी पहलगाम जैसी स्थिति की ओर बढ़ रहे हैं? क्या यह सिर्फ राजनीतिक ड्रामा है?"

### भाजपा कार्यकर्ता के घर फेंका विस्फोटक

**कन्नूर (केरल), एजेंसी।** कन्नूर के काथिरूर में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक कार्यकर्ता के आवास पर विस्फोटक फेंके जाने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, यह घटना रविवार रात काथिरूर के पास कोंकाची इलाके में मजीशा पथायाकुन्नु के आवास पर हुई।

# अन्नाद्रमुक प्रमुख पलानीस्वामी और अन्य नेताओं ने अंतिम दिन भरे पर्चे

चेन्नई, एजेंसी

ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) प्रमुख ई. के. पलानीस्वामी, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता एल. मुरुगन, तमिलिसई सौंदरराजन, वी. श्रीनिवासन और डीएमडीके नेता प्रेमलता विजयकांत तमिलनाडु में 23 अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए सोमवार को नामांकन पत्र दाखिल करने वाले प्रमुख नेताओं में शामिल थे। सोमवार को नामांकन दाखिल करने का अंतिम दिन था। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नैनार नागेंद्रन ने भी विरुधुनगर जिले के सत्तूर विधानसभा सीट से अपना नामांकन दाखिल किया। राज्यसभा सदस्य एवं केंद्रीय मंत्री एल. मुरुगन ने अवनासी (सुरक्षित) सीट से चुनाव लड़ने के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया, जबकि भाजपा की एक अन्य नेता एवं पूर्व राज्यपाल तमिलिसई सौंदरराजन ने चेन्नई के मायलापुर विधानसभा क्षेत्र से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। अन्नाद्रमुक महासचिव एवं राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री पलानीस्वामी ने अपने गृह जिले सलेम के एडप्पाडी विधानसभा क्षेत्र से नामांकन पत्र दाखिल किया, जहां से वे पहले पांच बार चुनाव जीत चुके हैं। भाजपा महिला मोर्चा की प्रमुख वी. श्रीनिवासन, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष के. अन्नामलाई के साथ, कोयंबटूर उत्तर से नामांकन पत्र दाखिल करने पहुंचीं। वे निवर्तमान विधानसभा में कोयंबटूर दक्षिण का प्रतिनिधित्व करती हैं। आज अपने नामांकन पत्र दाखिल करने वाले अन्य प्रमुख व्यक्तियों में वेल्लोर जिले के कटपडी से राज्य के जल संसाधन मंत्री एवं द्रमुक के वरिष्ठ महासचिव दुरईमुरुग शामिल रहे।

# न्यायमूर्ति शर्मा को सुनवाई से अलग करने का अनुरोध

• आबकारी नीति मामले में दिल्ली हाईकोर्ट में पेश हुए केजरीवाल

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सोमवार को दिल्ली उच्च न्यायालय में व्यक्तिगत रूप से पेश हुए और न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा को आबकारी नीति मामले में उन्हें तथा अन्य सभी आरोपियों को आरोप मुक्त किए जाने के फैसले के खिलाफ सीबीआई की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई से अलग किए जाने का अनुरोध किया।

न्यायमूर्ति शर्मा ने उन्हें मामले की सुनवाई से अलग किए जाने की केजरीवाल की अर्जी को रिकॉर्ड में ले लिया और इसकी सुनवाई 13 अप्रैल को तय की। न्यायमूर्ति शर्मा को बताया गया कि मामले की सुनवाई उच्च न्यायालय की अन्य पीठ को सौंपने के अनुरोध को लेकर शीर्ष अदालत में दाखिल याचिका वापस ले ली गई है। सीबीआई की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलील दी कि अदालत नौटंकी का मंच नहीं है और अगर केजरीवाल मामले में व्यक्तिगत रूप से पेश होना चाहते हैं, तो उन्हें अपने वकील को हटा देना चाहिए। मेहता ने केजरीवाल की अर्जी पर कड़ी आपत्ति जताई और कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री की ओर से संस्था पर लगाए गए आरोप बेबुनियाद हैं।

# कहीं आपके घर में तो नहीं हो रही जासूसी




अक्सर ऐसा होता है कि आप किसी दोस्त से किसी खास जूते, वेकेशन या गैजेट के बारे में बात करते हैं और कुछ ही देर बाद आपके फेसबुक, इंस्टाग्राम या गूगल पर उसी चीज के विज्ञापन आने लगते हैं। दुनिया भर में लाखों यूजर्स का मानना है कि कंपनियां उनके फोन के माइक्रोफोन का इस्तेमाल करके उनकी निजी बातें सुन रही हैं। डिजिटल युग में प्राइवेसी एक भ्रम मात्र है। हम जो भी 'फ्री' इस्तेमाल कर रहे हैं, उसकी कीमत हम अपनी जानकारी देकर चुका रहे हैं।



## असली खेल क्या है

● एआई लग्गोरिदम : तकनीकी दिग्गज हमेशा इस बात से इनकार करते हैं कि वे आपकी बातें रिकॉर्ड कर रहे हैं। लेकिन असलियत में खेल एआई एल्गोरिदम का है।

● कीवर्ड्स का जाल : जब आप किसी ऐप को माइक्रोफोन की परमिशन देते हैं, तो बैकग्राउंड में एक्टिव एआई सिस्टम पूरी बातचीत नहीं, बल्कि कुछ खास कीवर्ड्स को पकड़ लेता है।

● प्रेडिक्टिव मॉडलिंग : एआई सिर्फ आपकी बात नहीं सुनता, बल्कि वह आपके लोकेशन डेटा, सर्च हिस्ट्री और आपके दोस्तों की पसंद को भी ट्रैक करता है। वह अनुमान लगा लेता है कि आप आगे क्या खरीदने वाले हैं।

● लिसनिंग टूल्स : हाल ही में कॉक्स मीडिया ग्रुप जैसी कंपनियों की कुछ रिपोर्ट्स लीक हुई थीं, जिनमें एक्टिव लिसनिंग सॉफ्टवेयर की बात कही गई थी जो विज्ञापनों के लिए डेटा जुटाते हैं।

## आपके लिए जरूरी बातें

● एम्बिएंट लिसनिंग : एआई केवल शब्दों को नहीं, बल्कि आपके बैकग्राउंड की आवाजों को भी डिकोड करता है। अगर पीछे प्रेशर कुकर की सीटी या बच्चे के रोने की आवाज है, तो एआई समझ जाता है कि आप घर पर हैं और आपको किचन के सामान या बेबी प्रोडक्ट्स के विज्ञापन दिखाने लगता है।

● साउंड वेव फिंगरप्रिंटिंग : हर ब्रांड के टीवी विज्ञापनों की एक साउंड वेव होती है। घर में टीवी पर कोई विज्ञापन चल रहा है, तो आपका फोन उसे पहचान लेता है और वही प्रोडक्ट आपके मोबाइल स्क्रीन पर आ जाता है।

● मशीन लर्निंग का प्रेडिक्शन मॉडल : एआई इतना स्मार्ट हो चुका है कि वह आपकी डिजिटल परछाई बना लेता है। आपकी उम्र, जेंडर, लोकेशन और पिछले 5 साल के डेटा के आधार पर वह पहले ही जान जाता है कि आज शाम आप क्या खरीदने की सोच रहे होंगे। इसे हाइपर-पर्सनलाइजेशन कहा जाता है।

● बैटरी और डेटा का हिडन इस्तेमाल : आपके फोन का डेटा यूसेज ग्राफ बिना किसी डाउनलोडिंग के बढ़ रहा है, तो मुमकिन है कि कुछ ऐप्स आपकी वॉइस फाइल्स को 'कंप्रेस' करके छोटे-छोटे पैकेट्स में सर्वर पर भेज रहे हों।

## एक्सपर्ट टिप्स

● सेंसर्स पर नजर : एंड्रॉइड 12 और आईफोन के लेटेस्ट वर्जन में ऊपर की तरफ एक ग्रीन डॉट दिखता है। अगर आप फोन इस्तेमाल नहीं कर रहे और फिर भी वह ग्रीन डॉट दिख रहा है, तो समझ लीजिए कि कैमरा या माइक चोरी-छिपे ऑन है।

● वर्चुअल असिस्टेंट ऑफ करें : गूगल असिस्टेंट में जाकर वायस मैच और हे गूगल को पूरी तरह बंद करना ही सबसे सुरक्षित रास्ता है।

● परमिशन ऑडिट : अपने फोन की सेटिंग में जाएं। देखें कि किन ऐप्स को माइक का एक्सेस है। कैलकुलेटर, टॉर्च या गेमिंग ऐप्स को इसकी जरूरत नहीं है, इनका एक्सेस तुरंत बंद करें।

● ट्रैकिंग बंद करें : अपने गूगल अकाउंट में जाकर वेब और ऐप एक्टिविटी को ऑफ करें।

## फैक्ट

● एक औसत स्मार्टफोन में करीब 10 से 15 ऐसे ऐप्स होते हैं जो आपकी मर्जी के बिना माइक्रोफोन इस्तेमाल कर सकते हैं। हार्वर्ड की एक स्टडी के अनुसार, एआई आपकी पिछली सर्च हिस्ट्री और लोकेशन के आधार पर 90% सटीकता से बता सकता है कि आप अगले एक घंटे में कहां होंगे और क्या खरीदेंगे।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### इटली में ऊर्जा संकट की आशंका : मेलोनी

**रोम।** इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने स्वीकार किया है कि यदि पश्चिम एशिया में स्थिति और बिगड़ती है तो देश को ऊर्जा की कमी का सामना करना पड़ सकता है। कोरिरे डेला सेरा अखबार ने शनिवार को इटली के चार हवाई अड्डों-मिलान, वेनिस, ट्रेविसो और बोलोग्ना में जेट ईंधन पर लागू किए गए पहले प्रतिबंध की जानकारी दी। मेलोनी ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट कर कहा कि जब खाड़ी देशों में अस्थिरता बढ़ती है, तो इसका सीधा असर ऊर्जा की लागत, व्यवसायों, नौकरियों और अंततः परिवारों की क्रय शक्ति पर पड़ता है। प्रधानमंत्री का मानना है कि वैश्विक ऊर्जा बाजार में फारस की खाड़ी के देश प्रमुख भूमिका निभाते हैं। अगर वहां उत्पादन कम या बंद होता है, तो ऊर्जा की कीमतें हर किसी के लिए बढ़ जायेंगी। मेलोनी ने आगाह किया, अगर स्थिति और खराब होती है तो हम ऐसी स्थिति में पहुंच सकते हैं, जहां हमारे पास जरूरत भर ऊर्जा उपलब्ध न हो, यहां तक कि इटली में भी।

### नेपाल के विदेश मंत्री ने मिले भारतीय राजदूत

**काठमांडू।** भारतीय राजदूत नवीन श्रीवास्तव ने सोमवार को यहां नेपाल के नवनियुक्त विदेश मंत्री शिशिर खनाल से शिष्टाचार भेंट की और उनके साथ द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। खनाल ने 27 मार्च को विदेश मंत्रालय के प्रमुख का कार्यभार संभाला था। विदेश मंत्रालय के अनुसार भेंट के दौरान श्रीवास्तव ने खनाल को नेपाल का विदेश मंत्री नियुक्त किये जाने पर विदेश मंत्री एस जयशंकर की ओर से बधाई दी। इस अवसर पर नेपाल-भारत संबंधों और सहयोग से संबंधित विभिन्न मामलों पर चर्चा हुई। जयशंकर ने खनाल के पदभार ग्रहण करने के दिन ही एक्स पर उन्हें बधाई दी थी। जयशंकर ने कहा था कि वह भारत एवं नेपाल के बीच पारंपरिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए अपने नेपाली समकक्ष के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हैं।

### शरीफ विवि पर हमला ट्रंप की अज्ञानता

**नई दिल्ली।** ईरान के उपराष्ट्रपति मोहम्मद रजा आरिफ ने तेहरान के शरीफ प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय को निशाना बनाकर किए गए बंकर-बस्टर बम हमले की निंदा करते हुए इसे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बर्बरता करार दिया है। स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय से शिक्षा प्राप्त आरिफ ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, शरीफ विश्वविद्यालय पर बंकर-बस्टर बम हमला ट्रंप के पागलपन और अज्ञानता का प्रतीक है। ईरानी उपराष्ट्रपति ने कहा, वह (ट्रंप) यह समझने में विफल रहे हैं कि ईरान का ज्ञान कंक्रीट में नहीं दबा है जिसे बमों से नष्ट किया जा सके, असली किला तो हमारे प्रोफेसरों और लोगों की इच्छाशक्ति है।

# राजमार्गों पर मवेशियों को रोकने की मांग, केंद्र व राज्यों से जवाब-तलब

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा, राज्य गो-उपकर वसूल रहे लेकिन कर कुछ नहीं रहे

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को उस याचिका पर केंद्र सरकार और अन्य पक्षों से जवाब मांगा, जिसमें देशभर में राष्ट्रीय और राज्य राजमार्गों से आवारा मवेशियों को दूर रखने के लिए अधिकारियों को निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने केंद्र और राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों और भारतीय जीव जंतु कल्याण बोर्ड सहित अन्य पक्षों को नोटिस जारी कर चार सप्ताह के भीतर जवाब देने को कहा है।

पीठ ने पाया कि कई राज्य 10 प्रतिशत गौ-उपकर तो वसूल रहे हैं लेकिन इस संबंध में कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की ओर से पेश वकील ने पीठ को बताया कि उच्चतम न्यायालय पहले ही आवारा कुत्तों के मामले में अपना फैसला सुरक्षित रख चुका है, जिसमें राजमार्गों पर आवारा पशुओं के प्रवेश का मुद्दा भी शामिल है। याचिकाकर्ता 'लॉयर्स फॉर ह्यूमैन राइट्स इंटरनेशनल' की ओर से पेश वकील ने कहा कि अधिकतर मुद्दे आवारा कुत्तों से जुड़े मामले के फैसले में शामिल हो जाएंगे, लेकिन इस याचिका में कुछ अन्य पहलू भी उठाए गए हैं। पीठ ने याचिका पर नोटिस जारी करते हुए मामले की अगली सुनवाई चार सप्ताह बाद तय की है। याचिका में अधिकारियों को राजमार्गों पर मवेशियों के प्रवेश को रोकने के लिए एक समान राष्ट्रीय दिशा-निर्देश बनाने और उन्हें लागू करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। इस याचिका में विशेष रूप से दुर्घटना के लिहाज से संवेदनशील क्षेत्रों में राष्ट्रीय राजमार्गों और एक्सप्रेसवे पर अनिवार्य रूप से बाड़ लगाने का अनुरोध किया गया है। इसके अलावा, वैज्ञानिक तरीके से संचालित गोशालाओं/पशु आश्रयों की स्थापना के लिए निर्धारित वित्त पोषण सुनिश्चित करने का और मवेशियों को अवैध रूप से छोड़ने पर सख्त दंडात्मक कार्रवाई करने का भी अनुरोध किया गया है।



### मुआवजा ढांचा भी तैयार करने की अपील

याचिका में आवारा मवेशियों के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं के पीड़ितों के लिए दोष रहित मुआवजा (ऐसा मुआवजा जिसमें यह साबित करने की जरूरत नहीं होती कि गलती किसकी थी) ढांचा तैयार करने की भी अपील की गई है। उच्चतम न्यायालय ने आवारा कुत्तों के स्थानांतरण और नसबंदी से जुड़े पिछले वर्ष सात नवंबर के उसके आदेश में संशोधन का अनुरोध करने वाली याचिकाओं के एक समूह पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। न्यायालय ने शैक्षणिक संस्थानों, अस्पतालों और रेलवे स्टेशनों जैसे संस्थागत क्षेत्रों में कुत्तों के काटने की घटनाओं में चिंताजनक वृद्धि का संज्ञान लेते हुए सात नवंबर 2025 को निर्देश दिया था कि आवारा कुत्तों को नसबंदी और टीकाकरण के बाद तुरंत निर्धारित आश्रयों में स्थानांतरित किया जाए।

### सेंगर की सजा के निलंबन के खिलाफ याचिका की सुनवाई टली

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दायर उस याचिका पर सुनवाई मई के पहले सप्ताह तक के लिए टाल दी, जिसमें 2017 के उन्नाव बलात्कार मामले में पूर्व भाजपा विधायक कुलदीप सिंह सेंगर की आजीवन कारावास की सजा के निलंबन को चुनौती दी गई है। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि शबरिमला मामले में पुनर्विचार याचिका पर नौ-सदस्यीय संविधान पीठ द्वारा सुनवाई पूरी कर लिये जाने के बाद इस मामले की सुनवाई की जाएगी। सेंगर की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने पीड़िता के पिता की कथित हिरासत में मौत से संबंधित एक अन्य मामले में याचिकाओं की सुनवाई दिल्ली उच्च न्यायालय में नहीं होने का मुद्दा उठाया और कहा कि उस मामले में सेंगर को 10 साल की सजा सुनाई गई थी। उन्होंने कहा कि दस साल संभवतः जल्द ही पूरे होने वाले हैं और अभी तक उच्च न्यायालय में कोई ठोस सुनवाई नहीं हुई है। सेंगर को इस मामले में जमानत मिलनी चाहिए।

# फ्रांस ने बेचा अमेरिका में रखा अपना सोना

**पेरिस।** बैंक ऑफ फ्रांस ने कहा है कि उसने न्यूयॉर्क में रखे अपने शेष स्वर्ण भंडार को वापस ले लिया है और उसके स्थान पर पेरिस स्थित अपने भंडार में समान मात्रा का सोना रख लिया है। बैंक के अनुसार यह मात्रा 129 टन है, जो उसके कुल स्वर्ण भंडार का लगभग पांच प्रतिशत है। फ्रांस लंबे समय से अपने कुछ स्वर्ण भंडार को फेडरल रिजर्व बैंक ऑफ न्यूयॉर्क में रखता आया था। फ्रांस ने 1960 के दशक में ही अपने स्वर्ण भंडार को वापस लाने की प्रक्रिया शुरू कर दी थी।

इसके बावजूद न्यूयॉर्क में थोड़ी मात्रा में सोना अब तक रखा हुआ था। पिछले दो दशकों में बैंक पुराने या गैर-मानक स्वर्ण भंडार को आधुनिक अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बार से बदल रहा है। फ्रांस ने 2024 की आंतरिक समीक्षा के बाद जुलाई 2025 से जनवरी 2026 के बीच अमेरिका में रखे सोने को बदलने की प्रक्रिया पूरी की। इस प्रक्रिया में सोने को सीधे लाने के बजाय उसे बेचकर यूरोप में नए मानक के स्वर्ण बार खरीदे गए। सोने की बढ़ती कीमतों के कारण इस कदम से बैंक को लगभग 13 अरब यूरो (15 अरब डॉलर) का पूंजीगत लाभ हुआ। इससे बैंक ने 2025 में 8.1 अरब यूरो का शुद्ध लाभ दर्ज किया, जबकि 2024 में 7.7 अरब यूरो का घाटा हुआ था।

# बांग्लादेश के साथ अपने संबंधों को फिर मजबूत करेगा भारत



• भारतीय राजदूत ने बताया पीएम रहमान को नई दिल्ली का इरादा

ढाका, एजेंसी

भारत बांग्लादेश के साथ भविष्योन्मुखी दृष्टिकोण अपनाते हुए संबंधों को फिर से मजबूत करने के लिए तैयार है। भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा ने सोमवार को बांग्लादेश के प्रधानमंत्री तारिक रहमान को यह जानकारी दी।

यह मुलाकात ऐसे समय में हुई, जब भारत और बांग्लादेश फरवरी में हुए संसदीय चुनाव में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की जीत के परिणामस्वरूप तारिक रहमान के प्रधानमंत्री बनने के बाद द्विपक्षीय संबंधों को फिर से मजबूत करने के प्रयास कर रहे हैं। इससे पहले, मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार के कार्यकाल के दौरान दोनों देशों के रिश्तों में काफी तनाव आ गया था।

भारतीय उच्चायोग ने एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि बैठक के दौरान वर्मा और रहमान ने दोनों देशों की राष्ट्रीय विकास प्राथमिकताओं के अनुरूप विभिन्न क्षेत्रों में जन-केंद्रित सहयोग पर ध्यान देते हुए द्विपक्षीय सहभागिता पर चर्चा की। भारतीय उच्चायुक्त ने यह भी कहा कि भारत सकारात्मक, रचनात्मक और भविष्योन्मुखी दृष्टिकोण अपनाते हुए तथा परस्पर हित और परस्पर लाभ के आधार पर बांग्लादेश की सरकार और जनता के साथ मिलकर काम करने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकारी समाचार एजेंसी बीएसएस ने प्रधानमंत्री कार्यालय के प्रवक्ता के हवाले से बताया कि वर्मा ने यहां बांग्लादेश सचिवालय स्थित कैबिनेट डिवीजन कार्यालय में रहमान से शिष्टाचार भेंट की। हालांकि इस बारे में तत्काल कोई विस्तृत जानकारी नहीं दी गई। हालांकि, बैठक के बारे में जानकारी रखने वाले अधिकारियों ने बताया कि राजदूत ने रहमान से कहा कि भारत और बांग्लादेश को अपनी भौगोलिक निकटता को मजबूत अर्थव्यवस्था, कनेक्टिविटी और सांस्कृतिक एवं लोगों के आदान-प्रदान को बढ़ाकर नए अवसरों में बदलना चाहिए।

# नाइजीरिया में तीन हमलों में 26 लोगों की गई जान

• पुलिस कर्मियों और नागरिकों को बनाया गया हमलों में निशाना

**अबुजा, एजेंसी।** उत्तरी नाइजीरिया में बीते सप्ताहांत नागरिकों और पुलिसकर्मियों को निशाना बनाकर किए गए तीन अलग-अलग हमलों में कम से कम 26 लोगों की मौत हो गई। नाइजीरियाई सेना और स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सेना ने बताया कि शनिवार को उत्तर-मध्य बेनू प्रांत के ग्वेर वेस्ट क्षेत्र में म्बालोम समुदाय पर हथियारबंद समूह के हमले में कम से कम 17 लोग मारे गए। बेनू की गवर्नर हायसिंथ आलिया ने इस हमले की रविवार को पुष्टि की। बोर्नो पुलिस के जनसंपर्क अधिकारी (पीआरओ) केनेथ डासो ने बताया कि देश के उत्तर-पूर्वी हिस्से में स्थित बोर्नो प्रांत में शनिवार तड़के एक पुलिस मुख्यालय पर हुए हमले में इस्लामिक स्टेट (आईएस) से जुड़े एक समूह के साथ लंबी मुठभेड़ के दौरान चार पुलिस अधिकारियों की मौत हो गई। सेना के मुताबिक, रविवार को कडुना प्रांत के अरिको गांव में ईस्टर के मौके पर आयोजित एक प्रार्थना सभा में बंदूकधारियों ने पांच लोगों की हत्या कर दी। सेना ने बताया कि हमलावर की पहचान फिलहाल नहीं की जा सकी है, हालांकि, सैनिक 31 बंधकों को उनके चंगुल से आजाद कराने में सफल रहे।

# भारत-पाकिस्तान सीमा पर ड्रोन से हथियार तस्करी की एनआईए जांच

• एनआईए को संदेह, यह तस्करी भारत में आतंकी हमले की साजिश का हो सकती है व्यापक हिस्सा

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने भारत-पाकिस्तान सीमा पर ड्रोन के जरिए हथियारों और गोला-बारूद की तस्करी की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एनआईए को संदेह है कि यह तस्करी भारत में आतंकी हमले करने के लिए रची गई व्यापक साजिश का हिस्सा हो सकती है।

उन्होंने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए आतंकवाद रोधी एजेंसी ने पाकिस्तान स्थित आतंकी जसवीर चौधरी, उसके भारतीय सहयोगी शुभम कुमार और अन्य अज्ञात व्यक्तियों की कथित भूमिका की जांच के लिए मामला दर्ज किया है। यह मामला मूल रूप से इस वर्ष फरवरी में पंजाब पुलिस द्वारा दर्ज किया गया था। उन्होंने बताया कि अमृतसर स्थित राज्य विशेष अभियान प्रकोष्ठ (एसएसओसी) को विश्वसनीय सूचना मिली थी कि चौधरी के निर्देश पर उसके भारतीय सहयोगियों ने भारत-पाकिस्तान सीमा पर ड्रोन के जरिए हथियारों, गोला-बारूद और परिष्कृत विस्फोटक उपकरणों (आईईडी) की एक बड़ी खेप प्राप्त की थी, जिसका उद्देश्य पंजाब, दिल्ली और देश के अन्य हिस्सों में विस्फोट करना था।

इस संबंध में राज्य पुलिस ने 10 फरवरी को प्राथमिकी दर्ज की थी। गृह मंत्रालय ने अपने आदेश में कहा कि यह मामला एक 'विदेशी तत्व' द्वारा भारत में हथियारों, गोला-बारूद और विस्फोटकों का उपयोग करके आतंकवादी कृत्यों को अंजाम देने के लिए रची गई आपराधिक साजिश से संबंधित है। आदेश में कहा गया है कि अपराध की गंभीरता, इसके गंभीर सुरक्षा परिणामों, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संबंधों और व्यापक साजिश का पर्दाफाश करने की आवश्यकता को देखते हुए, इसकी जांच एनआईए द्वारा की जानी आवश्यक है।

# तटरक्षक बल के लिए चौथे तीव्र गश्ती पोत का निर्माण शुरू

**नई दिल्ली।** भारतीय तटरक्षक बल के लिए एक तीव्र गश्ती पोत (एफपीवी) के निर्माण की सोमवार को शुरूआत की गई। यह तटीय सुरक्षा, खोज और बचाव तथा कानून प्रवर्तन के लिए बनाए जा रहे 14 जहाज़ों की श्रृंखला में चौथा जहाज़ है। अधिकारियों ने कहा कि ये जहाज़ देश के 'आत्मनिर्भर भारत' विज़न के अनुरूप बनाए जा रहे हैं और इनसे हिंद महासागर क्षेत्र में भारतीय तटरक्षक बल की मौजूदगी मजबूत होगी। भारतीय तटरक्षक बल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि 14 एफपीवी परियोजना के तहत एफपीवी-4 के साथ ही एफपीवी-7 के निर्माण की शुरूआत के लिए आज एमडीएल, मुंबई में समारोह आयोजित किया गया। एफपीवी को अत्याधुनिक मशीनों से लैस किया जा रहा है, जिसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित रखरखाव प्रणाली और बहुउद्देशीय ड्रोन शामिल हैं। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में तटरक्षक बल के एक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** — आज नए प्रयास शुभ रहेंगे। यात्रा या बातचीत से लाभ मिलेगा। परियोजनाओं में गति आएगी। जीवनसाथी के साथ उत्तम समय का आनंद उठाएंगे।

**तुला** — आज चंद्रमा की स्थिति अनुकूल रहेगी, समझदारी से निर्णय लें। रिश्तों में मधुरता बनी रहेगी। छात्र करियर को लेकर योजना बना सकते हैं।

**वृष** — आज परिवार में शांति रहेगी। व्यावसायिक निर्णय सकारात्मक दिशा में बढ़ेंगे। आर्थिक मामलों में लाभ मिलेगा।

**वृश्चिक** — आज रचनात्मक कार्यों में सफलता प्राप्त होगी। व्यापार में आप बहुत अच्छा प्रदर्शन करेंगे। प्रेम संबंधों को परिवार में स्वीकृति मिल सकती है।

**मिथुन** — आज संचार, बुद्धि और योजनाओं में दृढ़ता रहेगी। नए संपर्क लाभदायक रहेंगे। पति-पत्नी के आपसी संबंधों में मधुरता आएगी।

**धनु** — आज यात्रा और शिक्षा कर्म में लाभ मिलेगा। भाग्य आपका साथ देगा। समूह कार्यों में सफलता मिलेगी। मन में उमंग-उत्साह बढ़ेगा।

**कर्क** — आज भावनात्मक संतुलन आवश्यक है। घर और रिश्तों में सामंजस्य बनाए रखें। किसी भी निवेश पर पुनर्विचार करें।

**मकर** — आज करियर में स्थिरता रहेगी। वरिष्ठों का सहयोग मिलेगा। आर्थिक स्थिति सुदृढ़। वैवाहिक जीवन सुखद रहने वाला है।

**सिंह** — आज मंगल के प्रभाव से आत्मविश्वास बढ़ेगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। खर्च पर नियंत्रण जरूरी है।

**कुंभ** — आज रणनीति और बुद्धिमत्ता से कार्य सिद्ध होंगे। सामाजिक परिचय बढ़ेगा। आप अपने प्रेमी को प्रपोज कर सकते हैं।

**कन्या** — आज व्यापार में अवसर, कार्यक्षेत्र में मान-सम्मान बढ़ेगा। स्वास्थ्य संतुलित रहेगा। जीवनसाथी के साथ संबंध मधुर होंगे।

**मीन** — आज नया कार्य शुरू करने के लिए दिन अनुकूल है। धन लाभ के मजबूत संकेत हैं। सरकारी कार्यों में बाधाएं आ सकती हैं।

## आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय




**आज की ग्रह स्थिति :** 7 अप्रैल, मंगलवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, पंचमी 16 .34 तक तत्पश्चात षष्ठी।

दिशाशूल-उत्तर, ऋतु- वसंत।
**चन्द्रबल**- वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।
**ताराबल**-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**-ज्येष्ठा पूर्ण रात्रि तक।

### सुडोकू - 111 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 3 | 9 | 1 | 7 | 6 | 4 | 2 | 5 |
| 7 | 5 | 4 | 9 | 2 | 8 | 1 | 3 | 6 |
| 2 | 1 | 6 | 4 | 5 | 3 | 7 | 9 | 8 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 9 |
| 4 | 8 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 7 | 2 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 8 | 5 | 6 | 4 | 1 |
| 9 | 7 | 2 | 5 | 6 | 4 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 4 | 3 | 8 | 1 | 2 | 9 | 6 | 7 |
| 1 | 6 | 8 | 7 | 3 | 9 | 2 | 5 | 4 |

### सुडोकू -112

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | 8 | | | | | | 9 |
| | 1 | | | 6 | | | | 4 |
| 9 | | | | 8 | | | | |
| | 4 | | | | | | 6 | |
| | | 1 | | | | 4 | | |
| | 9 | | | 5 | | | 1 | |
| 1 | | | | 9 | | 3 | | 7 |
| 7 | | | | 4 | 8 | | 2 | |
| | | | | | | 5 | | |

# किम जोंग की बेटी हो सकती है उनकी उत्तराधिकारी

**सियोल।** दक्षिण कोरिया की खुफिया एजेंसी का कहना है कि अब उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन की किशोरवय बेटी को उनकी उत्तराधिकारी के रूप में देखना उचित होगा। यह किम जोंग उन की बेटी की बढ़ती राजनीतिक स्थिति पर अब तक का सबसे जोरदार आकलन है, जिसके बारे में एजेंसी का मानना है कि वह अपने परिवार के शासन को चौथी पीढ़ी तक बढ़ा सकती है। सरकारी मीडिया द्वारा किम की सबसे प्रिय या सम्मानित संतान के बतायी जा रही यह लड़की, 2022 के अंत से अपने पिता के साथ कई हाई-प्रोफाइल कार्यक्रमों में शामिल हुई है, जिससे यह अटकलें लगाई जा रही हैं कि उसे उत्तर कोरिया की भावी नेता के रूप में तैयार किया जा रहा है। नेशनल असेंबली में हुई एक गुप्त बैठक के दौरान, दक्षिण कोरिया की राष्ट्रीय खुफिया सेवा के निदेशक ली जोंग-सीओक ने कहा कि लड़की को किम का उत्तराधिकारी माना जा सकता है।

छानबीन | बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले की जांच कर रहे केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो का सुप्रीम कोर्ट में दावा

# अनिल अंबानी समूह ने बैंकों के हड़पे 73 हजार करोड़ रुपये

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) रिलायंस अनिल अंबानी समूह के खिलाफ दर्ज सात मामलों में कुल 73,000 करोड़ रुपये की बैंक ऋण धोखाधड़ी की जांच कर रहा है। यह जानकारी उच्चतम न्यायालय में फरवरी में दायर स्थिति रिपोर्ट में दी गई है।

जांच एजेंसी ने शीर्ष अदालत को सूचित किया कि वह इन सात मामलों की जांच कर रही है और कुछ सरकारी कर्मचारियों की भूमिकाओं की भी छानबीन कर रही है। सीबीआई और वित्तीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दायर स्थिति रिपोर्ट की समीक्षा के बाद, उच्चतम न्यायालय ने 23 मार्च को एक आदेश जारी किया। शीर्ष अदालत ने सीबीआई जांच का संदर्भ देते हुए अपने आदेश में कहा, ...अन्य मामलों में होने वाले नुकसान भी कई हजार करोड़ रुपये के हैं, जो लगभग 73,006 करोड़ रुपये के कुल दावे बनाते हैं। ईडी ने अदालत को बताया कि उसने कुछ दस्तावेज जब्त किए हैं, जो कथित प्रोजेक्ट हेल्प के बारे में जानकारी देते हैं, जिससे यह संकेत मिलता है कि दिवाला कार्रवाई जानबूझकर असंबंधित ऋणदाताओं के माध्यम से शुरू की गई थी।

न्यायालय ने ईडी की रिपोर्ट पढ़ने के बाद कहा कि रिपोर्ट के अनुसार, आईबीसी (दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता) कार्रवाई के तहत अधिग्रहण संबंधी सभी फंडिंग आठ एनबीएफसी (नॉन-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों) के समूह के माध्यम से की गई थी... इस बात का संज्ञान लिया गया कि लगभग 2,983 करोड़ के दावे का निपटारा 26 करोड़ रुपये में किया गया।

### मामले की जांच को ईडी ने किया विशेष दल का गठन

ईडी ने अदालत को यह भी सूचित किया कि उसने इन मामलों की जांच के लिए एक विशेष जांच दल का गठन किया है और वर्तमान में रिलायंस अनिल अंबानी समूह से जुड़े आठ मामलों की पड़ताल कर रहा है। न्यायालय ने कहा कि जहां तक आरोपों की सच्चाई की बात है, उस पर हम कोई राय नहीं व्यक्त कर रहे, केवल यह कहना चाहते हैं कि सीबीआई और ईडी के लिए यह अनिवार्य है कि वे अपनी जांच को निष्पक्ष, पारदर्शी और स्वतंत्र तरीके से पूरा करें और इसे समयबद्ध तरीके से तार्किक निष्कर्ष तक पहुंचाएं। ईडी ने प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली तीन-सदस्यीय पीठ को यह भी सूचित किया कि उसे इस जांच के संबंध में अन्य जांच एजेंसियों से मांगी गई कुछ जानकारी प्राप्त नहीं हुई है।



रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के देवदत्त पडिक्कल घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के बाद जिस तरह आईपीएल में बल्लेबाजी कर रहे हैं उसे देखते हुए उन्हें लंबे समय तक भारतीय टीम से बाहर रखना मुश्किल होगा।

– दिनेश कार्तिक


# स्टेडियम

अयोध्या, मंगलवार, 7 अप्रैल 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


**IPL 2026**

**आज के मुकाबले**

राजस्थान रॉयल्स

बनाम

मुंबई इंडियंस

**समय** - शाम 7:30 बजे

# बारिश के कारण पंजाब किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स का मैच रुका

## बार्टलेट ने तीन गेंदों पर दो विकेट लेकर मेजबानों को संघर्ष के लिए मजबूर कर दिया

**कोलकाता, एजेंसी**

कोलकाता नाइट राइडर्स और पंजाब किंग्स के बीच इंडियन प्रीमियर लीग मैच सोमवार को यहां बारिश के कारण रुक गया जब मेजबान टीम 3.4 ओवर में दो विकेट पर 25 रन बनाकर संघर्ष कर रही थी।

हल्की बूंदाबांदी शुरू हुई जो बाद में तेज बारिश में बदल गई। मौजूदा सत्र में पहली जीत की तलाश में जुटे नाइट राइडर्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया लेकिन उन्हें शुरुआत में ही बड़ा झटका लगा जब जेवियर बार्टलेट ने दूसरे ओवर में दो विकेट झटक लिए। बार्टलेट ने सलामी बल्लेबाज फिन एलेन (06) और कैमरन ग्रीन (04) को तीन गेंद के भीतर आउट करके नाइट राइडर्स को दोहरा झटका दिया। दोनों ही बल्लेबाजों ने विकेटकीपर प्रभसिमरन सिंह को कैच थमाए।

ग्रीन 25.20 करोड़ रुपये की कीमत के साथ सबसे महंगे विदेशी खिलाड़ी हैं लेकिन उनका खराब प्रदर्शन जारी रहा। इससे पहले उन्होंने मुंबई इंडियंस के खिलाफ 18 और सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ दो रन बनाए थे। नाइट राइडर्स की टीम अपने शुरुआती दो मैच गंवा चुकी है। बारिश के कारण जब खेल रोका गया तब कप्तान अजिंक्य रहाणे आठ जबकि युवा विकेटकीपर बल्लेबाज अंगकृष रघुवंशी सात रन बनाकर खेल रहे थे। मैच के लिए बॉलीवुड सुपरस्टार और नाइट राइडर्स के सह मालिक शाहरुख खान भी दर्शकों के बीच मौजूद हैं। वह इस सत्र में पहली बार मैच देखने आए थे। संयोग से पिछले सत्र में भी ईडन गार्डन्स में नाइट राइडर्स और पंजाब किंग्स के बीच हुआ मैच (26 अप्रैल को) बारिश की वजह से प्रभावित हुआ था और दोनों टीम को एक-एक अंक बांटना पड़ा था। श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाले पंजाब किंग्स ने चार विकेट पर 201 रन बनाए थे जिसके बाद नाइट राइडर्स ने जब बिना कोई विकेट खोए सात रन बनाए थे तो बारिश आ गई और मैच रद्द हो गया। अगर मैच बारिश की वजह से रद्द हो जाता है तो नाइट राइडर्स को बिना कोई मैच जीते भी अपना खाता खोलने का मौका मिल जाएगा क्योंकि उसे एक अंक मिलेगा।



ईडन गार्डन्स में बारिश की रुकावट के दौरान मैदान से बाहार आते पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर (बाएं)।

**हाईलाइट**

### लीड्स 1987 के बाद पहली बार एफए कप के सेमीफाइनल में

**लंदन।** लीड्स ने दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में दो गोल की बढ़त गंवा दी लेकिन आखिर में वह वेस्ट हैम को पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से हराकर 1987 के बाद पहली बार एफए कप फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाने में सफल रहा। माटेउस फर्नांडिस और एक्सल दिसासी ने 93वें और 96वें मिनट में गोल दागकर वेस्ट हैम को लंदन स्टेडियम में खेले गए मैच में 2-2 से बराबरी पर ला दिया। इससे मैच अतिरिक्त समय तक खिंच गया। क्वार्टर फाइनल के इस मैच में अतिरिक्त समय में वेस्ट हैम के दो गोल ऑफसाइड के कारण रद्द कर दिए गए, जिसके बाद लीड्स ने शूटआउट में जीत हासिल की।

### अदिति संयुक्त 27वें स्थान पर रहीं

**लास वेगास।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक अंतिम दौर में तीन ओवर 75 के स्कोर से यहां अरामको चैंपियनशिप में संयुक्त रूप से 27वें स्थान पर रहीं। अदिति ने अंतिम दौर में चौथे, छठे और 17वें होल में तीन बोगी की जबकि वह एक भी बर्डी नहीं कर पाईं जिससे उनका स्कोर तीन ओवर रहा। अदिति का कुल स्कोर आठ ओवर रहा। प्रणवी उर्स ने अंतिम चार में चार ओवर 76 के स्कोर से कुल 17 ओवर के स्कोर से 66वां स्थान हासिल किया।

**अंक तालिका**

| | टीम | मैच | जीते | हारे | टाई | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 2 | 2 | 0 | 0 | 4 | 2.415 |
| 2. | राजस्थान रॉयल्स | 2 | 2 | 0 | 0 | 4 | 2.233 |
| 3. | दिल्ली कैपिटल्स | 2 | 2 | 0 | 0 | 4 | 1.170 |
| 4. | पंजाब किंग्स | 2 | 2 | 0 | 0 | 4 | 0.637 |
| 5. | सनराइज़र्स हैदराबाद | 3 | 1 | 2 | 0 | 2 | 0.275 |
| 6. | मुंबई इंडियंस | 2 | 1 | 1 | 0 | 2 | -0.206 |
| 7. | लखनऊ सुपर जाएंट्स | 2 | 1 | 1 | 0 | 2 | -0.542 |
| 8. | गुजरात टाएटंस | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | -0.424 |
| 9. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | -1.964 |
| 10. | चेन्नई सुपर किंग्स | 3 | 0 | 3 | 0 | 0 | -2.467 |

**ऑरेंज कैप**



समीर रिजवी
दिल्ली - 160 रन
हेनरिच क्लासेन
हैदराबाद - 145 रन
रोहित शर्मा
मुंबई - 113 रन

**पर्पल कैप**

रवि बिश्नोई
राजस्थान- 5 विकेट
विजयकुमार वैशक
पंजाब- 5 विकेट
जेकब डफी
आरसीबी- 5 विकेट



### मेरे लिए बल्लेबाजी में बुनियादी बदलाव करना आसान नहीं था : पडिक्कल

**बेंगलुरु, एजेंसी।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल ने सफेद गेंद के प्रारूपों में अपने अच्छे प्रदर्शन का श्रेय अपने 'कंफर्ट जोन' (आरामदायक दायरे) से बाहर निकलने और अपनी बल्लेबाजी में बुनियादी बदलाव करने को दिया। देवदत्त ने आईपीएल के पहले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 61 रन बनाने के बाद रविवार को चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ 50 रन बनाए। आरसीबी ने यह मैच 43 रन से जीता। उन्होंने मैच के बाद पत्रकारों से कहा कड़ी मेहनत और आत्मविश्वास के दम पर मुझे इस मुकाम तक पहुंचने में मदद मिली। बल्लेबाजी में बदलाव करना आसान नहीं था क्योंकि क्रिकेट के इस प्रारूप के लिए मुझे अपनी बुनियाद को पूरी तरह से बदलना पड़ा। उन्होंने कहा यह बदलाव मुझे जानबूझकर करना पड़ा और आरसीबी और सहयोगी स्टाफ ने मेरा मार्गदर्शन करके बहुत मदद की। लेकिन क्या टी20 के एक आयामी होने का खतरा है क्योंकि सभी बल्लेबाज अपने पावर हिटिंग कौशल को बेहतर बनाने की कोशिश कर रहे हैं? इस सवाल पर देवदत्त ने कहा मुझे ऐसा नहीं लगता, क्योंकि इस टूर्नामेंट में बल्लेबाजी का स्तर काफी बढ़ गया है। मुझे लगता है कि हर कोई बड़े छक्के और चौके लगाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहा है और अब गेंदबाजों की जिम्मेदारी है कि वे भी उसी राह पर चलते हुए अपने खेल का स्तर ऊपर ले जाएं। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज का मानना है कि गेंदबाज जल्द ही वापसी करेंगे।



# इम्पैक्ट प्लेयर नियम खेल से कौशल को काफी हद तक कर रहा खत्म

**नई दिल्ली, एजेंसी**


- दिल्ली कैपिटल्स के तेज गेंदबाज काइल जैमीसन ने भी की आलोचना



दिल्ली कैपिटल्स के तेज गेंदबाज काइल जैमीसन ने भी कई अन्य खिलाड़ियों की तरह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के विवादास्पद इम्पैक्ट प्लेयर नियम की आलोचना करते हुए सोमवार को कहा कि इससे खेल का कौशल काफी हद तक खत्म हो रहा है। कई मौजूदा और पूर्व क्रिकेटरों ने इस नियम पर चिंता व्यक्त की है, जिससे टीम मैच के दौरान किसी भी समय पांच खिलाड़ियों की सूची में से एक खिलाड़ी को अंतिम एकादश में शामिल किसी अन्य खिलाड़ी की जगह मैदान पर उतार सकते हैं। कुछ खिलाड़ी इस नियम को ऑलराउंडर के विकास में बाधा मानते हैं जबकि कुछ का मानना है कि इससे खेल का पलड़ा बल्लेबाजों के पक्ष में झुक जाता है क्योंकि टीमें अब आठवें नंबर पर एक अतिरिक्त बल्लेबाज होने के कारण शुरू से लेकर आखिर तक आक्रामक अंदाज में खेल सकती हैं।

जैमीसन ने गुजरात टाइटन्स और दिल्ली कैपिटल्स के मैच से पहले यहां पत्रकारों से कहा निजी तौर पर मैं इस नियम का समर्थक नहीं हूं। मुझे लगता है कि इससे खेल में कौशल का महत्व काफी हद तक कम हो जाता है। उन्होंने कहा मुझे लगता है कि अगर आप नौवें या दसवें नंबर तक बल्लेबाज रख सकते हैं तो फिर आपको उस तरह के बल्लेबाजी कौशल की जरूरत नहीं पड़ेगी जो शायद आपको पहले की तरह चाहिए होती थी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने 2023 में यह नियम लागू किया था और यह 2027 तक बना रहेगा। इसके बाद इस नियम की समीक्षा की जाएगी। जैमीसन ने कहा मुझे लगता है कि इसका असर ऑलराउंडर पर पड़ रहा है। इससे ऐसे खिलाड़ी प्रभावित हो रहे हैं जो गेंदबाजी और बल्लेबाजी दोनों कर सकते हैं और टीम को संतुलन प्रदान कर सकते हैं। इस नियम से खेल से इस कौशल का महत्व थोड़ा कम हो जाता है। न्यूजीलैंड के इस तेज गेंदबाज ने कहा कि आईपीएल के अलावा दुनिया की किसी भी बड़ी लीग में इम्पैक्ट प्लेयर नियम का उपयोग नहीं किया जाता। उन्होंने कहा दुनिया भर में या अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में आपको बहुत कम ही ऐसी जगहें देखने को मिलेंगी जहां इम्पैक्ट प्लेयर का नियम लागू होता है। इसके पीछे कोई अच्छा कारण ही होगा। जैमीसन को दिल्ली कैपिटल्स की तरफ से वर्तमान सत्र में अभी तक खेलने का मौका नहीं मिला है क्योंकि टीम केवल चार विदेशी खिलाड़ियों को मैदान में उतार सकती हैं।

# राजस्थान की आक्रामकता से मुंबई को रहना होगा सतर्क



अभ्यास करते राजस्थान रॉयल्स के धाकड़ बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी। एजेंसी

**गुवाहाटी, एजेंसी**

पिछले मैच में हार के बाद वापसी के लिए प्रतिबद्ध मुंबई इंडियंस को उम्मीद होगी कि कप्तान हार्दिक पंड्या पूरी तरह से फिट होकर राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मंगलवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में खेलेंगे।

हार्दिक अस्वस्थ होने के कारण दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पिछले मैच में नहीं खेल पाए थे जिसमें उनकी टीम को छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। हार्दिक की अनुपस्थिति में भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने अगुवाई की थी, लेकिन टीम को हार्दिक के ऑलराउंड खेल की कमी महसूस हुई। हार्दिक की अनुपस्थिति के कारण टीम संयोजन में भी फेरबदल करना पड़ा। उनकी जगह टीम में शामिल किए गए दीपक चाहर ने सधी हुई गेंदबाजी की, लेकिन अनुभवी तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट की जगह कॉर्बिन बॉश को लाने का फैसला उल्टा पड़ गया, क्योंकि दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाज ने जमकर रन लुटाए। इसके बाद हार्दिक ने अभ्यास शुरू कर दिया है जिससे कि उनकी वापसी की संभावना मजबूत बन गई है। पहले मैच में गेंदबाजी में शानदार प्रदर्शन करने वाले शार्दुल ठाकुर पिछले मैच में महंगे साबित हुए, वहीं हमेशा भरोसेमंद रहने वाले जसप्रीत बुमराह किफायती तो रहे हैं लेकिन इस सत्र में अभी तक विकेट नहीं ले पाए हैं। स्पिन विभाग में मिचेल सैंटनर ने अफगानिस्तान के मिस्ट्री स्पिनर अल्लाह ग़ज़नफ़र की जगह टीम में अपने चयन को सही साबित किया और संभावना है कि वह अपना स्थान बरकरार रखेंगे।

**टीम**

**राजस्थान रॉयल्स :** रियान पराग (कप्तान), ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, लुआन-ड्रे प्रिटोरियस, रवि सिंह, अमन पेराला, शिमरोन हेटमायर, शुभम दुबे, वैभव सूर्यवंशी, यशस्वी जयसवाल, रवींद्र जड़ेजा, एडम मिल्ने, ब्रिजेश शर्मा, जोफ्रा आर्चर, कुलदीप सेन, क्वेना मफाका, नांद्रे बर्गर, रवि बिश्नोई और संदीप शर्मा।

**मुंबई इंडियंस :** हार्दिक पंड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, क्विंटन डीकॉक, मिचेल सेंटनर, शार्दुल ठाकुर, तिलक वर्मा, अश्विनी कुमार, ट्रेंट बोल्ट, जसप्रीत बुमराह, दीपक चाहर, एएम गजनफर, मयंक मार्कंडेय, दानिश मालेवार, रॉबिन मिंज, रयान रिकेल्टन, शेरफेन रदरफोर्ड, कॉर्बिन बॉश, विल जैक्स।

### राजस्थान का शीर्ष क्रम कर रहा अच्छा प्रदर्शन

राजस्थान के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों ने अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है। राजस्थान की टीम ने अभी तक आक्रामक रवैया अपनाया है और मुंबई को उस सतर्क रहने की जरूरत होगी। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी ने टीम को विस्फोटक शुरुआत दी है, जिसके बाद ध्रुव जुरेल ने लय कायम रखी है। कप्तान रियान पराग ने अभी तक बल्ले से कोई खास योगदान नहीं दिया है, लेकिन उन्हें अपने नेतृत्वकौशल से आत्मविश्वास मिलेगा। उन्होंने अब तक कप्तानी से प्रभावित किया है। डेथ ओवरों में लिए गए उनके रणनीतिक फैसलों से जिसके कारण रॉयल्स ने गुजरात टाएटंस पर रोमांचक जीत दर्ज की थी।

**जताई चिंता**

**पूर्व दिग्गज अश्विन सीएसके की लगातार तीसरी हार पर बोले-कार्यशैली बदलने की जरूरत**

# चेन्नई को युवा खिलाड़ियों में आत्मविश्वास जगाने की जरूरत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय स्पिन के दिग्गज रविचंद्रन अश्विन ने कहा है कि आईपीएल के वर्तमान सत्र में लगातार तीसरी हार झेलने वाली चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की टीम को अपने युवा खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने और अच्छी कार्यशैली अपनाने की जरूरत है।

सीएसके को रविवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के हाथों 43 रन से हार का सामना करना पड़ा। उसे अभी तक अपने तीनों मैच में हार मिली है और वह अंकतालिका में सबसे निचले स्थान पर है। अश्विन ने कहा मुझे यकीन है कि ड्रेसिंग रूम का माहौल काफी तनावपूर्ण होगा। मुझे ठीक से नहीं पता कि शब्द कितने कठोर हो सकते हैं, लेकिन ईमानदारी से कहूं तो इतनी युवा टीम के साथ आगे बढ़ने का सिर्फ एक ही रास्ता है और वह है अतीत को पीछे छोड़कर अपने खेल का स्तर ऊंचा करना। इसके लिए उसे मजबूत कार्यशैली और टीम के अंदर अच्छा माहौल तैयार करना होगा। मुझे यकीन है कि आरसीबी से मिली इस करारी हार के बाद चेन्नई के ड्रेसिंग रूम में बेहद निराशा का माहौल होगा। भारत के पूर्व स्पिनर ने कहा कि युवा खिलाड़ियों से जवाबदेही की उम्मीद करना उचित नहीं है। अश्विन ने कहा आरसीबी के हाथों सीएसके की हार को शब्दों में बयां करना बहुत मुश्किल है। आरसीबी और सीएसके का मुकाबला आईपीएल के सबसे चर्चित मुकाबलों में से एक माना जाता है। उन्होंने कहा सीएसके की टीम में कुछ कमियां हैं। उसकी टीम में कई अनुभवहीन खिलाड़ी हैं। हम उनसे जवाबदेही की उम्मीद नहीं कर सकते। वे उस उम्र में हैं जहां उन्हें मैदान पर उतरकर क्रिकेट का आनंद लेना चाहिए। आप उन पर सीएसके जैसी फ्रेंचाइजी की विरासत को आगे बढ़ाने का दबाव नहीं डाल सकते। इस बीच दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान फाफ डुप्लेसी ने भारत के टी20 विश्व कप हीरो संजू सैमसन का समर्थन करते हुए कहा कि शुरुआती तीन मैचों में अच्छा प्रदर्शन न कर पाने के बावजूद वह वापसी करने में सफल रहेंगे। डुप्लेसी ने कहा अगर आप सीएसके की बल्लेबाजी पर गौर करें तो वह काफी अच्छी है।

कप्तान रुतुराज गायकवाड ने हमेशा खुद को साबित किया है। संजू सैमसन एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं। उन्होंने कहा इसके अलावा उनके शीर्ष क्रम में आयुष म्हात्रे जैसा एक बेहद प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ी है, जिसने अपने छोटे से आईपीएल करियर में अब तक असाधारण प्रदर्शन किया है।



### थोड़ा और खेलने की थी इच्छा

**चेन्नई।** भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने खुलासा किया है कि अगर वह चेन्नई सुपर किंग्स की तरफ से खेलते हुए मानसिक रूप से परेशान करने वाले और 'पीड़ादायक' दौर से नहीं गुजरे होते तो वह इंडियन प्रीमियर लीग में थोड़ा और समय तक खेल सकते थे। अश्विन ने 2024 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। इसके बाद उन्होंने पिछले साल आईपीएल को भी अलविदा कह दिया था। इस स्टार स्पिनर ने अपने यूट्यूब चैनल 'ऐश की बात' में कहा कि उन्होंने फ्रेंचाइजी को उनके भविष्य के बारे में फैसला करने की दुविधा से बचाने के लिए आईपीएल से संन्यास लेने का फैसला किया।

# भारत बिली जीन किंग कप के प्लेऑफ में जगह बनाने की दौड़ में

**नई दिल्ली, एजेंसी**



टेनिस खिलाड़ी सहजा यमलापल्ली, अंकिता रैना, कैप्टन विशाल उप्पल, ज़ील देसाई, रुतुजा भोसले और वैष्णवी अडकर (बाएं से) एजेंसी

भारत 2026 के प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने के लक्ष्य के साथ मंगलवार से यहां डीएलटीए कॉम्प्लेक्स में होने वाले बिली जीन किंग कप (बीजेकेसी) टेनिस टूर्नामेंट के एशिया-ओशिनिया ग्रुप एक के मुकाबलों में परिचित परिस्थितियों और घरेलू समर्थन का भरपूर लाभ उठाने की कोशिश करेगा। भारत को हालांकि प्रतिभाशाली श्रीवल्ली भामिदिपति के हटने से झटका लगा है।

इंडोनेशिया, कोरिया, मंगोलिया, न्यूजीलैंड और थाईलैंड की मौजूदगी में भारतीय टीम को कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। इस टूर्नामेंट में शीर्ष पर रहने वाली दो टीमें ही आगे बढ़ेंगी, जबकि सबसे नीचे की दो टीमें 2027 के लिए ग्रुप दो में खिसक जाएंगी। भारत का बेंगलुरु में 2025 प्लेऑफ में निराशाजनक प्रदर्शन रहा था। वह तब तीन टीमों के ग्रुप जी में तीसरे स्थान पर रहा था। मेजबान टीम को स्लोवेनिया से 1-2 और नीदरलैंड से 0-3 की हार का सामना करना पड़ा, हालांकि नवोदित खिलाड़ी श्रीवल्ली और सहजा यमलापल्ली ने अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया था। भारत की तरफ से अब एकल में पूरी जिम्मेदारी सहजा और वैष्णवी अडकर पर आ गई है। अनुभवी खिलाड़ी अंकिता रैना से युगल मुकाबलों में अच्छी प्रदर्शन की उम्मीद की जा रही है जहां वह रुतुजा भोसले के साथ मिलकर चुनौती पेश करेगी। अगर कप्तान विशाल उप्पल टूर्नामेंट के दौरान अंकिता को एकल खेलने के लिए भी कहें तो यह कोई आश्चर्य की बात नहीं होगी।